

किसी भी तरह के
विज्ञापन एवं समाचार
के लिए संपर्क करें मो0:
9891706853

दैनिक
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 3 अंकः 202 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 06 मई 2025 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


# दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत, आईएमएफ की रिपोर्ट में हुआ बड़ा दावा, जापान होगा पीछे

**भारत 2027 तक 5 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनेगा. IMF की रिपोर्ट के अनुसार, 2028 तक भारत की जीडीपी 5.58 ट्रिलियन डॉलर होगी, जबकि जर्मनी की जीडीपी 5.25 ट्रिलियन डॉलर रहेगी.**

नई दिल्ली. भारत इस साल जापान को पछाड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी इकोनॉमी बन जाएगा. इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड यानी IMF की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, जापान की नॉमिनल जीडीपी वित्त वर्ष 26 में 4.186 ट्रिलियन डॉलर की रह जाएगी जबकि भारत की जीडीपी के बढ़कर 4.187 ट्रिलियन डॉलर होने की उम्मीद है.
पिछले साल भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया था. इस वित्तीय वर्ष में अब इसके चौथी




सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है. इसी तरह अगले तीन साल में भारत जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा. 2028 तक भारत की जीडीपी बढ़कर 5.584 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है जबकि इस समय तक जर्मनी की जीडीपी केवल 5.251 ट्रिलियन डॉलर रह जाने का अनुमान जताया जा रहा है. भारत 2027 में ही 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बन जाएगा और इसकी जीडीपी 5.069 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी.

# 7 मई को बजेंगे सायरन...

**अटैक में बचने का तरीका सीखेंगे लोग, गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों को दिए मॉक ड्रिल के आदेश**

नई दिल्लीः गृह मंत्रालय ने 7 मई को पूरे देश में नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल का आदेश दिया है. पहलगाम आतंकी हमले के बाद यह निर्णय लिया गया है. भारत और पाकिस्तान के बीच मौजूदा तनाव अब सिर्फ कूटनीतिक या सैन्य मोर्चे तक सीमित नहीं रहा. अब आम जनता को भी तैयार किया जा रहा है, ताकि किसी भी आकस्मिक हमले या आपात स्थिति में वे खुद को सुरक्षित रख सकें. गृह मंत्रालय ने 7 मई को पूरे देश में नागरिक सुरक्षा से जुड़ी मॉक ड्रिल कराने का आदेश दिया है. यह निर्णय हालिया पहलगाम आतंकी हमले, सिंधु जल समझौते को सस्पेंड करने और पाकिस्तान के आक्रामक बयानों के बाद लिया गया है.
गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आदेश जारी किया है कि 7 मई को पूरे देश में मॉक ड्रिल कराई जाए. इस मॉक ड्रिल का मकसद आम लोगों, स्कूली बच्चों और नागरिकों को यह सिखाना है कि अगर दुश्मन देश की ओर से हमला होता है तो खुद को कैसे बचाया जाए.
एयर रेड सायरन की टेस्टिंगः दुश्मन हमले के समय चेतावनी देने वाले सायरनों की जांच और एक्टिवेशन होगा. सिविल डिफेंस ट्रेनिंगः आम लोगों को सिखाया जाएगा कि वे हमले के वक्त कैसे सुरक्षित रहें. ब्लैकआउट की व्यवस्थाः हमले के वक्त रोशनी पूरी तरह बंद करने की ट्रेनिंग दी जाएगी. कैमोफ्लाज की तैयारीः देश के महत्वपूर्ण प्लांट्स और ठिकानों को छिपाने की तकनीक अपनाई जाएगी.



इवैक्यूएशन प्लानः आपात स्थिति में लोगों को निकालने की योजना को अपडेट किया जाएगा और उसका अभ्यास भी होगा.

### पाकिस्तान को जवाब देने के लिए भारत की पूरी तैयारी

भारत ने इस बार पाकिस्तान को जवाब देने के लिए सभी मोर्चों पर काम शुरू कर दिया है. जहां एक तरफ सिंधु जल समझौते को निलंबित कर दिया गया है, वहीं चिनाब नदी पर बने बगलिहार डैम से पाकिस्तान की ओर जाने वाले पानी के बहाव को 90% तक कम कर दिया गया है. अब झेलम पर किशनगंगा परियोजना से भी पानी रोका जाएगा. इससे साफ संकेत मिलता है कि भारत अब सिर्फ बैठकर हमलों का इंतजार नहीं कर रहा, बल्कि सक्रिय मोड में आ चुका है. मॉक ड्रिल सिर्फ सुरक्षा एजेंसियों की नहीं, बल्कि आम लोगों की भी मानसिक और भौतिक तैयारी का हिस्सा बन रही है.

# वन दिल्ली, वन नंबरः परवेश वर्मा का बड़ा ऐलान अब दिल्लीवासियों के लिए एकीकृत हेल्पलाइन नंबर 311

मुख्य संवाददाता/ सुषमा रानी

नई दिल्ली, 5 मईः मानसून से पहले दिल्ली सरकार ने जनता की सुविधा के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। राजधानी में अब NDMC, MCD, DDA, PWD, जल बोर्ड और फ्लड विभाग से जुड़ी सभी नागरिक सेवाओं की शिकायतें एक ही नंबर 311 पर दर्ज की जा सकेंगी। इस एकीकृत हेल्पलाइन नंबर की घोषणा आज PWD मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने NDMC के कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का निरीक्षण करने के बाद की।
मंत्री ने कहा, "वन दिल्ली, वन नंबर – यही हमारा लक्ष्य है। अब लोगों को यह सोचने की जरूरत नहीं कि समस्या किस विभाग की है। नागरिक केवल 311 पर कॉल करें और उनकी शिकायत संबंधित विभाग तक तुरंत पहुंचा दी जाएगी।"
यह नई व्यवस्था खासतौर से मानसून सीजन को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। जलभराव, टूटी सड़कें, बंद नाले या ओवरफ्लो सीवर जैसी समस्याओं से जूझ रहे लोगों को अब किसी विभाग के चक्कर नहीं काटने होंगे।
PWD मंत्री ने बताया कि अगले दो से तीन दिनों के भीतर सभी संबंधित विभागों की संयुक्त बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें कमांड सेंटर की संचालन प्रणाली,



विभागों के प्रतिनिधियों की प्रतिनियुक्ति, जवाबदेही तंत्र और तकनीकी एकीकरण पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

### CCTV से होगी संवेदनशील स्थानों की निगरानी

वर्मा ने बताया कि ऐसे सभी स्थान, जो मानसून के दौरान जलभराव की दृष्टि से संवेदनशील माने जाते हैं और जहाँ अभी तक सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं, वहां जल्द ही कैमरे लगाए जाएंगे। इससे समस्या की पहचान रियल-टाइम में हो सकेगी और संबंधित विभाग तुरंत मौके पर कार्रवाई कर सकेंगे।
उन्होंने कहा, "जलभराव जैसी समस्याओं का समाधान मौके पर तुरंत हो, इसके लिए तकनीक का इस्तेमाल जरूरी है। CCTV कैमरों और लाइव मॉनिटरिंग के जरिए हमारी टीमें तेजी से प्रतिक्रिया दे सकेंगी।"

### एकीकृत कमांड सेंटर की भूमिका

प्रवेश वर्मा ने NDMC स्थित कंट्रोल एंड कमांड सेंटर की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए बताया कि इस सेंटर को अब दिल्ली के सभी प्रमुख विभागों का साझा केंद्र बनाया जा रहा है। मानसून के दौरान यह सेंटर 24x7 काम करेगा और हर शिकायत की रियल-टाइम ट्रैकिंग और समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। सभी विभागों के मॉनिटरिंग अधिकारी एक ही जगह बैठकर आपस में समन्वय बनाएंगे।

### पंपिंग स्टेशनों का होगा ऑटोमेशन

मंत्री ने यह भी जानकारी दी कि दिल्ली में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए सभी पंपिंग स्टेशनों को ऑटोमेटिक सिस्टम से जोड़ा जा रहा है। इससे जल निकासी तेज होगी और फील्ड टीमों को हर स्तर पर टेक्नोलॉजिकल सपोर्ट मिलेगा।

### जनता को सुविधा मिले, यही उद्देश्य

PWD मंत्री ने कहा कि यह पूरी व्यवस्था इस सोच के साथ बनाई जा रही है कि "जनता को किसी भी समस्या के लिए विभागों के बीच भटकना न पड़े।" उन्होंने स्पष्ट किया कि "हमारा उद्देश्य सिर्फ शिकायत दर्ज कराना नहीं, उसका समाधान समय पर सुनिश्चित करना है।"
इस पहल से न केवल शिकायतों का त्वरित निस्तारण होगा, बल्कि प्रशासनिक जवाबदेही भी बढ़ेगी। अब हर शिकायत एक सिस्टम में दर्ज होगी, उसकी मॉनिटरिंग होगी और जवाबदेह अधिकारी की पहचान भी तय होगी।

### आने वाले दिनों में बड़ा बदलाव

"311" हेल्पलाइन और साझा कमांड सेंटर के माध्यम से दिल्ली सरकार नागरिक सेवाओं के डिजिटलीकरण, पारदर्शिता और कुशल सेवा वितरण के मॉडल को मजबूत कर रही है। यह पहल मानसून के दौरान दिल्लीवासियों को राहत देने के साथ-साथ भविष्य की स्मार्ट सिटी अवधारणा की दिशा में भी अहम कदम साबित होगी।

# सोना हुआ सस्ता

सोने का आज का भावः सोमवार को शुरूआती कारोबार के दौरान सोने की कीमत में गिरावट देखने को मिल रही है और 24 कैरेट सोना 95,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बिक रहा है. इसी तरह गुड रिटर्न्स वेबसाइट के मुताबिक चांदी भी करीब 100 रुपये फिसलकर 97,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर सोने की कीमतों में गिरावट

चांदी की बात करें तो दिल्ली, कोलकाता और मुंबई में यह 97,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर बिक रही है। चेन्नई में चांदी 1,08,900 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बिक रही है। सोमवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतों में तेजी के पीछे डॉलर का कमजोर होना वजह है। इसके साथ ही निवेशक अभी भी अमेरिका और उसके व्यापारिक साझेदार देशों के बीच और स्पष्टता के साथ-साथ इस सप्ताह आने वाली फेडरल रिजर्व बैंक की नीति का इंतजार कर रहे हैं।आ गई है. वहीं अगर 22 कैरेट सोने की बात करें तो यह 87,540 रुपये के भाव पर बिक रहा है. मुंबई, कोलकाता और चेन्नई में 24 कैरेट सोना 95,500 रुपये पर कारोबार कर रहा है. वहीं, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 95,650 रुपये है. मुंबई में भी बेंगलुरु, चेन्नई और हैदराबाद की तरह ही 22 कैरेट सोना 87,540 रुपये के भाव पर बिक रहा है.

# पाक ने सिख सैनिकों को निशाना बनाकर शुरू किया दुष्प्रचार अभियान

पहलगाम आतंकी हमले पर आसन्न दंडात्मक कार्रवाई को




भांपते हुए, पाकिस्तान ने भ्रम फैलाने और भारतीय सशस्त्र बलों के बीच सांप्रदायिक कलह पैदा करने के लिए बड़े पैमाने पर ऑनलाइन दुष्प्रचार अभियान शुरू किया है, जिसमें विशेष रूप से सिख सैनिकों को निशाना बनाया गया है ।जब से भारत ने 24 अप्रैल को पाकिस्तान के खिलाफ कई कूटनीतिक उपायों की घोषणा की है, तब से सैकड़ों पाकिस्तानी सोशल मीडिया अकाउंट भारतीय सेना के भीतर विकास के बारे में मनगढ़ंत कहानियाँ प्रसारित कर रहे हैं। फर्जी दावों की श्रृंखला में नवीनतम दावा भारतीय सरकार के खिलाफ सिख सैनिकों द्वारा विद्रोह का है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने अगले सीबीआई निदेशक की नियुक्ति के लिए राहुल गांधी और सीजेआई संजीव खन्ना के साथ उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को सीबीआई निदेशक की नियुक्ति के लिए समिति की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें राहुल गांधी और भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना भी शामिल हुए। यह बैठक अगले सीबीआई निदेशक की नियुक्ति के लिए चर्चा के संबंध में थी और नई दिल्ली में प्रधानमंत्री कार्यालय में आयोजित की गई थी। सीबीआई निदेशक का चयन करने के लिए जिम्मेदार समिति में प्रधानमंत्री, भारत के मुख्य न्यायाधीश और लोकसभा में विपक्ष के नेता शामिल हैं।

# नकदी विवादः सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त जांच पैनल ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ आरोपों पर रिपोर्ट सौंपी

समाज जागरण

न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय समिति ने इस विवाद पर अपनी रिपोर्ट भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना को सौंप दी है।
न्यायमूर्ति वर्मा उस समय विवादों में आ गए थे, जब 14 मार्च को राष्ट्रीय राजधानी में उनके आधिकारिक बंगले से जुड़े स्टोररूम में जली हुई नकदी का एक बड़ा ढेर मिला था। उस समय वहां आग बुझाने के लिए दमकल की गाड़ियां गई थीं।
इस विवाद और वकीलों के कई विरोध प्रदर्शनों के बाद, उन्हें इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां





उन्होंने अप्रैल में न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। हालांकि, सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार, उन्हें कोई न्यायिक कार्य नहीं सौंपा जाएगा।
सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार (5 मई) को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, "पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति शील नागू, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जी.एस. संधावालिया और कर्नाटक उच्च न्यायालय की न्यायाधीश न्यायमूर्ति अनु शिवरामन की तीन सदस्यीय समिति, जो वर्तमान न्यायाधीश न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ आरोपों की जांच करने के लिए गठित की गई थी, ने 03.05.2025 की अपनी रिपोर्ट 04.05.2025 को भारत के मुख्य न्यायाधीश को सौंप दी है।"

न्यूज एजेंसी

# ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स कंपनियों के खिलाफ कैट का राष्ट्रव्यापी आंदोलन

**व्यापारी ई-कॉमर्स कंपनियों के विरुद्ध तीव्र आंदोलन के मूड में**



नई दिल्ली : कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट), जो देशभर के 9 करोड़ से अधिक छोटे व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करता है, ने 16 से 18 मई 2025 तक नई दिल्ली और उत्तर प्रदेश के वृंदावन में एक निर्णायक तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन की घोषणा की है। इस सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से 100 से अधिक शीर्ष व्यापारिक नेता भाग लेंगे। इसका उद्देश्य विदेशी निवेशित अमेजन, फ्लिपकार्ट, ब्लिंकिट, स्विगी इंस्टामार्ट, जेप्टो और अन्य प्रमुख ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स कंपनियों की कथित अनैतिक और अवैध प्रथाओं के खिलाफ राष्ट्रव्यापी आंदोलन की रणनीति बनाना और उसे सक्रिय करना है।

### मुख्य आरोपः

- एफडीआई का दुरुपयोगः कैट का आरोप है कि इन कंपनियों ने विदेशी प्रत्यक्ष निवेश का उपयोग बुनियादी ढांचे के विकास के बजाय घाटे की भरपाई और चुनिंदा विक्रेताओं के माध्यम से गहरे छूट देने के लिए किया है, जो FDI मानदंडों का उल्लंघन है।
- नियामक उल्लंघनः ये प्लेटफॉर्म प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 का उल्लंघन करते हुए विशेष समझौतों में प्रवेश कर रहे हैं, मूल्य निर्धारण में हेरफेर कर रहे हैं, और उपभोक्ताओं से महत्वपूर्ण जानकारी छिपा रहे हैं, जिससे बाजार प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ता विकल्प सीमित हो रहे हैं।
- डार्क स्टोर्स की स्थापनाः देश भर में डिलीवरी के लिए कई "डार्क स्टोर्स" का संचालन FDI नीतियों का सीधा उल्लंघन है, जो ई-कॉमर्स संस्थाओं को इन्वेंट्री बनाए रखने और खुदरा आउटलेट स्थापित करने से प्रतिबंधित करती हैं।

**कैट का दृष्टिकोणः**

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बी. सी. भारतीया ने कहा, "ये कॉमर्स प्लेटफॉर्म आधुनिक युग की ईस्ट इंडिया कंपनी से कम नहीं हैं। इनका उद्देश्य छोटे किराना और खुदरा दुकानों को समाप्त करके बाजार पर प्रभुत्व स्थापित करना है, जिससे भारत के 3 करोड़ से अधिक किराना दुकानों की आजीविका खतरे में है।" कैट के चेयरमैन श्री बृज मोहन अग्रवाल ने बताया कि कैट ने पहले ही एक व्यापक श्वेत पत्र प्रस्तुत किया है, जिसमें इन चिंताओं को उजागर किया गया है और तत्काल नियामक हस्तक्षेप की मांग की गई है। संगठन का जोर है कि इन विदेशी वित्तपोषित कंपनियों की अनियंत्रित वृद्धि भारत के छोटे खुदरा पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा है। उन्होंने बताया कि 16 मई को नई दिल्ली में एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा और 17 एवं 18 मई को वृंदावन में एक चिंतन शिविर आयोजित किया गया है, जहां देश भर के व्यापारिक नेता इन कंपनियों के खिलाफ आंदोलनात्मक कार्यक्रम तय करेंगे, जो देश के 500 से अधिक शहरों में आयोजित किए जाएंगे। आंदोलन की रूपरेखा चिंतन शिविर में तय की जाएगी। सम्मेलन का समापन एक एकीकृत कार्रवाई की अपील के साथ होगा, जिसमें इन ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स कंपनियों से या तो भारतीय कानूनों और निष्पक्ष व्यापार प्रथाओं का पालन करने या भारतीय बाजार से बाहर निकलने की मांग की जाएगी।

# सामूहिक विवाह योजना में 66 जोड़ो का हुआ विवाह

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी।। स्थानीय ब्लॉक पिंडरा में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 66 जोड़ों का सामूहिक विवाह विधिपूर्वक संपन्न हुआ जिसमें विकास खण्ड पिंडरा के 32 एवं विकास खण्ड बड़ागांव के 34 जोड़े शामिल थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पिंडरा विधान सभा के विधायक, डॉ अवधेश सिंह और बीडीओ बड़ागांव राजेश कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया ।विधायक डॉ अवधेश सिंह ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारंभ कर समस्त जोड़ों को आशीर्वाद दिया और सरकार की विभिन्न



कल्याणकारी योजनाओं से अच्छादित करने हेतु निर्देश दिया। कार्यक्रम का संचालन एडीओ समाज कल्याण बड़ागांव अर्पित श्रीवास्तव एवम एडीओ समाज कल्याण पिंडरा मोनिश खान ने किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष भाजपा पवन सिंह, पिंडरा तहसील बार के महामंत्री सुधीर सिंह,खण्ड विकास अधिकारी पिंडरा डॉ छोटे लाल तिवारी, खण्ड विकास अधिकारी बड़ागांव राजेश सिंह, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी दिलीप दूबे, एडीओ पंचायत अशोक चौबे, ग्राम प्रधान रोह, ओदार, नेहिया एवं समस्त कर्मचारी अधिकारीगण उपस्थित थे।

# कांग्रेस अपने इस नेता को क्यों शक की नजर से देखती है

**अजय कुमार,लखनऊ**

क्या कांग्रेस के दिग्गज नेता शशि थरूर अपनी पार्टी से नाराज चल रहे हैं। यह सवाल इस लिये उठ रहा है क्योंकि थरूर कई बार पार्टी की लाइन से हटकर बयान दे रहे हैं। कांग्रेस में जब अध्यक्ष पद के लिये चुनाव हुआ थो तो भी शशि थरूर ने गांधी परिवार की नाराजगी की चिंता किये बिना कांग्रेस अध्यक्ष पद के दावेदार मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ चुनाव मैदान में ताल ठोकी थी,यह बात गांधी परिवार को काफी बुरी थी लगी थी,इसी लिये कांग्रेस में थरूर को अब शक की नजर से देखा जाता है।

खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनके रिश्ते कुछ ज्यादा ही मिठास भरे नजर आ रहे हैं। जब भी दोनों नेता कहीं मिलते हैं या लोकसभा में आमना-सामना होता है भी अक्सर प्रधानमंत्री मोदी इस दिग्गज कांग्रेस नेता को सम्बोधित करते नजर आते हैं। ऐसा ही कुछ केरल के विझिंजम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह के उद्घाटन के दौरान देखने को मिला जब जब सांसद शशि थरूर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक ही मंच पर दिखाई दिए। दोनों ने एक-दूसरे गरम जोशी से स्वागत किया। इस दृश्य ने न केवल स्थानीय राजनीति को बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस की नींदें उड़ा दीं। एक ओर प्रधानमंत्री मोदी का व्यंग्यात्मक अंदाज, दूसरी ओर थरूर की सहज आत्मीयता, इस पूरे प्रसंग को सामान्य शिष्टाचार से कहीं ज्यादा बड़ा राजनीतिक संकेत बना गई।

गौरतलब हो शशि थरूर कोई साधारण सांसद नहीं हैं। अंतरराष्ट्रीय अनुभव, संयुक्त राष्ट्र में लंबी सेवा, शानदार वक्तृत्व कला और साहित्यिक पृष्ठभूमि उन्हें एक ऐसा राजनेता बनाती है जो भीड़ में अलग दिखते हैं। लेकिन कांग्रेस पार्टी के भीतर उनका व्यक्तित्व अक्सर असहजता पैदा करता रहा है। उनके स्पष्ट विचार, खुले मंचों पर सरकार की तारीफ और खुद को पार्टी लाइन से ऊपर रखने की प्रवृत्ति उन्हें अक्सर ह्यअपनोंह्न के बीच ही अजनबी बना देती है। विझिंजम पोर्ट कार्यक्रम में उनकी मौजूदगी तो एक सांसद की भूमिका के तहत थी, लेकिन जिस तरह उन्होंने प्रधानमंत्री से गर्मजोशी से हाथ मिलाया, तस्वीरें साझा कीं और फिर सोशल मीडिया पर गर्व के साथ लिखा कि उन्हें इस परियोजना से शुरू से जुड़ने का सौभाग्य मिला है यह सब कुछ कांग्रेस को चुभने के लिए काफी था।

राजनीति में जो चीजें नजर आती हैं, वे उतनी महत्वपूर्ण नहीं होतीं, जितनी कि उनके पीछे छिपे संदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस कला के उस्ताद हैं। मंच से उन्होंने व्यंग्य के लहजे में कहा कि यह आयोजन कई लोगों की नींद हराम कर देगा। उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन उनके संकेत स्पष्ट थे। राहुल गांधी, जो अक्सर प्रधानमंत्री की विदेश नीति और नेतृत्व शैली की कटु आलोचना करते हैं, वहीं उनके ही पार्टी सहयोगी थरूर मंच पर खड़े होकर इस ऐतिहासिक क्षण में प्रधानमंत्री का समर्थन करते दिखे। यह विरोधाभास कांग्रेस के लिए एक सियासी संकट बनता जा रहा है।

शशि थरूर की प्रधानमंत्री मोदी के साथ बढ़ती श्सार्वजनिक नजदीकियोंश की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी वे रूस-यूक्रेन युद्ध के मसले पर भारत की नीति की सराहना कर चुके हैं। थरूर ने स्वीकार किया था कि उन्होंने पहले इस नीति की आलोचना की थी लेकिन बाद में यह मानना पड़ा कि मोदी सरकार ने कूटनीतिक संतुलन बेहतरीन तरीके से साधा। उन्होंने यहां तक कहा कि जब प्रधानमंत्री ने दो सप्ताह के भीतर रूस और यूक्रेन दोनों के राष्ट्रपतियों से मुलाकात की और दोनों ने भारत को सम्मान दिया, तो वह क्षण गर्व का था। यह बयान कांग्रेस की आधिकारिक विदेश नीति आलोचना के बिल्कुल विपरीत था।

भाजपा को थरूर के इस बदले रुख में संभावनाएं दिख रही हैं। पार्टी के वरिष्ठ नेता और आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने तंज कसा कि प्रधानमंत्री को अब नए आलोचकों की जरूरत है क्योंकि पुराने अब उनके प्रशंसक बनते जा रहे हैं। एक और भाजपा नेता बैजयंत जय पांडा ने शशि थरूर के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा था कि वे और थरूर अब एक ही दिशा में यात्रा कर रहे हैं। शशि थरूर ने इस पर हल्के-फुल्के अंदाज में प्रतिक्रिया दी लेकिन यह संकेत कई लोगों के लिए बहुत गंभीर था।

थरूर की यह छवि कांग्रेस के भीतर लगातार चर्चा का विषय रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेता भले सार्वजनिक रूप से कुछ न कहें, लेकिन निजी तौर पर यह चिंता जरूर जताई जाती रही है कि थरूर अपनी स्वतंत्र सोच को पार्टी लाइन से ऊपर रख रहे हैं। जब हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद खुफिया तंत्र की आलोचना हो रही थी, तब थरूर ने कहा कि किसी देश की खुफिया एजेंसी सौ फीसदी प्रभावी नहीं हो सकती और उन्होंने इजरायल का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां भी चूक होती है। इस बयान पर कांग्रेस के ही नेता उदित राज ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि थरूर भाजपा सरकार का बचाव कर रहे हैं, जबकि वे विपक्ष में हैं।

साल 2024 के लोकसभा चुनाव में तिरुवनंतपुरम से थरूर की जीत ने भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। उन्होंने केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर को हराया और भाजपा ने हार के बावजूद चंद्रशेखर को केरल का नेतृत्व सौंपा। इससे यह साफ है कि भाजपा थरूर को एक गंभीर प्रतिद्वंद्वी मानती है और उन्हें अपने पक्ष में करने की हर संभावित रणनीति पर काम कर रही है। वहीं थरूर की रणनीति भी अब खुलकर सामने आ रही है वे यह दर्शा रहे हैं कि वे राष्ट्रहित में किसी की भी प्रशंसा करने से पीछे नहीं हटते, चाहे वह प्रधानमंत्री मोदी ही क्यों न हों।

यह घटनाक्रम सिर्फ एक राजनीतिक समीकरण नहीं, बल्कि कांग्रेस के भीतर नेतृत्व संकट का भी संकेत देता है। थरूर जैसे नेता, जो लोकप्रिय हैं, मीडिया में प्रभावी हैं, वैश्विक सोच रखते हैं, वे पार्टी में हाशिए पर क्यों हैं? यह सवाल कांग्रेस को खुद से पूछना होगा। खुद थरूर ने फरवरी 2025 में कहा था कि अगर कांग्रेस को मेरी जरूरत नहीं है तो मेरे पास भी विकल्प हैं। यह बयान हल्का नहीं था, यह एक चेतावनी थी।

भारतीय राजनीति अब तेजी से बदल रही है। विचारधारा से अधिक व्यक्ति का प्रभाव, चेहरे की पहचान और राष्ट्रहित में उठाए गए कदमों की अहमियत बढ़ गई है। ऐसे में थरूर जैसे नेता, जो बौद्धिक और व्यावहारिक राजनीति का मेल हैं, उन्हें लंबे समय तक पार्टी की आंतरिक राजनीति में उलझाकर नहीं रखा जा सकता। अगर कांग्रेस उन्हें अपना नहीं बना पाती, तो अन्य विकल्पों के लिए रास्ते खुले हैं।

# पाकिस्तान से लडो, हिमांशी से नहीं

**समाज जागरण**



मुझे कभी कभी राष्ट्र के अंधभक्तों पर तरस आता है. वे पहलगाम हमले के लिए जिम्मेदार आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई न करने वाली अपनी सरकार से लडने के बजाय उस शहीद की पत्नी के खिलाफ लड रहे हैं जो अपने पति की शहादत का इस्तेमाल हिंदू मुसलमान के बीच खाई पैदा करने के खिलाफ है.गनीमत है कि शहीद विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी नरवाल के बयान पर ट्रोलिंग को महिला आयोग ने गलत बताया। आयोग ने कहा कि किसी महिला को उसकी राय या निजी जीवन के आधार पर निशाना बनाना उचित नहीं। हर महिला की गरिमा और सम्मान जरूरी है।

आपको बता दें कि 22अप्रैल 2025 को पहलगाम हमले के बादे हिमांशी नरवाल ने अपील की थी कि लोग मुसलमानों और कश्मीरियों को निशाना न बनाएं। उन्होंने कहा था कि हम नहीं चाहते कि लोग मुसलमानों और कश्मीरियों के पीछे पड़ें। हिमांशी के इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोल किया जाने लगा।क्योंकि हिमांशी को पछियाने वाले पहलगाम हमले का इस्तेमाल ध्रुवीकरण के लिए करना चाहते हैं.

हिमांशी नरवाल के समर्थन में न प्रधानमंत्री जी आए न गृहमंत्री जी लेकिन महिला आयोग ने हिम्मत दिखाई हिमांशी के समर्थन की.महिला आयोग ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बयान जारी कर कहा है कि शहीद लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की शहादत के बाद उनकी पत्नी हिमांशी नरवाल की सोशल मीडिया पर आलोचना दुर्भाग्यपूर्ण है। आयोग ने माना कि हिमांशी के बयान से हर कोई सहमत नहीं हो सकता, लेकिन असहमति जताने का तरीका संविधान के दायरे में और सभ्य होना चाह आयोग ने यह भी याद दिलाया कि हिमांशी के पति को धर्म पूछकर गोली मारी गई, जिससे देश में गुस्सा है। लेकिन ऐसे समय में भी किसी महिला को ट्रोल करना उचित नहीं है। इसको लेकर आयोग ने कहा कि हर महिला की गरिमा और सम्मान मूल्यवान है, और ऐसे राष्ट्रीय दुख के समय में भी अभिव्यक्ति का तरीका मर्यादित होना चाहिए।

गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बीते मंगलवार 22 अप्रैल को आतंकियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलियां बरसा कर 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी थी। सेना की वर्दी में आए दहशतगर्दों ने पहलगाम की बायसरन घाटी में पर्यटकों से पहले उनका धर्म पूछा, परिचय पत्र देखे और गोली मार दी. पिछले एक पखवाडे से देश इस घटना के खिलाफ भारत सरकार की ओर से की जाने वाली कार्रवाई का इंतजार कर रहा है किंतु अंधभक्त हिमांशी के पीछे पडे हैं. अंधभक्त हर उस कोशिश के खिलाफ हैं जो सरका से सवाल करती है. फिर चाहे वो नेहा राठौर हो चाहे हिमांशी नरवाल.

हिमांशी इस देश की समरसता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले असंख्य लोगों की प्रतिनिधि है. उसे सुरक्षा और संरक्षण की जरूरत है. उसका विरोध, उसकी निंदा राष्ट्रद्रोह है. हम सब हिमांशी के साथ हैं. हिमांशी ने देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है. ऐसा बलिदान किसी अंधभक्त ने नहीं किया. अंधभक्तों के आराध्य तो पीडितों से मिलने काश्मीर जाने के बजाय मधुबनी पहुंच गए थे.

**@ राकेश अचल**

# क्यों नीट परीक्षा बन जाते है कोटा के छात्रों के गले का फंदा ?

**अशोक भाटिया , मुंबई**

नीट यूजी एग्जाम से पहले राजस्थान के कोटा से एक बार फिर दुखद खबर सामने आई है। कोटा में नीट की तैयारी कर रही एक 17 साल की छात्रा ने आत्महत्या कर ली। यह घटना शहर के कुन्हाड़ी थाना क्षेत्र के पार्श्वनाथपुरम इलाके में हुई। छात्रा को सोमवार 4 मई 2025 को नीट का एग्जाम देना था, लेकिन उसने शनिवार को अपने घर के कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी।छात्रा अपने पूरे परिवार के साथ पार्श्वनाथपुरम में रह रही थी। उसका परिवार मूल रूप से मध्य प्रदेश के श्योपुर क्षेत्र का रहने वाला है। छात्रा की पढ़ाई के लिए परिवार ने 2017 में कोटा में मकान खरीद लिया था। मृतक छात्रा के पिता सुरेश राजपूत और मां दोनों सरकारी शिक्षक हैं। माँ श्योपुर में सरकारी कर्मचारी के तौर पर कार्यरत हैं।छात्रा पिछले दो साल से नीट की तैयारी कर रही थी। आज उसका नीट एग्जाम था, लेकिन उसने परीक्षा से एक दिन पहले ही आत्महत्या कर ली। मृतक छात्रा के पिता सुरेश राजपूत ने बताया कि उनकी बेटी ने अपने कमरे में फंदा लगाकर अपनी जान दी है।

गौरतलब है कि कोटा राजस्थान में बसी वह शिक्षा नगरी जहां बच्चे अपने सपनों को उड़ान देने के लिए जाते हैं। उनके ऊपर सिर्फ मंजिल हांसिल करने की धुन सवार होती है। समझ नहीं आ रहा कि इस नगरी में आखिर ऐसी कौन सी आबो हवा है जो वहां जाने के बाद कुछ छात्र सुसाइड करना चुन लेते हैं। वे आखिर अपनी जान क्यों दे देते हैं? जिस सपने को पूरा करने के लिए वे अपनों से दूर जाते हैं आखिर उन अपनों को हमेशा के लिए क्यों छोड़ जाते हैं? जवाब कौन देगा पता नहीं?

जनवरी से लेकर अब तक इस वर्ष 27 छात्र खुदकुशी कर चुके हैं। अगस्त और सितंबर के महीने से अभी तक 9 छात्रों के आत्महत्या के मामले सामने आए हैं। वहीं कोटा में बड़ी संख्या में यूपी के छात्र भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। विगत 18 सितंबर को कोटा में उत्तर प्रदेश के मऊ जनपद निवासी 17 वर्षी छात्रा ने जहर खाकर खुदकुशी कर ली थी। छात्रा कोटा में डेढ़ साल से रहकर नीट परीक्षा की तैयारी कर रही थी।

छात्रा के पिता ने उसके खुदकुशी करने के बाद कोचिंग संस्थान पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने कोचिंग संस्थान की तरफ से पढ़ाई का काफी दबाव बताया था, जिसकी वजह से उनकी बेटी ने खुदकुशी की। हालांकि संस्थान की ओर इन आरोपों का खंडन किया गया था। कोचिंग प्रबंधन ने मामले को प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया। इसके बाद पिता ने इसे पूरी तरह गलत करार देते हुए थाने में मामला दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि हर बच्चे का एक फ्रेंड सर्कल होता है। ऐसे में इसे प्रेम संबंधों से जोड़ना उचित नहीं है। उन्होंने कोचिंग संस्थान पर डराने और धमकाने का भी आरोप लगाया।

बताया जाता है कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे बच्चे हर रोज व्यस्त दिनचर्या, गलाकाट प्रतियोगिता और होमसिकनेस ये सभी फैक्टर अवसाद को बढ़ाते हैं और कमजोर क्षणों में छात्रों के लिए आत्मघाती बन सकते हैं। ये बातें नीट की तैयारी कर रही मध्यप्रदेश की प्रगति गुप्ता ने कही थी । तीन छात्रों के सुसाइड मामला सामने आने के बाद बहस छिड़ी है कि ऐसा क्या है कि छात्र आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं। इसके जवाब में प्रगति ने कहा कि कोटा आने वाले कहीं न कहीं कठिन सफर के लिए मानसिक रूप से तैयार होते हैं लेकिन प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी का समय लंबा होता है। ऐसे में हम में से कई पहली बार परिवार को छोड़कर पढ़ने के लिए दूर आते हैं। इसलिए होमसिकनेस के साथ पढ़ाई का दवाब अक्सर हमारे लिए कमजोर पल का निर्माण करता है। जिसमें हम खुद को अकेला महसूस करते हैं।

उत्तर प्रदेश के इटावा के संदीप तिवारी ने के अनुसार 10 महीने की तैयारी का शेड्यूल इतना व्यस्त होता है कि ब्रेक के दौरान घर भी नहीं जा पाते हैं। हमेशा छुट्टियों में हमें पढ़ाई में पिछड़ जाने का डर सताता रहता है। यह ट्रेडमिल पर दौड़ने जैसा है और आप एक कदम भी नहीं चूक सकते। यदि आप दो दिनों की क्लास मिस करते हैं तो आपकी पढ़ाई दो सप्ताह पीछे जा सकती है। संदीप ने बताया था कि वो जब से कोटा आए हैं, वो एक बार भी घर नहीं जा पाए। संदीप अप्रैल में कोटा आए थे।

बिहार के मोतिहारी के 17 साल के अनिमेष कुमार भी व्यस्त क्लास शेड्यूल के बारे में बताते हैं। अनिमेष नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट की दूसरी बार तैयारी कर रहे हैं। अनिमेष का कहना है कि ये एक दुष्चक्र है। व्यस्त क्लास के बीच तालमेल बिठाने में छात्र फंस जाता है और खुद को दोष देता है और तनाव में चला जाता है।

अनिमेष ने आगे कहा कि 'पढ़ाई का तनाव रियल है। जब एक छात्र चीजों के साथ तालमेल बिठाने में फेल हो जाता है और छूटे हुए लेक्चर का बैगलॉग बढ़ता जाता है। ऐसे में छात्र अपने पढ़ाई के तरीके को दोष देता है और डिप्रेशन में चला जाता है।

एक अन्य छात्र अफजल के अनुसार मां-बाप का पढ़ाई में लगाया पैसा बेकार न चला जाए, ऐसे में छात्र और तनाव में रहने लगते हैं। अफजल ने बताया कि 'मैंने सोचा था कि यहां आने के बाद मैं अपनी तैयारी पर अधिक ध्यान दूंगा लेकिन यह पूरी तरह से एक अलग दुनिया है। अब न केवल मुझे खुद सब कुछ मैनेज करना पड़ता है बल्कि मैं यह भी सोचता रहता हूं कि मेरे माता-पिता ने पैसा लगाया है और अगर मैं देने में असमर्थ रहा तो क्या होगा।'

नाम नहीं बताने की शर्त पर एक छात्र ने बताते है कि दो छात्र दोस्त होने के बावजूद एक दूसरे से कॉम्पिटिशन करते हैं। सबमें यही भावना होती है कि कॉम्पिटिशन एक ही सीट के लिए है और यही भावना बच्चों में होमसिकनेस और अवसाद को जन्म देती है।

कोटा में लगभग दो लाख बच्चे कोचिंग संस्थानों में पढ़ रहे हैं। जिसमें से कम से कम 14 छात्रों ने इस साल सुसाइड कर लिया। पिछले सप्ताह आत्महत्या करने वाले तीन छात्रों में से दो छात्र बिहार के थे। अंकुश आनंद (18) नीट और उज्ज्वल कुमार (17) जेईई की तैयारी कर रहा था। दोनों एक पीजी के कमरे में रहते थे, जहां उन्होंने पंखे में फंदा लगाकर जान दे दी। तीसरा छात्र प्रणव वर्मा मध्यप्रदेश का रहने वाला था, जिसने जहर खाकर जान दे दी।

2021 में किसी भी छात्र की आत्महत्या की सूचना नहीं मिली थी। कोरोना के कारण कोचिंग सेंटर बंद थे। छात्रों ने अपने घरों से ऑनलाइन क्लास के जरिए पढ़ाई की थी। 2019 में 18 और 2020 में 20 छात्रों ने अपनी जान दे दी।

इकबाल के चाचा आसिफ ने बताया कि 27 अप्रैल की रात को उसकी अपने परिवार से बातचीत हुई थी। उस दौरान इकबाल ने बताया कि वह पढ़ाई कर रहा है और बाद में बात करेगा। परिवार को जरा भी अंदेशा नहीं था कि वह इतना बड़ा कदम उठा लेगा। उसी रात उसने कमरे में फांसी का फंदा बनाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इकबाल ने आत्महत्या क्यों की। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और उसके परिजनों से भी पूछताछ जारी है। परिजन इस दुखद घटना से पूरी तरह स्तब्ध हैं।

प्रशासन और कोचिंग संस्थान छात्रों पर बढ़ते मानसिक दबाव को कम करने के लिए प्रयासरत हैं। हॉस्टल्स में एंटी हैंगिंग डिवाइस लगाए गए हैं और छात्रों के लिए हेल्पलाइन नंबर भी उपलब्ध कराया गया है। अगर आप या आपके जानने वाले किसी भी प्रकार के तनाव से गुजर रहे हैं तो आप समाजिक न्याय एवं आधिकारिता मंत्रालय के हेल्पलाइन नंबर 1800-599-0019 या आसरा ठऋड के हेल्पलाइन नंबर 91-22-27546669 पर संपर्क करें।बावजूद इसके, आत्महत्या की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पाया है। इस बढ़ते संकट ने अभिभावकों को कोटा भेजने से पहले कई बार सोचने पर मजबूर कर दिया है।

अशोक भाटिया,

वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार

# मैं देखता हूँ, दिखवाता हूँ...!


मैं देखता हूँ, दिखवाता हूँ...पता करता हूँ,

अफसरों के सरकारी जवाब सुनवाता हूँ।
आपने यह मामला मेरे संज्ञान में लाया है,
हमारा बेटा भी सुबह से घर नहीं आया हैं।
देखिये, हमारे पास और भी काम होते हैं,
हमारे बच्चे भी पापा-पापा करके रोते हैं।
मैं देखता हूँ, दिखवाता हूँ, पता करता हूँ,
अफसरों के सरकारी जवाब सुनवाता हूँ।
मुझे इस बारे में आपने अभी-2 बताया है,
हम कड़ी कार्रवाई करेंगे वादा दोहराया है।
आप हमपे यकीन कीजिये, हमें भरोसा है,
सरकार ने आज तक आश्वासन परोसा हैं।
मैं देखता हूँ, दिखवाता हूँ, पता करता हूँ,
अफसरों के सरकारी जवाब सुनवाता हूँ।
**देखिये साहब आकस्मिक अवकाश पे है,**
वह आते ही मामले की तहकीकात करेंगे,
अपनी जवाबदेही से वे कभी ना मुकरेंगे।

संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011
(मध्यप्रदेश)

# सऊदी अरब और अमेरिकी दबाव – क्या तेल उत्पादन की नीति में बड़ा बदलाव आएगा ?

**ओपेक प्लस देशों के प्रतिनिधियों की बैठक से मीडिया में जानकारी आई कि सऊदी अरब ने समूह के ह्यअत्यधिक उत्पादनह्न करने वाले देशों को चेतावनी दी है।**



सप्ताहांत पर एक ऑनलाइन बैठक में पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन और उनके रूस जैसे सहयोगी देश, जिन्हें ओपेक प्लस के नाम से जाना जाता है, इस बात पर सहमत हुए कि तेल उत्पादन तेजी से बढ़ाया जाए। समूह के मुताबिक जून में तेल उत्पादन रोजाना 4,00,000 बैरल से अधिक बढ़ाया जाएगा। यह लगातार दूसरा महीना है जब ओपेक प्लस ने ऐसा किया है और इस प्रकार अप्रैल से जून तिमाही के दौरान ही रोजाना तेल उत्पादन में 10 लाख बैरल से अधिक का इजाफा हो जाएगा। ब्रेंट क्रूड तेल वायदा इस घोषणा के पहले ही 61 डॉलर प्रति बैरल तक के स्तर पर गिर चुका था और आने वाले दिनों में जब कारोबारी इस खबर को हजम करने लायक होंगे तब तक कीमतें 60 डॉलर प्रति बैरल से भी नीचे जा सकती हैं।

कई नीति निमार्ता ऐसे में सवाल करेंगे कि क्या यह एक अस्थायी बदलाव है या फिर हाल के वर्षों में उत्पादन कटौती के निर्णय से आंशिक रूप से पीछे हटा जा रहा है। या फिर क्या समूह ने अब एक अलग मूल्य दायरे को लक्षित करना आरंभ कर दिया है? इस इजाफे की मुख्य वजह सऊदी अरब है और उसने अपने इरादे एकदम साफ रखे हैं। ओपेक प्लस देशों के प्रतिनिधियों की बैठक से मीडिया में जानकारी आई कि सऊदी अरब ने समूह के ह्यअत्यधिक उत्पादनह्न करने वाले देशों को चेतावनी दी कि आगे और ह्यधोखाधड़ीह्न बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उसने यह भी कहा कि अगर वे इसके लिए तैयार नहीं हुए तो उत्पादन में और अधिक वृद्धि की जा सकती है। ऐसा लगता है कि उसका इशारा कजाकिस्तान और इराक की ओर था। कजाकस्तान में बहुराष्ट्रीय कंपनी शेवरॉन द्वारा संचालित एक बड़ी इकाई मोटे तौर पर इस अत्यधिक उत्पादन के लिए जिम्मेदार है और सरकार का दावा है कि उसका इसके उत्पादन पर कोई नियंत्रण नहीं है।

बहरहाल, तथ्य यह है कि ओपेक ने हमेशा अपने सदस्य देशों के सहयोग और घरेलू तेल कुओं से होने वाले उत्पादन के नियंत्रण पर विश्वास किया है। ऐसा कोई रास्ता नहीं है कि जिसके जरिये उन्हें उत्पादन को तय कोटे तक सीमित करने को लेकर विवश किया जाए। अतीत में भी धोखाधड़ी होती रही है। 1995 से 2007 के बीच अकेले कतर ने हर वर्ष 18.5 फीसदी तक अतिरिक्त उत्पादन किया। अल्जीरिया जैसे देश भी कई मौकों पर अत्यधिक उत्पादन करते रहे हैं। सऊदी अरब समूह को संचालित रखने के लिए केवल एक अनुशासन लागू कर सकता है और वह यह कि उसके पास खनन के लिए बहुत अधिक अतिरिक्त क्षमता मौजद है। ऐसे में जरूरत पड़ने पर वह कीमतों में भारी गिरावट करके उन्हें एक साथ दंडित कर सकता है। बीते दशक में वह कम से कम दो बार ऐसा कर चुका है। यह विश्लेषण बताता है कि कीमतें केवल तभी तक कम रह सकती हैं जब तक कि कजाकस्तान, इराक और अन्य देश सबक नहीं सीख लेते और अत्यधिक उत्पादन कम नहीं करते। उस समय सऊदी अरब दोबारा 60-70 डॉलर प्रति बैरल के मौजूदा स्तर से 100 डॉलर प्रति बैरल के दायरे पर ध्यान केंद्रित करने लगेगा। परंतु कुछ अन्य बातों पर भी ध्यान देना होगा। राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप को इस महीने के आखिर में सऊदी अरब की यात्रा करनी है और उन्होंने उत्पादन बढ़ाने की मांग की है ताकि अमेरिका में पेट्रोल पंपों पर कीमत कम हो सके।

वह ओपेक प्लस के उत्पादन को लेकर क्या रुख अपनाते हैं यह बात मायने रखेगी। सऊदी अरब को यह चिंता भी होगी कि ईरान और वेनेजुएला समेत अन्य बड़े उत्पादक जल्दी ही उत्पादन करने लगेंगे। हालांकि इस बात के समुचित प्रमाण हैं कि यह अनुपालन लागू करने के लिए अनुशासन का एक और उदाहरण भर है। परंतु इस बात की समुचित वजह मौजूद है कि 100 डॉलर प्रति बैरल की दर आगे चलकर सऊदी अरब के हित में नहीं होगी। कम तेल कीमतें भारत जैसे बड़े आयातक को फायदा पहुंचाती हैं। इससे भारी वैश्विक अनिश्चितता के दौर में चालू खाते का घाटा कम करने में मदद मिलेगी। अगर कीमतों में कमी का लाभ ग्राहकों को दिया गया तो मुद्रास्फीति की दर भी कम होगी।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# पाप कर्म करने वाले को भी निश्चित दण्ड मिलता है

**पंडित राजेश अग्निहोत्री भागवताचार्य।**



कल चर्चा चल रही थी कि कर्मों का फल अवश्य मिलता है। कुछ लोगों की शिकायत रहती है कि जो अच्छे कर्म करने वाला है, धर्म के रास्ते पर चलने वाला है,सबकी सहायता करता है, पूजा पाठ करता है और दान पुण्य भी करता है फिर भी वह परेशान रहता है।और जो पाप कर्म में लगा हुआ है, अधर्म करता है, बेईमानी करता है,दिन रात गलत कर्मों में लिप्त रहता है फिर भी वह तो खूब मजे में रहता है। लेकिन वास्तव में ऐसा है नहीं, क्योंकि जो जितना अधिक काम करता है उस्को उतनी ही अधिक मजदूरी मिलती है।इस बात को इस तरह से समझना चाहिए - एक गांव में एक जमींदार रहता है और एक मजदूर। मजदूर को अपने घर के लिए मिर्च मसाले तेल साबुन आदि लाना था, उसने एक बोरी में तीस चालीस किलो अनाज भरा और चल दिया शहर में बेचने के लिए।शहर में एक तो अनाज मंडी होती है जिसमें बड़े बड़े व्यापारियों की दुकानें होती हैं उन दुकानों को आढ़त कहा जाता है और व्यापारी को आढ़तिया कहा जाता है । मंडी के बाहर छोटे छोटे दुकानदार नीचे जमीन पर बैठकर ही अनाज खरीदते हैं।अब वो मजदूर चालीस किलो गेहूं लेकर बड़े व्यापारी के पास तो जाएगा नहीं,वो नीचे बैठे हुए छोटे दुकानदार को ही अपना अनाज बेच दिया ,अनाज बेचने और पेमेंट मिलने में उस मजदूर को तनिक भी देरी नहीं लगी,और अपना सामान खरीदकर घर भी आ गया। उधर दूसरी तरफ जमींदार के यहां पचास बोरी गेहूं की बोरियां बेचने के लिए जानी थीं। पहले उन पचास बोरी को ट्रेक्टर में लादने में समय लगेगा,फिर मण्डी में पहुंचेगा, बोरी उतारी गईं,उनका बजन किया गया,तब कहीं पेमेंट का नंबर आया।यह सब कुछ होते-होते शाम हो गई। दुकानदार जमींदार से बोला कि आधे पैसे आज ले जाओ और शेष कल ले जाना। क्योंकि पेमेंट बड़ा था इसलिए। ठीक इसी प्रकार जो धर्म कर्म,दान पुण्य, अच्छे कर्म करने में लगा रहता है और उससे जाने अनजाने कोई पाप कर्म या अधर्म हो जाता है तो उसका पेमेंट भी कम मिलेगा अर्थात हाथों हाथ दण्ड मिलता रहता है,वह अपने ज्ञात अज्ञात छोटे छोटे कर्मों के फल भोगता रहता है, उसका शेष नहीं रहता है।जिससे हमें लगता है कि ठाकुर जी अच्छे व्यक्ति को परेशान अधिक करता है ।और जो लोग दिन भर पाप कर्मों में लिप्त रहता है तो जमींदार की तरह उसका पेमेंट ( दण्ड) भी निश्चित रुप से बड़ा ही होगा कि नहीं? बताओ। यदि उसका (दंड )पेमेंट बड़ा है तो पेमेंट मिलने में भी देरी होगी।हो सकता है इसी जन्म में दण्ड मिल सकता है या फिर अगले जन्म में मिलेगा लेकिन मिलेगा अवश्य। कर्म और जीव का आपस में प्रगाढ़ होता है।जीव भले ही किसी योनि में चला जाए परन्तु उसके कर्म उसको ढूंढ़ ही लेते हैं। महाभारत में वर्णन आता है कि भीष्म पितामह को बाणों की शैय्या मिली,किस कर्म के कारण मिली? पता है आपको? मैं बताता हूं सौ जन्मों से पूर्व किये हुए कर्म के कारण।सौ जन्म पहले भीष्म पितामह ने अपने बाण की नोक से एक सर्प को उठाकर पीछे की तरफ फेंक दिया और वह सर्प एक बबूल के पेड़ पर जाकर गिरा। बबूल के लम्बे लम्बे कांटे उसके शरीर में घुस गए,उसे बहुत कष्ट,छः महीने तक तड़पता है और भीष्म पितामह को श्राप दे गया कि जिस प्रकार छः महीने तक तड़पता हुआ मरा इसी प्रकार तुम्हारी भी मृत्यु होगी। इसके अलावा और भी बहुत सारे उदाहरण हैं। कुछ लोग कह देते हैं कि दूसरा जन्म किसने देखा? यदि नहीं देखा है तो एक बात बताओ किसी बच्चे ने जन्म लिया और वह जन्म लेते ही गूंगा है या बहरा है तो इस जन्म में तो उसने अभी कोई पाप कर्म किया नहीं,है तो ये प्रारब्ध ही अर्थात पिछले जन्म के कर्मों का फल।कहने का तात्पर्य यह है कि कर्मों का फल सभी को भोगना निश्चित पड़ता है इस जन्म में नहीं, तो अगले जन्मों में। इसलिए कर्म करने से पहले दस बार विचार अवश्य करें कि इसका परिणाम क्या होगा।

**सम्पर्क सूत्र- 9760478742**

श्रीमदभगवद कथा करवाने के लिए संपर्क करे।

# अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु आबकारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारीगण एक्शन में

## देसी शराब की अवैध रूप से बिक्री करने वाले एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

गौतम बुद्ध नगर, 5 मई 2025 : उत्तर प्रदेश शासन एवं आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में तथा पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह एवं जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद में अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर पूर्णतया अंकुश लगाने हेतु आबकारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारीगण नियमित रूप से चेकिंग अभियान संचालित करते हुए शराब माफियाओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर रहे हैं। जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने बताया कि विगत दिवस आबकारी एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा दबिश देकर थाना सेक्टर 39 में निमार्णाधीन गोदरेज कंपनी के गेट नंबर 1 के पास से अमित कुमार पुत्र प्रेम किशोर निवासी ग्राम बल्लीया जनपद बरेली को देशी शराब ब्रांड के 45 पौवे, धारिता 200 एम एल, देशी शराब उत्तर प्रदेश राज्य में बिक्री हेतु अनुमन्य को अवैध बिक्री



करते हुए गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध धारा 60 के अंतर्गत सेक्टर-39 में अभियोग पंजीकृत किया गया।

जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि आगे भी पुलिस आयुक्त एवं जिलाधिकारी के नेतृत्व में जनपद में अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर पूर्णता अंकुश लगाने के उद्देश्य से आबकारी एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा अभियान चला कर प्रवर्तन कारवाई सुनिश्चित की जाएगी। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# जिला खनिज फाउंडेशन न्यास के ऑडिट हेतु इच्छुक चार्टर्ड अकाउंटेंट 13 मई तक कर सकते हैं आवेदन

गौतम बुद्ध नगर, 05 मई 2025: अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जिला खनिज फाउंडेशन न्यास के लेखा को डी0एम0एफ0 द्वारा नियुक्त चार्टर्ड अकाउंटेंट से ऑडिट करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के क्रम में जनपद गौतमबुद्धनगर में भारतीय स्टेट बैंक शाखा कलेक्ट्रेट परिसर, सूरजपुर ग्रेटर नोएडा गौतमबुद्धनगर जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास के नाम से संचालित न्यास के वित्तीय वर्ष-2017-18 से वित्तीय वर्ष 2024-25 के लेखा का आडिट कराया जाना है।

अतः उक्त के परिपेक्ष्य में चार्टड एकाउन्टेट जो उक्त कार्य हेतु अपनी सेवायें देने के लिये इच्छुक हो, अपनी निविदा/कोटेशन प्रति वित्तीय वर्ष की दर से दिनांक-05.05.2025 से दिनांक-13.05.2025 के मध्य समय प्रातः 10:00 बजे से सांय 05.00 बजे तक कक्ष संख्या-204, प्रथम तल, कलेक्ट्रेट कम्पाउण्ड जिलाधिकारी कार्यालय, गौतमबुद्धनगर, खनन अनुभाग में प्रस्तुत कर सकते हैं। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध

# उत्तर प्रदेश सरकार के पेंशनर कोषागार में उपस्थित हुए बिना भी जमा कर सकते हैं अपना जीवित प्रमाण पत्र

**पेंशनर अपनी बैंक शाखा या जीवन प्रमाण पोर्टल के माध्यम से दे सकते हैं जीवित प्रमाण पत्र**

**गौतम बुद्ध नगर कोषागार में 102 पेंशनरों की पेंशन जीवित प्रमाण पत्र न भरने के कारण रूकी, पेंशनर या परिजन कोषागार में करें संपर्क**

**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर, 5 मई 2025: डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में वरिष्ठ कोषाधिकारी गौतम बुद्ध नगर शिखा गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि उ०प्र० सरकार के पेंशनरों के द्वारा वर्ष में एक बार किसी भी माह में जीवित प्रमाण पत्र कोषागार में प्रस्तुत किये जाने की व्यवस्था है, जोकि अगले एक वर्ष तक प्रभावी रहता है। वर्तमान में कोषागार में उपस्थित हुये बिना भी किसी भी पेंशनर द्वारा अवना जीवित प्रमाण पत्र अपनी बैंक शाखा के माध्यम से या पेंशनर अपना जीवित प्रमाण पत्र जीवन प्रमाण पोर्टल के माध्यम से अपने निवास से अपने मोबाइल से भी प्रेषित कर सकते हैं, उनको कोषागार में व्यक्तिगत रूप से आने की भी आवश्यकता नहीं है। इसके लिये पेंशनर को अपने मोबाइल पर आधार फेस आर.डी. ऐप डाउनलोड कर जीवन प्रमाण ऐप डाउनलोड करना होता है जोकि बहुत ही सुविधाजनक है।

वरिष्ठ कोषाधिकारी ने बताया कि जिन पेंशनरों के जीवित प्रमाण पत्र की वैधता माह मई 2025 में समाप्त हो रही है, ऐसे सभी पेंशनरों अपना जीवित प्रमाण पत्र तत्काल भरें, जिससे उनकी माह मई 2025 की पेंशन नियमित की जा सके। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 102 पेंशनरों की पेंशन जीवित प्रमाण पत्र न भरने के कारण रूकी हुयी है, यदि पेंशनर अत्यअधिक बीमार/आने-जाने में पूर्णत असमर्थ हैं, तो ऐसे पेंशनर के परिजन कोषागार में सम्पर्क कर सकते है। अतः जनपद के समस्त सम्मानित पेंशनर्स अपना जीवित प्रमाण पत्र शीघ्र भरें, जिससे उनकी पेंशन बाधित न हो व जनपद के शाखा प्रबन्धकों से भी अनुरोध है कि पेंशनरों के जीवित प्रमाण पत्र यथा समय कोषागार कार्यालय में उपलब्ध करायें। पेंशनरों को उनकी पेंशन का भुगतान जीवित प्रमाण पत्र भरने के पश्चात तत्काल कर दिया जाता है। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# जिलाधिकारी ने रन्हेरा गांव में पथवाड़ा नाले के कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

गौतम बुद्ध नगर 05 मई 2025: जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा ने आज जेवर क्षेत्र के ग्राम रन्हेरा में पहुंचकर पथवाड़ा नाले पर चल रहे विकास कार्यों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नाले की स्थिति को बारीकी से परखा और ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को भी सुना। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता ऊपरी माट शाखा गंग नहर खुर्जा मोर मुकुट, सहायक अभियंता अशोक कुमार जैन एवं संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

उप जिलाधिकारी जेवर द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया कि पथवाड़ा नाले पर बनी 03 पुलियाएं संकरी हैं, जो बरसात के मौसम में जल प्रवाह में बाधा उत्पन्न कर



सकती हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि नाले के ढाल को सुगठित करने का कार्य प्रगति पर है तथा व्यापक स्तर पर सफाई कार्य भी कराया जा रहा है।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने नाले पर बनी पुलियाओं का निरीक्षण करते हुए सिंचाई विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पथवाड़े नाले में पानी आने से पहले पुलियाओं का चौड़ीकरण कार्य हर हाल में पूर्ण किया जाए। उन्होंने उप जिलाधिकारी को इस संबंध में नियमित निगरानी रखने के आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये

# जिलाधिकारी ने तहसील जेवर के ग्राम हुकुम सिंह नगला में कार्गो रूट प्रोजेक्ट का किया स्थलीय निरीक्षण

**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर 05 मई, 2025: जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा ने आज तहसील जेवर के ग्राम हुकुम सिंह नगला पहुंचकर कार्गो रूट प्रोजेक्ट का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण स्थल का बारीकी से जायजा लिया और प्रगति की जानकारी प्राप्त की।

उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि इस परियोजना के अंतर्गत



लगभग 8.5 किलोमीटर लंबी और 30 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण किया जा रहा है, जो औद्योगिक परिवहन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

जिलाधिकारी ने परियोजना से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से और निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा गुणवत्ता में समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए और नियमित निगरानी रखने को कहा, ताकि कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरा हो सके। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# बीसी सखी (बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट) से ग्रामीणों की बैंकिंग सेवाए हो गई आसान

**समाज जागरण**

लखनऊ : 05 मई, 2025: उत्तर प्रदेश में महिलाए न सिर्फ आत्मनिर्भर बन रही हैए बल्कि प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था में योगदान भी दे रही है। उत्तर प्रदेश सरकार ने महिलाओं को रोजगार देने के लिए सबसे बड़ी पहल की है। गांव.गांव तक बैंकिंग सेवाओं को पहुंचाने के लिये प्रदेश की 50192 बीसी सखी (बैंकिंग कॉरस्पीडेट) बनाने हेतु प्रमाणीकरण पूर्ण कर लिया गया है। सभी चयनित बीसी सखी का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है सरकार की इस नीति से बैंकिंग सेवाएं लोगों के घरों तक पहुंच रही है। ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को अपने बैंक खातों से धनराशि निकालने और उसमें पैसा जमा करने में बड़ी आसानी हुई हैं उनका बैंक शाखाओं तक जाने का समय व खर्चा बच रहा है और घर के करीब ही बैंक के रूप में बीसी सखी मिल रही है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए मिशन रोजगारए मिशन शक्ति और मिशन कल्याण जैसी अनेक योजनाओं को शुरू किया है। इसके क्रियान्वयन हेतु तैयार किये गये कार्यक्रम के अनुसार सरकार के संबद्ध विभाग तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं। इस क्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा और यूको बैंक के सहयोग से यूपी इंडस्ट्रियल कंसलटेंट्स लि० यूपीकॉन ने 58,000 बीसी सखी (बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट) बना लिये हैं जो शेष बीसी सखी बनाने के लक्ष्य को पूरा करने में लगे हैं। गांव से लेकर शहरों में बीसी सखी 24 घंटे बैंकिंग सेवाएं दे रही हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य की सभी महिलाओं को लाभ पहुंचाने के लिए बीसी सखी योजना की शुरूआत की है। इस योजना के तहत उत्तर प्रदेश राज्य की सभी महिलाओं को रोजगार के नए अवसर मिले हैं। उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से प्रदेश में समूहों के माध्यम से सखी बनाने का कार्यक्रम बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ मिलकर किया जा रहा है। यूपी इंडस्ट्रियल कंसलटेंट्स लि० यूपीकॉन भी सहयोगी की भूमिका निभा रहा है। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने उत्तर प्रदेश अनुसूचित जातिए वित्त एवं विकास निगम लि० के माध्यम से 500 अनुसूचित जाति के युवक युवतियों को रोजगार के अवसर देते हुए बीसी बनाए थे। बीसी सखी बनाने के लिए महिलाओं को प्राथमिकता दी गई है। बीसी सखी बनने के लिए योग्यता में कम से कम 10वीं कक्षा पास होना अनिवार्य किया गया है। अभ्यर्थी को कम्प्यूटर चलाना भी आना चाहिए उस पर कोई वाद या पुलिस केस नहीं होना चाहिए। ऐसे अभ्यर्थी के चयन से पहले एक छोटी सी परीक्षा भी ली जाती है। इसमें उत्तीर्ण होने वाली अभ्यर्थी बीसी सखी बन सकती है।

बीसी सखी योजना से जुड़ने वाली महिलाओं को सम्मानजनक काम मिलने के साथ लोगों की सेवा करने का भी बड़ा अवसर मिल रहा है। लोगों को तत्काल बैंकिंग सेवा मिलने से उन्हें खुद को भी खुशी होती है। बीसी सखी बनने के बाद ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के भविष्य सुरक्षित करने के लिए प्रत्येक माह एक निश्चित आमदनी का माध्यम बना है। उन्हें एक स्थायी रोजगार मिला है। बीसी सखी योजना के तहत बैंकिंग सेवाओं को घर.घर देना रोजी.रोटी का एक बेहतर साधन बना है। इससे सबसे अधिक फायदा बैंक के ग्राहकों को हुआ है। उनको बैंक में लाइन लगाने और समय लगाना बंद हो गया है और बैंक तक जाने का समय किराया भी उनका बचा है। ग्रामीण स्तर पर बैंकिंग सेवाएं लोग बीसी सखी से ले रहे हैं। प्रदेश सरकार की इस योजना का लाभ सबसे अधिक बैंक ग्राहकों को मिल रही है। सरकार की ओर से बैंकिंग सेवाओं को बड़ी सौगात खासकर गांव के लोगों को दी जा रही है। ग्रामीण पहले बैंक से पैसा निकालने और जमा करने में आने.जाने में जो खर्चा करते थे उसकी भी बचत हो रही है। प्रदेश की ग्राम पंचायतों में अभी तक 50192 बीसी सखी के आरएसईटीआई के माध्यम से आई0आई0बी0एफ0 द्वारा प्रमाणीकरण पूर्ण कर लिया गया है। जिसमें 39561 बीसी सखी ने कार्य करते हुए रू0 31626 करोड़ का लेनदेन किया है। इस लेन.देन से बीसी सखियों ने रू0 85.81 करोड़ का लाभांश प्राप्त किया है। प्रदेश सरकार की इस नीति से ग्रामीण स्तर पर महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है।

# शासन एवं जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में खरीफ सीजन हेतु किया गया मृदा परीक्षण

**खाद्यान्न उत्पादन वृद्धि के लिए मृदा परीक्षण जरूरी – कृषि विभाग**

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर 05 मई, 2025 : शासन एवं जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों क्रम में अपर कृषि निदेशक, (बीज एव प्रक्षेत्र) / नोडल अधिकारी अमर नाथ मिश्र द्वारा खरीफ 2025 में जनपद के खेतों की मिट्टी की जांच हेतु "प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत" जनपद के सभी विकास खण्डों में विशेष अभियान चलाकर खरीफ सीजन में कुल लक्ष्यों का तिथिवार मृदा नमूना संकलन का कार्य किया गया एवं



कृषकों को मृदा नमूनों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें जनपद के तहसील दादरी के ग्राम शाहपुर खुर्द में मृदा नमूना एकत्रित कर मृदा परीक्षण प्रयोगशाला बिलासपुर पर भेजे गये है। नमूना संकलन के साथ ही उन्होंने उपस्थित कृषकों को खरीफ फसलों की उन्नत तकनीक की जानदारी दी गई। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक राजीव कुमार, जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार, विषय वस्तु विशेषज्ञ नवल सिंह शेखावत एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा कृषकों को खेतों की मिट्टी के नमूना परीक्षण कराने के उपरान्त ही रासायनिक खादों का संतुलित प्रयोग करने की सलाह दी एवं उन्होंने संदेश दिया कि इस कार्यक्रम को व्यापक रूप देने एवं जन जागृति पैदा करने हेतु सतत प्रयास एवं प्रचार किये जाने की विशेष आवश्यकता है, ताकि खाद्यान्नों के उत्पादन में आ रहे ठहराव को समाप्त किया जा सके। अभियान दिवस पर गांव की खेतों में मिट्टी का नमूना लेने का सही विधि का अवसर प्रदर्शन भी आयोजित किया गया। नोडल अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि कृषकों को समय से मिट्टी नमूना के परीक्षण परिणाम उपलब्ध करा दिये जायें। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार हेतु प्रचार वाहन रवाना

## जनपद न्यायाधीश ने दिखायी हरी झंडी, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में होगा व्यापक प्रचार

**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर, 05 मई 2025: आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को जन-जन तक पहुंचाने एवं अधिक से अधिक लोगों को न्यायिक सुविधा से लाभान्वित करने हेतु आज जिला न्यायालय गौतम बुद्ध नगर से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह आयोजन माननीय जनपद न्यायाधीश गौतम बुद्ध नगर मलखान सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अपर जिला जज एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्द्र मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार



यह प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। प्रचार वाहन जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जाकर लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व, लाभ एवं प्रक्रिया की जानकारी देगा।

इस अभियान में गलगोटिया विश्वविद्यालय एवं एनपीसीएल का सहयोग सराहनीय रहा, जिनके माध्यम से प्रचार वाहन उपलब्ध कराए गए। प्रचार वाहन के माध्यम से फोल्डर, पम्फलेट और अन्य प्रचार सामग्री का वितरण कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

उक्त कार्यक्रम में अपर जिला जज प्रतीक्षा नागर, अपर जिला जज विकास नागर, अपर जिला जज व नोडल अधिकारी अभिषेक पाण्डेय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बबीता पाठक, सिविल जज, सीनियर डिवीजन मयंक त्रिपाठी सहित कई अन्य न्यायिक अधिकारी, लीगल एड डिफेंस काउंसिल में नामित अधिवक्ता, पैनल अधिवक्ता, पराविधिक स्वयंसेवक व न्यायालय स्टाफ की उपस्थिति रही। साथ ही गलगोटिया विश्वविद्यालय, जिम्स लॉ कॉलेज के विधि छात्र-छात्राओं और एनपीसीएल के अधिकारी एवं कर्मी भी इस आयोजन में सम्मिलित हुए।

प्रचार अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत से जोड़ना है ताकि वे त्वरित, सरल व निशुल्क न्यायिक समाधान प्राप्त कर सकें। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

**तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के फामेर्सी कॉलेज की फेयरवेल पार्टी- स्वस्ति गमनम में हुनर पर दिए गए करीब दो दर्जन से अधिक टाइटल्स**

# टीएमयू फामेर्सी में वैभव मिस्टर तो प्रगति मिस फेयरवेल

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फामेर्सी कॉलेज की फेयरवेल पार्टी स्वस्ति गमनम में बी फार्म के वैभव डंगवाल को मिस्टर फेयरवेल और डी फार्म की प्रगति को मिस फेयरवेल चुना गया। मिस और मिस्टर फेयरवेल को स्मृति चिन्ह देकर और सैशे पहनाकर सम्मानित किया गया। बी फार्मा फर्स्ट ईयर के नाटक को स्पॉट लाइट, चेतन शर्मा को मास्टर माइंड, कार्तिकेय को इवेंट मस्टेरो, साधना को एनर्जी क्वीन, गोविंद को मिनिमल मैजिकल, आसिफ को द सिलबस-किलर, प्रतिभा को वाइस वेस्पर, फैजान को द सिलेंट गाइड, अकबर को चार्मिंग सौल, जिया को वल्यूड लीडर, अमन शर्मा को द व्हाइब क्रियाटोर, मयंक को द लेजेंड इकॉन, रिया को सोशल बटरफ्लाई, नवनीत को द देसी स्लाएर, खुशी को एलिजेंस एम्बौड्डीड, साक्षी सिंह को शिम्मेर स्परक्ल, जतिन चौहान को मिस्टर आयरन जेंटल मैन, जैद को कैप्टन ऑफ द शिप, गर्वित गुप्ता को मिस्टर फैशन अलकेमिस्ट, सैफुल को मिस्टर कूल, संदीप को मिस्टर पर्सनालिटी और शवाज को मिस्टर रिसोर्सफुल के टाइटल्स से नवाजा गया। इससे पूर्व फामेर्सी के प्राचार्य प्रो. अनुराग वर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके टीएमयू के ऑडी में फेयरवेल पार्टी स्वस्ति गमनम का शुभारम्भ किया। फामेर्सी के प्राचार्य प्रो. अनुराग वर्मा ने कहा, पिछले सालों में क्या पाया, क्या कमियां है और उन्हे कैसे इंप्रूव किया जा सकता है, यह आत्म विश्लेषण का विषय है। कॉलेज में बिताए पल जीवन के अमूल्य लम्हें होते हैं, जो आपके सपनो को सच्चाई में बदलने की राह तय करते हैं।

एम फार्मा की स्टुडेंट वामा ने सरस्वती वंदना पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुति से सांस्कृतिक कार्यक्रम का श्रीगणेश किया। स्टुडेंट्स लक्षिता और प्रगुन ने मिलीजुली शास्त्रीय और आधुनिक नृत्य शैली की प्रस्तुति दी। बी फार्मा प्रथम वर्ष की छात्राओं ने महिला उत्पीड़न और हिंसा पर सुंदर नाटिका की प्रस्तुति दी। शिवांश और टीम एवम फार्म डी की छात्राओं ने समूह नृत्य की प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। शिवांश एंड टीम ने गिटार के साथ गीत गाकर खूब तालियां बटोरीं। रंगारंग प्रस्तुतियों में संदेश एंड ग्रुप, जॉली एंड ग्रुप, रिया, नवनीत, अफसा, सल्टनत, साक्षी, पायल, अनीश एंड ग्रुप ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। स्टुडेंट्स ने विभिन्न नृत्यों की प्रस्तुतियों से अपने कॉलेज की यात्रा को बड़े ही रोचक तरीके से प्रस्तुत किया। मिस और मिस्टर फामेर्सी के निर्णायक मंडल में फामेर्सी की फैकल्टी प्रो. मयूर पोरवाल और श्रीमती उर्वशी सक्सेना शामिल रहे। इस मौके पर प्रो. पीयूष मित्तल, डॉ. आशीष सिंघई, प्रो. केके शर्मा, डॉ. पुष्पेंद्र शुक्ला, डॉ. प्रेमशंकर गुप्ता, श्री आदित्य विक्रम जैन, डॉ. सुनील श्रीवास्तव, डॉ. राजेश शर्मा, डॉ. आशुतोष पाठक, डॉ. शिवानी, डॉ. मिथुल मेमन आदि मौजूद रहे।

# एमएलसी ने निकाली स्कूल चलो अभियान रैली

**समाज जागरण**

वाराणसी। विकास खंड काशी विद्यापीठ के प्राथमिक विद्यालय पिलखिनी में सोमवार को एमएलसी व भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा के नेतृत्व में स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकाली गयी।

भारतरत्न डा0 भीमराव आंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण व बच्चों को पुरस्कार वितरण से प्रारंभ हुई रैली में बच्चों का विद्यालयों में शतप्रतिशत नामांकन कराने का संकल्प लिया गया।

इस दौरान एमएलसी ने जल्द ही विद्यालय में सोलर लाइट, डा0 भीमराव आबेंडकर व संत रविदास की प्रतिमा का जीर्णोद्धार व पार्क बनवाने की बात कही। विद्यालय के शिक्षक पंकज पाठक व अखिलेश यादव द्वारा विद्यालय में विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में बताया गया।

इस दौरान हेडमास्टर प्रवीण यादव, एआरपी डा संजय गुप्ता, कीर्ति श्रीवास्तव,शिक्षक नेता सनद सिंह, समाजिक कार्यकर्ता राजेश यादव, ग्राम प्रधान अभिषेक पटेल, रोहनिया मंडल अध्यक्ष प्रदीप प्रजापति आदि थे। संचालन पल्लवी शुक्ला ने किया।

## जहरीला पदार्थ खाने से युवती की हालत गंभीर

**समाज जागरण**

गुन्नौर जहरीला पदार्थ खाने से एक युवती की हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देख हायर सेंटर अस्पताल रेफर कर दिया। गुन्नौर कोतवाली के नगर जुलेपुरा मौहल्ला निवासी अंजली पुत्री प्रवेश ने दोपहर के बाद किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत खराब हो गई। परिजनों ने तत्काल निजी वाहन से सीएचसी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार देकर हालत गंभीर देख हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## बाइकों की भिड़ंत में दंपति समेत चार घायल

**समाज जागरण**

जुनावई थाना क्षेत्र के गांव दवथरा हिमंचल निवासी नीलेश अपनी पत्नी पूजा के साथ बाइक पर सवार होकर बहजोई की ओर आ रहा था जैसे ही वह आगरा मुरादाबाद हाईवे पर धनारी थाना क्षेत्र के गांव मझोला के नजदीक पहुंचा तो दूसरे बाइक सवार जिला अलीगढ़ थाना अतरौली गांव जमुना निवासी सुरेश पाल सुबह उसके पिता विक्रम सिंह से टकरा गए जिसके चलते दोनों वाइक सवार समे दंपति समेत चार घायल हो गए जिनमें घायल पूजा व सुरेशपाल की गंभीर स्थिति देखते हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## गुन्नौर बीमा माफिया के ठिकाने पर पुलिस ने की छापेमारी मिले अहम सुराग

**समाज जागरण**

गुन्नौर फर्जी बीमा गिरोह के खिलाफ हो रही कार्रवाई को लेकर हड़कंप मचा हुआ है । गुन्नौर पुलिस उनके अलग-अलग स्थान राजस्थान ,नोएडा ,मध्य प्रदेश, पृत्रक समेत ठिकानों पर बीते कई दिनों से सर्च अभियान चलाकर छापेमारी कर रही है सोमवार को गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के कस्बा बबराला निवासी बीमा गिरोह के सदस्य सचिन शर्मा उर्फ मोनू पुत्र गनेशी लाल शर्मा के निजी आवास बबराला लाइनपार स्थित व चंदौसी रोड हाईवे बबराला में स्थित फार्माट्रक शिव ट्रैक्टर्स एजेंसी पर गुन्नौर कोतवाली प्रभारी अखिलेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम के साथ रिमांड पर आए आरोपी सचिन शर्मा को साथ लेकर उसके ठिकानो पर सर्च अभियान के तहत छापेमारी की गई जिसमें कई अहम सुराग मिले है जिससे पुलिस को सफलता मिल जल्दी खुलासा किया जाएगा ।

## मंडी शुल्क चोरी में पकड़ा गया लकड़ी लदा ट्रक व गेहूं भरी ट्रैक्टर ट्राली

**आई एम खान/दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**

बिसौली बदायूं। रविवार को एसडीएम राशि कृष्णा के निर्देश पर बिसौली मंडी सचिव ने सचल दल के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाकर लकड़ी के ट्रक व डीसीएम के साथ गेहूं की ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ कर 50 हजार रुपए का राजस्व बसूला। नगर के अटल चौक पर मण्डी सचिव हिम्मत सिंह मंडी निरीक्षक रंजीत कुमार मौर्य व मंडी निरीक्षक दिलीप कुमार के साथ वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान सहसवान से उत्तराखंड के बिलासपुर लकड़ी ले जा रहे ट्रक को रोककर कागज मांगे गए। ट्रक चालक मंडी शुल्क



आदि के कागज नहीं दिखा सका। दूसरी लकड़ी से भरी डीसीएम फरुर्खाबाद से हरियाणा जा रही थी। जिसपर समन के तौर पर मण्डी शुल्क 11 हजार रुपए बसूला गया। इधर रानेट मोड़ पर चेकिंग के दौरान करनपुर की ओर से आ रही गेहूं से भरी ट्रैक्टर ट्राली को रोककर पेपर मांगे। यह ट्रैक्टर ट्राली करनपुर से बिल्सी जा रही थी। मामले में गेहूं के मालिक को सूचना दी गई। जिससे 30 हजार रुपए का जुमार्ना बसूला गया। मंडी सचिव हिम्मत सिंह ने बताया कि प्रवर्तन का कार्य आगे भी जारी रहेगा। बिना मंडी शुल्क के गेहूं ले जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई चलती रहेगी।

## तालाब में युवक की लाश मिलने से फैली सनसनी

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

बिजनौर। थाना किरतपुर क्षेत्र के गांव छितावर में उस समय सनसनी फैल गई जब गांव के तालाब में एक युवक का शव तैरता हुआ मिला। जानकारी के अनुसार मृतक युवक की पहचान गांव के ही निवासी सूरज के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सूरज कल सुबह से लापता था। वह जंगल में चारा लेने गया था, जिसके बाद से वापस नहीं लौटा। जब ग्रामीणों ने तालाब में शव देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकलवाया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है, जबकि युवक की मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही चल सकेगा।
गांव में घटना को लेकर शोक और दहशत का माहौल है।

## खेत से जबरन बिजली लाइन ले जाने की कोशिश, किसान ने लगाई मुख्यमंत्री से गुहार

**दैनिक समाज जागरण**

सम्भल/असमोली विकासखंड के गाँव बुंकनाला के एक किसान ने आरोप लगाया है कि उसकी रजिस्ट्रीशुदा जमीन से जबरन बिजली की लाइन खींचने की कोशिश की जा रही है, जिससे उसकी फसल को नुकसान पहुँच सकता है। किसान ने इस संबंध में मुख्यमंत्री को प्रेषित एक पत्र में न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित किसान आलेनबी पुत्र अहमद रजा ने बताया कि गाँव के ही माहिर हुसैन पुत्र नाजिम हुसैन ने सिंचाई हेतु अपने ट्यूबवेल के लिए बिजली कनेक्शन हेतु आवेदन किया है। लेकिन वह कनेक्शन उसी ट्रांसफार्मर से लेने की कोशिश कर रहा है, जो आलेनबी के खेत में स्थित है। आलेनबी का कहना है कि माहिर हुसैन से उसका पुराना रंजिश का मामला भी है। खेत में से होकर जबरन लाइन खींची गई तो फसल को भारी नुकसान होगा और भविष्य में विवाद की आशंका भी बनी रहेगी। उन्होंने यह भी बताया कि इस संबंध में विद्युत वितरण खंड के अधिशासी अभियंता को ट्रांसफार्मर से लाइन खेत के रास्ते न ले जाने के आदेश दिए जाने की मांग की गई है। किसान ने उम्मीद जताई है कि शासन उसकी पीड़ा को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्यवाही करेगा, जिससे उसकी भूमि की सुरक्षा हो सके।

## प्राचीन आयुर्वेद को पुनः उस रूप में लोगों तक पहुंचाना ही हमारा उद्देश्य ,,,,वैद्य सुविनय दामले

**दैनिक समाज जागरण**

बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में महाराष्ट्र से आये प्रसिद्ध आयुर्वेदिक विद्वान चिकित्सक वैद्य सुविनय दामले द्वारा आयुर्वेद एवं जीवनचर्या तथा जीवन में क्या खानपान अपनाना चाहिए उसको लेकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत एक दिवसीय भारतीय आरोग्य सत्र का आयोजन किया गया जिसमें आयुष विभाग से जुड़े हुए चिकित्सक तथा आकांक्षा समिति के सदस्य तथा जनपद की महिला अधिकारी तथा कर्मचारी, डीपीएमयू की टीम आदि ने प्रतिभाग किया । जिलाधिकारी ने मुख्य अतिथि वैद्य सुविनय दामले के जीवन परिचय के विषय में बताया तथा उन्होंने बताया कि दामले जी आयुर्वेद के प्रसिद्ध चिकित्सक हैं। उन्होंने कहा कि आहार और दिनचर्या से जीवन में क्या परिवर्तन आ सकता है, उसपर चर्चा की जाएगी। वैद्य सुविनय दामले ने बताया कि प्राचीन आयुर्वेद को पुनः उस रूप में लोगों तक पहुंचाना ही हमारा उद्देश्य होना चाहिए। प्राचीन समय के सुप्रसिद्ध आयुवेर्दाचार्य चरक, वाग्भट आदि के समय ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, थायराइड, कैंसर, जैसी बीमारियां नहीं थीं। यह बीमारी आधुनिक जीवन शैली एवं तकनीकी की उपज हैं। उन्होंने बताया कि सुप्रसिद्ध आयुवेर्दाचार्य चरक के समय खून की कोई जांच नहीं होती थीं। उन्होंने प्रमेह के तीन प्रकार बताये हैं वातज,पित्तज, और कफज । उन्होंने कहा कि प्राचीन निदान की पद्धति पुनः एक बार फिर उजागर होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर आज के समय में ब्लडप्रेशर, मधुमेह अगर किसी को हो जाता है तो चिकित्सक उसको जीवनभर के लिए दवा चला देता है।हमें आंकड़ों के खेल में नहीं उलझना चाहिए। बीमारी क्यों हुई इसके कारणों को खोजना चाहिए। जीवन में तनाव मुक्त जीवन शैली अपनाकर रोगों से दूर रहा जा सकता है। उन्होंने बताया कि अपनी दृष्टि और कार्य के अनुसार अग्नि को 13 प्रकारों में वगीर्कृत किया गया है। तथा भारतीय संस्कृति में अग्नि का विशेष महत्व है। शरीर को स्वास्थ रखने के लिए आत्मा, मन और इन्द्रियाँ प्रसन्न रहनी चाहिएं। उन्होंने परहेज के विषय में भी जानकारी दी तथा षडरस के विषय में बताते हुए कहा कि व्यक्ति अपनी दिनचर्या में मधुर रस से भोजन को प्रारंभ करना चाहिए तथा अंत में कसैला रस का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने स्नेह द्रव्य के विषय में भी जानकारी दी तथा स्नेह के रूप में घी एवं तेल का भी प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भोजन एवं जीवन में स्नेह बनाकर रखना चाहिए। जिस प्रकार से इंजन को चलाने के लिए तेल की आवश्यकता पड़ती है उसी प्रकार शरीर को भी तेल की आवश्यकता होती है। आंखों में अंजन करना चाहिए तथा दांत में मंजन नित्य करना चाहिए। उन्होंने ग्रहों का शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव के विषय में बताया तथा उन्होंने कहा कि अपना पसंदीदा आहार खाना चाहिए तथा जो हजम कर सको वह आहार लेना चाहिए तथा खाना खाते समय केवल खाने पर ही ध्यान रहना चाहिए। सकारात्मक विचार रखें तथा नियमानुसार चलने पर ही दीघार्यु प्राप्त कर सकते हैं। सत्र के दौरान सभागार में उपस्थित लोगों द्वारा शरीर को निरोगी रखने से संबंधित अपने प्रश्न भी वैद्य सुविनय दामले जी के समक्ष रखे।

आज एक दिवसीय भारतीय आरोग्य सत्र के दो सत्रों का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र पीएम श्री विद्यालय आटा में आयोजित किया गया जिसमें जनपद के समस्त पीएम श्री विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं अध्यापक सम्मिलित हुए द्वितीय सत्र का आयोजन कलक्ट्रेट सभागार में हुआ जिसमें आयुष विभाग के चिकित्सक एवं आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ ऊषा राजेन्द्र पैंसिया तथा जनपद की समस्त महिला अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट तथा अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा तथा आकांक्षा समिति की अध्यक्ष डॉ ऊषा राजेन्द्र पैंसिया, उप जिलाधिकारी सम्भल वंदना मिश्रा, उप जिलाधिकारी चंदौसी निधि पटेल , पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री गुन्नौर अजीत कुमार उर्फ राजू यादव एवं समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गाय की दुर्दशा पर करणी सेना जिला अध्यक्ष नाराज, एसडीएम से की शिकायत

### असमोली के गुमसानी गांव में घायल गाय तड़पती रही, डॉक्टर मौके पर नहीं पहुंचे

**दैनिक समाज जागरण**

संभल/असमोली ब्लॉक के ग्राम गुमसानी में एक घायल गाय की उपेक्षा का मामला सामने आया है। सुबह 6:00 बजे से घायल अवस्था में पड़ी गाय की सूचना संबंधित अधिकारियों को देने के बावजूद कोई भी चिकित्सकीय सहायता मौके पर नहीं पहुंची, जिससे क्षेत्र में रोष व्याप्त है। करणी सेना के जिला अध्यक्ष ठाकुर रितिक राजपूत ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी सम्भल बांधना मिश्रा से फोन पर बात की और घायल गाय के इलाज की तत्काल व्यवस्था कराने का आग्रह किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सुबह से सूचना देने के बाद भी न तो कोई डॉक्टर आया और न ही किसी प्रकार की सहायता उपलब्ध कराई गई। जब रितिक राजपूत ने पशु चिकित्सक डॉक्टर हेमेंद्र भोपा से संपर्क किया तो उन्होंने दावा किया कि गाय का इलाज हो चुका है। लेकिन मौके पर मौजूद ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि अब तक कोई भी डॉक्टर गांव में नहीं आया और गाय उसी स्थिति में तड़प रही है। रितिक राजपूत ने कहा कि गुमसानी गांव ही नहीं, पूरे क्षेत्र में गायों की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय गौशालाओं में भूसा और चारे की कमी है, और बीमार गायों के इलाज में लापरवाही बरती जा रही है। इस मामले में उपजिलाधिकारी बांधना मिश्रा ने तत्परता दिखाते हुए खंड विकास अधिकारी (BDO) असमोली को तत्काल घायल गाय का इलाज कराने का निर्देश दिया है। रितिक राजपूत ने अधिकारियों से मांग की है कि गौवंश की उपेक्षा किसी भी सूरत में न की जाए और उनकी देखभाल को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि "गाय हमारी संस्कृति और आस्था का प्रतीक है, उसकी सेवा और रक्षा हमारा नैतिक कर्तव्य है।" अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या ठोस कदम उठाता है और क्या वाकई गायों की हालत में कोई सुधार होता है या फिर यह मामला भी सिर्फ शिकायतों तक ही सिमट कर रह जाएगा।

## बिसौली : सिसइया में निकाली गई अंबेडकर शोभा यात्रा

### बाबा साहब के पदचिन्हों पर चलने का लिया संकल्प

**आई एम खान/ दैनिक समाज जागरण ब्यूरो**



बिसौली बदायूं। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का दो दिवसीय जन्मोत्सव समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उपस्थित लोगों ने बाबा साहब के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। तहसील क्षेत्र के गांव सिसइया में बुद्ध आंबेडकर जन्मोत्सव सेवा समिति के तत्वाधान में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती समारोह एवं शोभा यात्रा का शुभारंभ उपखंड अधिकारी अमित कुमार, बौद्ध महा उपासक डॉ. क्रांति कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनोज कुमार एवं एसआई राजीव कुमार सिंह चौहान ने पंचशील ध्वज की झंडी दिखाकर किया। शोभायात्रा गांव के मुख्य मार्गो से होकर अंबेडकर पार्क पहुंची। शोभा यात्रा का जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। बहुजन महापुरुषों की सुंदर झांकियों ने लोगों को भाव विभोर कर दिया।रात्रि में डॉ. आंबेडकर के जीवन दर्शन से ओतप्रोत नाटक का भव्य मंचन किया गया। दूसरे दिन नशा उन्मूलन एवं सर्व शिक्षा अभियान विषय पर विस्तार से चर्चा हुई और बुद्ध के जीवन वृतांत पर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। इस दौरान सीएचसी सैदपुर द्वारा स्वास्थ्य कैंप लगाया गया और मरीजों को मुक्त दवाइयां वितरण की गई। यहां सभा को संबोधित करते हुए लेफ्टिनेंट कर्नल रघुवीर सिंह ने कहां कि बाबा साहब ने भारत में छुआछूत और सामाजिक असमानता के उन्मूलन के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया, हमें उनके आदर्शों पर चलने की जरूरत है। बौद्ध महा उपासक डॉ. क्रांति कुमार ने कहा कि महान बोधिसत बाबा साहब को अपने व्यक्तिगत जीवन में जाति व्यवस्था के भेदभाव एवं असमानता को सहना पड़ा। उन्होंने अपनी उस व्यक्तिगत पीड़ा को सामूहिक मुक्ति के स्वप्न में बदलकर देश को भारतीय संविधान दिया। सभा को डॉ. हरीश दिनकर, महिपाल सिंह टंडन, जयपाल सिंह, हेमेंद्र गौतम, आरपी त्यागी आदि ने भी संबोधित किया। इस दौरान डॉ.क्रांति कुमार, ग्राम प्रधान आनंद भारती एडवोकेट, जयपाल सरपंच, हाकिम सिंह,डॉ.हेमसिंह,डॉ.अजीत बाबू,नरेश गौतम, डॉ मुकेश बाबू, गिरराज किशोर, हरनाम सिंह, राजेश्वर सत्यपाल सिंह, मेहरबान, अरुण कुमार, लव कुमार, हर्षवर्धन, फूल सिंह, सूरजपाल, सरनाम सिंह, प्रेम कुमार, जसवंत सिंह, नेपाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## अफजलगढ़ में शोक की लहर समाजसेवी रईस अहमद का इंतकाल, जनाजे में उमड़ा जनसैलाब

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

अफजलगढ़ के मोहल्ला नायक सराय निवासी समाजसेवी रईस अहमद पुत्र फारूक अहमद का सुबह लगभग 5:30 बजे इंतकाल हो गया। वह काफी समय से बीमार चल रहे थे। तमाम घरेलू और चिकित्सकीय प्रयासों के बावजूद उनकी तबीयत में कोई सुधार नहीं हो सका और आज सुबह उन्होंने आखिरी सांस ली रईस अहमद, नेशनल परिवार एकता संगठन के ज़िला अध्यक्ष नदीम इदरीसी के बड़े भाई थे। उनके इंतकाल की खबर से न सिर्फ. परिवार में, बल्कि पूरे क्षेत्र



में गम की लहर दौड़ गई। रईस अहमद एक नेकदिल, मिलनसार और समाजसेवा में अग्रणी व्यक्ति थे, जिनका समाज में गहरा प्रभाव था नमाज-ए-जनाजा आज असर की नमाज के बाद जामा मस्जिद अफजलगढ़ में अदा की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। मस्जिद से लेकर कब्रिस्तान तक लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। उन्हें नम आंखों के साथ स्थानीय कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया मरहूम के इंतकाल से मोहल्ला नायक सराय सहित पूरे अफजलगढ़ में शोक की लहर है। अजीजों, रिश्तेदारों, मोहल्ले व क्षेत्र के लोगों ने उनके घर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से ताज़ियत की और मरहूम की मगफिरत के लिए दुआ की। रईस अहमद की शख्सियत और उनके कामों को लंबे समय तक याद किया जाएगा। अल्लाह तआला मरहूम को जन्नतुल फि रदौस में आला मुकाम अता फरमाए और उनके परिवार को सब्र-ए-जमील दे – आमीन।

## व्यापारी से मारपीट कर मोबाइल तोड़ा, पत्थरबाजी से गाड़ी क्षतिग्रस्त; तीन आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

चांदपुर, बिजनौर। ग्राम रूपपुर निवासी ईंट भट्ठा मालिक व्यापारी कपिल कुमार के साथ धनौरा फाटक के पास दबंगों ने मारपीट कर दी। कपिल जब सोमवार शाम को अपने भट्ठे से लौट रहे थे, तभी आरोपित नईम अहमद और सरफराज ने बाइक सामने लगाकर उनकी कार को जबरन रोक लिया। व्यापारी के विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। उनका मोबाइल फोन तोड़ दिया गया और पत्थरबाजी कर गाड़ी को नुकसान पहुंचाया गया। हमले में व्यापारी को



हल्की चोटें भी आईं। आसपास के लोगों को आता देख हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने तीन आरोपियों नईम अहमद, नाजिम और वसीम उर्फ टोनी को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य हमलावरों की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही सभी को हिरासत में लिया जाएगा।

## अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

बिजनौर में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। एसडीएम सदर अवनीश त्यागी के नेतृत्व में तहसील की टीम ने बिना लेआउट पास कराए विकसित की जा रही कॉलोनियों पर बुलडोजर चलाया। टीम ने सबसे पहले रावली मार्ग स्थित ग्राम अमीपुर बेगा में कार्रवाई की। यहां कॉलोनी मालिक न तो भूमि श्रेणी परिवर्तन का प्रमाण दिखा सका और न ही स्वीकृत लेआउट। इसके बाद प्राचीन काली देवी मंदिर के पास आम के बाग में बन रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया गया। प्रशासन ने फरीदपुर उड़द में एक, कस्बा बिजनौर में दो और सुल्तानपुर टप्पा हवेली में दो कॉलोनियों पर कार्रवाई की। इन सभी जगहों पर बाउंड्री, सड़कें, बिजली के पोल और अवैध निर्माण को जेसीबी से तोड़ा गया। बिजनौर शहर और आसपास के क्षेत्रों में अवैध कॉलोनियों की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। प्रशासन की दो दिन की इस कार्रवाई से अवैध कॉलोनी विकसित करने वालों में हड़कंप मच गया है।वहीं एसडीएम सदर अवनीश कुमार त्यागी ने बताया-शहर के आसपास अवैध रूप से बिना ले आउट पास कराए कॉलोनियां विकसित



की जा रहे हैं। इन कॉलोनी में मूलभूत सुविधाएं नहीं होती हैं, जैसे बिजली पानी सड़क कॉलोनाइजर्स कॉलोनी में ग्राहकों को सभी सुविधाओं के सपने दिखाकर प्लाट बेचकर गायब हो जाते हैं। उसके बाद ग्राहक परेशान होते हैं और वह मकान बनाने के लिए नक्शा बिजली और पानी का कनेक्शन की प्रयास करते हैं लेकिन कॉलोनी पास नहीं होने पर उन्हें कोई भी सुविधा नहीं मिलती जिसके चलते वह है काफी परेशान होते हैं। जिसकी शिकायत उन्हें और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को लगातार मिल रहे थे जिसके चलते करीब आधा दर्जन कॉलोनी पर कार्रवाई की गई है और यह कार्रवाई आगे भी चलती रहेगी

## अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर एसडीएम सदर के नेतृत्व में प्रशासन की सख्त कार्रवाई

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

बिजनौर। प्रशासन ने अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए शनिवार को बड़ी कार्रवाई की। एसडीएम सदर अवनीश त्यागी के नेतृत्व में तहसील टीम ने बिना स्वीकृति और लेआउट पास कराए तैयार की जा रही कॉलोनियों को ध्वस्त किया कार्रवाई की शुरूआत रावली मार्ग स्थित ग्राम अमीपुर बेगा से की गई। यहां कॉलोनी बसाने वाले व्यक्ति के पास भूमि श्रेणी परिवर्तन का कोई प्रमाण और लेआउट की मंजूरी नहीं थी। इसके चलते टीम ने मौके पर ही निर्माण को तोड़ दिया। इसके बाद टीम प्राचीन काली देवी मंदिर के पास आम के बाग



में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर पहुंची, जहां बिना अनुमति चल रहे निर्माण पर बुलडोजर चलाया गया। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि बिना अनुमति कॉलोनी बसाने वालों के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## खेत में निकला विशाल अजगर, उमड़ी भीड़ गांव में सनसनी

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

बिजनौर (हीमपुर दीपा)। थाना हीमपुर दीपा क्षेत्र के ग्राम उमरी पीर में एक खेत में अचानक विशालकाय अजगर सांप निकलने से इलाके में सनसनी फैल गई। खेत में काम कर रहे किसान की नजर जब अजगर पर पड़ी, तो वह घबरा गया और शोर मचा दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े। कुछ ही देर में खेत में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोग अजगर को देखने के लिए उत्सुक थे, लेकिन इस दौरान कुछ लोग उसे छेड़ते हुए भी नजर आए, जिससे अजगर के हमलावर होने का खतरा भी बना रहा। गनीमत रही कि किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ ग्रामीणों ने मौके की गंभीरता को समझते हुए तुरंत वन विभाग को सूचना दी। विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और अजगर को सुरक्षित पकड़ने की प्रक्रिया शुरू की। वन विभाग के अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि किसी भी जंगली जीव को छेड़ने से बचें और ऐसी स्थिति में तुरंत संबंधित विभाग को सूचित करें, ताकि जान-माल की हानि से बचा जा सके।

## मिशन शक्ति फेज-5 एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं और छात्राओं को साइबर क्राइम व महिला सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

बिजनौर। मिशन शक्ति फेज-5 के विशेष अभियान के अंतर्गत बिजनौर में एंटी रोमियो टीम द्वारा महिलाओं, बालिकाओं और छात्राओं को साइबर क्राइम, महिला स्वावलंबन और सशक्तिकरण के विषय में जागरूक किया गया। टीम ने जागरूकता अभियान के तहत आत्मरक्षा, ऑनलाइन सुरक्षा और महिला अधिकारों पर जानकारी साझा की। इस अवसर पर छात्राओं और महिलाओं



को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जिनमें 1090 (वुमेन पावर लाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) और 181 (महिला हेल्पलाइन) प्रमुख हैं, ताकि वे किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें। यह अभियान महिलाओं की सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और समाज में उनकी सशक्त भागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम पहल साबित हो रहा है।

## रंग लाई मेहनत, राजकीय विद्यालय का संचालन हुआ शुरू

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

राजकीय कन्या इंटर कॉलेज का शैक्षणिक सत्र के लिए पंजीकरण हुए शुरू, अभिभावकों को मिलेगी प्राईवेट स्कूलों की मनमानी से निजात, बंद होगा आर्थिक मानसिक शोषण, पंजीकरण शुरू होने से अभिवावकों में खुशी की लहर। आपको बता दें कि जनपद बिजनौर के अफजलगढ ब्लॉक की ग्राम पंचायत रसूलपुर आबाद के गांव रसूलाबाद में स्थित राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए पंजीकरण आज से शुरू हो गये। जीआईसी अफजलगढ से सहायक अध्यापक सत्यदेव शर्मा ने आज विद्यालय परिसर पहुँचकर विधिवत पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू की। उन्होने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप उच्चाधिकारियों के निदेर्शों पर आज पंजीकरण का काम शुरू किया गया है। विद्यालय के निर्माण में अपना अहम योगदान देने वाले सामाजिक कार्यकर्ता विपिन यादव ने बताया कि उनके प्रयासों और राजकीय इंटर कॉलेज अफजलगढ़ के तत्कालीन प्रधान अध्यापक सत्यवीर सिंह के विषेष सहयोग के कारण वर्ष 2018 में 4 करोड़ 18 लाख रुपए की लागत से बनने वाले विद्यालय के स्वीकृति अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से मिली थी। विद्यालय का सत्र शुरू होने पर उन्होने खुशी जताते हुए कहा कि उनकी मेहनत सफल हो गयी है। अब किसी भी गरीब विद्यार्थी को संसाधनों के अभाव में अपनी पढ़ाई नहीं छोडनी पडेगी। उन्होनें सभी अभिभावकों से बढ-चढ कर विद्यालय में रजिस्ट्रेश करवाने की अपील की।

## जंगल गए दो ग्रामीणों पर गुलदार ने किया जानलेवा हमला

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर**

बिजनौर/ रेहड़ क्षेत्र में गुलदार का आतंक जारी है। नारायणवाला और उमरपुर नत्थन के जंगल में गुलदार ने दो बाइक सवार युवकों पर हमला कर दिया। दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। पहला घायल युवक फतेहपुर धारा गांव का 22 वर्षीय नन्दलाल है। गुलदार ने उसके पैर पर हमला किया।दूसरा घायल युवक उमरपुर नत्थन गांव का 15 वर्षीय राज है। वह अपने साथियों के साथ गांव कल्लूवाला में गन्ने की ईख छीलने जा रहा था। गुलदार ने राज के सिर और पैर पर हमला किया। आसपास के किसानों ने शोर की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचकर दोनों युवकों की जान बचाई। घायलों को पहले पीएचसी कासमपुरगढ़ी में भर्ती कराया गया। बाद में उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

# एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में उठी आवाज

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**




अलीगढ़ : सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खैर मार्ग में एक देश एक चुनाव पर संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी का शुभारंभ कोल विधायक अनिल पराशर, भाजपा महानगर अध्यक्ष इंजीनियर राजीव शर्मा, भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश संगठन मंत्री शंकरलाल, प्रबंधक डॉ. राजीव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुदेश कुमार गौड़, समाजसेवी दीपक अग्रवाल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन से किया। शैक्षिक समन्वयक अशोक कुमार ने सभी आगंतुक अतिथियों का परिचय कराया।

कोल विधायक अनिल पाराशर ने कहा कि नरेंद्र मोदी का यही दृष्टिकोण है कि कैसे भारत का विकास हो और कैसे विभिन्न कानूनों का सरलीकरण हो। एक राष्ट्र एक चुनाव भी इसी के अंतर्गत है। बार बार चुनाव प्रक्रिया से देश का विकास अवरुद्ध होता है। हमें इस विषय की चर्चा जन-जन तक पहुंचनी है। प्रबन्धक डॉ0 राजीव अग्रवाल ने कहा कि हमारे देश में हर समय कोई न कोई चुनाव होता रहता है। इससे देश की शक्ति इनको सम्पन्न कराने में लगी रहती है। एक देश एक चुनाव से अनावश्यक खर्चे तो बचेंगे कि साथ ही संसाधनों का विकास में सदुपयोग भी हो सकेगा। इससे प्रशासनिक लागत में बचक्त, निरभड़ शासन और नीति कार्यान्वयन में सुनिश्चितता, मतदाताओं की निरंतर सहभागिता में कमी एवं राजनीतिक स्थिरता आर्थिक विकास और निवेशकों के विश्वास में बढ़ावा। मिलेगा। हम सभी को इस संबंध में परिवार एवं समाज के विभिन्न वर्गों में चर्चा करनी होगी और सभी को ह्यएक देश एक चुनावह्ण के विभिन्न पहलुओं को जानने का अवसर प्रदान करना होगा एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में विद्यालय द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को ज्ञापन भी प्रेषित किया गया। प्रधानाचार्य विजय प्रकाश शर्मा ने सभी आगंतुक अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन नीलम भारद्वाज ने किया।

# ऑपरेशन जागृति अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों की रोकथाम

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**



अलीगढ़। सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में ऑपरेशन जागृति अभियान के क्रम में थाना प्रभारियों, महिला पुलिसकार्मिकों द्वारा महिला एवं बालिकाओं को ऑपरेशन जागृति-4 के उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है और अभियान का जन-जन तक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई। श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा जोन स्तर पर महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण, संवाद व परामर्श एवं विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु जोन स्तर पर ऑपरेशन जागृति अभियान की शुरूआत की गयी थी। ऑपरेशन जागृति-4 के छह मुख्य उद्देश्य महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध की रोकथाम, उनकी सुरक्षा, समानता व अधिकार पर चर्चा, महिलाओं को मोहरा बनाकर झूठे केस दायर करना, किशोरावस्था में प्रेम प्रसंगों के कारण घर से पलायन, साइबर हिंसा व सुरक्षा, नशे के दुष्परिणामों से बचाव व पारिवारिक विघटन के मामलों पर चर्चा शामिल है।

प्रशिक्षित बीट पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी व बीट इंचार्ज द्वारा अपने अपने क्षेत्रों के ग्राम पंचायत स्तर पर गाँवों मौहल्ले में महिलाओं एवं किशोरियों के साथ समन्वय करते हुए विभिन्न कार्यक्रम, नुक्कड़ सभा आयोजित कर जागृति के उद्देश्यों के प्रति जागरुक किया जा रहा है । बीट पुलिस अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत व विद्यालयों में भ्रमण कर छात्राओं को जागरुक किया जा रहा है। ऑपरेशन जागृति अभियान की सहायता से महिलाओं व बालिकाओं के प्रति अपराधों में कमी आयेगी, गलत सूचनाएं दर्ज करने मे भी कमी आयेगी, कांउसलिंग और रिपोर्टिंग सिस्टम मजबूत होगा, पलायन सम्बन्धी मामलों में भी कमी आयेगी। इन सभी परिस्थितियों में सामाजिक जागरूकता, संवाद शिक्षा और परामर्श (counselling@support) की बेहद आवश्यकता है ताकि महिलायें एवं बालिकायें इस प्रकार के षडयंत्रों का शिकार न बने, भावनाओं में बहकर अपना जीवन बर्वाद न करें और उन्हें मोहरा न बनाया जाए, यदि वास्तव में उनके साथ किसी प्रकार का अपराध घटित होता है तो वह सच बोलने की हिम्मत रख पाये और विधिक कार्यवाही के साथ-साथ उनको counselling@support मिल सके।

# एकीकृत कृषि प्रणाली से किसान होंगे लाभान्वित

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**

अलीगढ़। मंगलायतन विश्वविद्यालय में कृषि विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय के सेवानिवृत प्रोफेसर करम हुसैन विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने एकीकृत फसल प्रणाली पर व्याख्यान देते हुए बताया कि किस तरह हम



अपने संसाधन का प्रयोग करके खेती करें। जिससे हमारे आने वाली पीढ़ी भी इन प्राकृतिक संसाधनों का लाभ उठा सकें। मुर्गी पालन, पशु पालन, जैविक खेती, फसल उत्पादन, मछली पालन का किस तरीके से प्रबंधन किया जाए की हमें बाजार पर कम से कम निर्भर होना पड़े और किसान ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित हो। कार्यक्रम के आरंभ में कृषि विभाग के अध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार ने अतिथि परिचय देते हुए उनका स्वागत किया। संचालन डा. मयंक प्रताप ने किया। प्रो. वेदरतन ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डा. आकांक्षा सिंह, डा. संजय सिंह, डा. पवन कुमार सिंह, डा. विपिन कुमार, डा. प्रत्यक्ष पांडेय, डा. कृष्ण कुमार पटेल व डा. रोशन लाल आदि थे।

# फ्रंट ऑफिस खोले जाने का शासन से नहीं हैं कोई निदेर्श: मण्डलायुक्त

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**



अलीगढ़ : निबंधन कार्यालय में प्रस्तावित फ्रंट ऑफिस की स्थापना को लेकर सोमवार को तहसील कोल राजस्व एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय सिंह तेवतिया, महासचिव महेन्द्र प्रताप सिंह धाकरे, मण्डलीय बार एसोसिएशन अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार पचौरी, एडवोकेट एवं सेक्रेटरी प्रान्त गौरव शर्मा ने उप महानिरीक्षक निबंधन के साथ मण्डलायुक्त श्रीमती संगीता सिंह से महत्वपूर्ण वार्ता की। मण्डलायुक्त ने बताया कि फ्रंट ऑफिस खोले जाने के लिए शासन से अभी तक कोई निर्देश भी निर्गत नहीं किए गए हैं।

फ्रंट ऑफिस की स्थापना से आम जनता को बेहतर सुविधाएँ जैसे बैठने की समुचित व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय, सटीक मार्गदर्शन एवं सूचनाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उप निबंधक कार्यालय का निजीकरण नहीं किया जा रहा है और अधिवक्ताओं एवं दस्तावेज लिखकों के कार्यों में कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। अधिवक्ता एवं दस्तावेज लेखक पूर्व की भांति निर्बाध रूप से कार्य करते रहेंगे। उप महानिरीक्षक निबंधन शिव शंकर यादव ने बताया कि वार्ता के सकारात्मक परिणामस्वरूप तहसील कोल राजस्व एसोसिएशन एवं मण्डलीय बार एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने अपनी हड़ताल समाप्त करने पर सहमति जताई है।

# डीपीओ ने ब्लॉक जवॉ में विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**



अलीगढ़। जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण कान्त राय द्वारा ब्लॉक जवॉ के अंतर्गत संचालित विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का खंड परियोजना अधिकारी श्रीमती प्रीति सिंह, सुपरवाइजर श्रीमती गायत्री एवं रॉकेट लर्निंग के जिला समन्वयक जयप्रकाश के साथ औचक निरीक्षण किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र रामगढ़ पंजीपुर के निरीक्षण के दौरान केंद्र पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री समुन देवी एवं सहायिका सावित्री देवी उपस्थित पाई गईं। बच्चों की उपस्थिति संतोषजनक रही और निपुण भारत अभियान के अंतर्गत बच्चों को दी जाने वाली जानकारी उपयुक्त स्तर पर पाई गई। केंद्र पर पोषण, शौचालय, पेयजल एवं अन्य आधारभूत सुविधाएं भी क्रियाशील पाई गईं।

आंगनबाड़ी केंद्र रामगढ़ पंजीपुर संख्या 2 व 3 दोनों केंद्र एक साथ संचालित हैं, तथापि बच्चों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम होने एवं केंद्र पर कुछ बड़े बच्चे भी उपस्थित पाए जाने पर इस संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकत्री मालती देवी एवं सहायिका लंकिनी से पूछताछ की गई। निरीक्षण के दौरान ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस की स्थिति असंतोषजनक रही जबकि निपुण भारत अभियान के अंतर्गत बच्चों को दी जाने वाली सामान्य जानकारी न्यून स्तर पर पाई गई। इस दौरान हॉट कुक्ड मील वितरण, भवन की संरचनात्मक स्थिति, स्वच्छता, शौचालय एवं पेयजल की व्यवस्था की भी समीक्षा की गई।

आंगनबाड़ी केंद्र हैबतपुर सिया के निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्री सर्वेश देवी एवं सहायिका मुन्नी उपस्थित पाई गईं। केंद्र पर समुचित साफ-सफाई व्यवस्था न होने, आंगनबाड़ी कार्यकत्री की कार्यप्रणाली असंतोषजनक न पाए जाने एवं पूर्वान्ह 11:30 बजे भी केंद्र पर बच्चों की उपस्थिति होने पर डीपीओ के0के0 राय ने असंतोषजनक प्रगति वाले आंगनबाड़ी केंद्रों के संबंध में सीडीपीओ जवां से स्पष्टीकरण प्राप्त किए जाने के निर्देश दिए।

# मिस्टर फेयरवेल बने बॉबी, मिस फेयरवेल बनीं चेतना

**दैनिक समाज जागरण – अहोराम राजौरिया**

अलीगढ़। मंगलायतन विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ एप्लाइड साइंस में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जूनियर विद्यार्थियों ने अपने सीनियर साथियों को विदाई दी। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से की गई।

विभागाध्यक्ष प्रो. मनीषा शर्मा ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना



करते हुए कहा कि यह फेयरवेल केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि यादों का एक सेतु है, जो जीवन भर जोड़े रखेगा। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की रचनात्मकता और ऊर्जा सराहनीय है। कार्यक्रम में गीत, नृत्य और संगीत की प्रवाहित त्रिवेणी ने समां बांध दिया। हर प्रस्तुति पर दर्शकों ने तालियों की गूंज से उत्साहवर्धन किया। फेयरवेल समारोह के अंत में मिस्टर फेयरवेल के खिताब से बॉबी सिंह और मिस फेयरवेल के खिताब से चेतना सिंह को नवाजा गया। सभी विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न के रूप में उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में डा. पूनम रानी, डा. स्वाति अग्रवाल, डा. हिबा इस्लाही, डा. प्रभात बंसल, डा. सौरभ गुप्ता, डा. नीलम सिंह, डा. रोबिन वर्मा, डा. मनीष राव, श्रेष्ठ उपाध्याय आदि थे।

# धूम धाम से निकली भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा

**दैनिक समाज जागरण– ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! जनपद फिरोजाबाद में धूमधाम से भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सभी विप्र बंधुओं ने बढ़ चढ़ हिस्सा लिया है।

शोभा यात्रा शाम 6:00 बजे राजा दालमिल से प्रारंभ हुई जिसमें मुख्य अतिथि स्व रामवीर उपाध्याय के भाई रामेश्वर उपाध्याय व सौरभ उपाध्याय, कौशल किशोर उपाध्याय व शोभायात्रा अध्यक्ष आशू उपाध्याय ने आरती कर शोभायात्रा को आगे बढ़ाया। शोभायात्रा में भगवान भोलेनाथ की झांकी, राधा कृष्ण की झांकी, काली अखाड़ा, घोड़े आदि कई झांकियो के साथ भगवान परशुराम का डोला मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। शोभा यात्रा में प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था रही व समाज सेवियों द्वारा यात्रा मार्ग पर स्टॉल लगाकर मीठे पानी (शरबत) की भी व्यवस्था की गई एवं जगह जगह भगवान परशुराम की आरती उतार माल्यार्पण कर किया भव्य स्वागत किया। शोभायात्रा अध्यक्ष आशू उपाध्याय ने सभी विप्र बंधुओं का धन्यवाद ज्ञापन किया।

शोभायात्रा में मुख्य रूप से अशोक शुक्ला, वीनेश शर्मा, सतीश शास्त्री, श्रीओम शर्मा, हरिओम शर्मा रगी, बसंत शर्मा, विष्णू उपाध्याय, मयंक रावत, गोपाल भारद्वाज, निक्की शर्मा, रितिक उपाध्याय, शिवम शर्मा, गोपाल उपाध्याय, बंटी उपाध्याय, रजत उपाध्याय, गौरव मिश्रा के साथ सैकड़ों विप्र बंधुओं उपस्थित रहे।

# आव गंगा के साथ लोगों की भावनाएं और भक्ति दोनों जुड़ी हैं

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद! पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के मार्गदर्शन और जिलाधिकारी के प्रेरणादायीं नेतृत्व और मुख्य विकास अधिकारी की सक्रियता के चलते आव गंगा नदी के पूर्नोद्धार कार्य मनरेगा के अंतर्गत ग्राम करहरा ब्लॉक अरांव में सामौर बाबा मंदिर के पास युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है आओ गंगा से न केवल धार्मिक मान्यताएं जुड़ी है अपितु इसके साथ गांव के लोगों की ऐतिहासिक मान्यताएं और भावनात्मक जुड़ाव भी सम्बद्ध है, इसके जीर्णोद्धार से वहां के स्थानीय लोगों से लेकर पशु-पक्षियों को भी लाभ पहुंचेगा यह नदी ग्राम पंचायत करहरा में प्रथम तालाब सिरसागंज से पेंगू मार्ग के बाई तरफ स्थित है, जिसे परमाली तालाब कहा जाता है, परमाली तालाब से पहले आव गंगा पंचायत कीठोत तरफ स्रे बहती हुई प्रवेश करती है, सामौर बाबा मंदिर से निकालकर आव गंगा लगभग 1.5 किलोमीटर करहरा पंचायत में बहती हुआ ग्राम पंचायत किश्रांव में प्रवेश करती है, विकासखंड अरांव की कुल 11 पंचायतों में मनरेगा के माध्यम से आओ गंगा पर कार्य कराया जाना प्रस्तावित है, जिसका विवरण निम्नवत है।

ग्राम पंचायत रुधैनी में 1.05. किलोमीटर ग्राम पंचायत भदेसरा में 1.05 किलोमीटर कीठोत में 2 किलोमीटर, करहरा में 2 किलोमीटर, किशरांव में 0.7 किलोमीटर, सिंगेमई में 1.6 किलोमीटर, सोथरा में 0.58 किलोमीटर, अकबरपुर सराय में 1.8 किलोमीटर, गुरैया सोयलपुर में 0.52 किलोमीटर, बहादुरपुर में 1.9 किलोमीटर, फक्करपुर में 1.5 किलोमीटर इस प्रकार कुल 15.15 किलोमीटर में कार्य कराया जाना है, जिलाधिकारी ने कहा कि आव गंगा के साथ लोगों की भावनाएं और



भक्ति दोनों जुड़ी हैं, इसलिए इस कार्य को गुणवत्तापूर्वक और ससमय पूरा करें, जिससे इसका लाभ यहां के स्थानीय निवासियों को दिलाया जा सके।

# पॉपकॉर्न मेकिंग मशीन के लिए 09 मई तक करें ऑनलाइन आवेदन

अलीगढ़ : जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संजीदा बेगम ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में पॉपकार्न मेकिंग मशीनों का वितरण किया जाना है। उन्होंने बताया कि पॉपकार्न बनाने वाले भुर्जी समाज के कारीगर एवं इस उद्योग में परम्परागत एवं स्वरोजगार में रूचि रखने वाले कारीगर अपने आवश्यक अभिलेख जैसे- राशन कार्ड, आधार कार्ड, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, फोटोग्राफ, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) ऑन लाइन पोर्टल नचाअपइ.हवअ.पद की ऑनलाइन सेवाओं के अन्तर्गत ऑनलाइन टूलकिटस पंजीकरण एवं आवंटन के नाम से अपलोड पर पंजीकरण, 09 मई तक आवेदन कर सकते है। जिससे चयन समिति द्वारा अभ्यर्थियों के चयन की कार्यवाही कर वितरण किया जा सकें।

# नगर निगम की टीम को साथ लेकर सर्विस रोड से हटवाया अतिक्रमण

**दैनिक समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! यातायात पुलिस एवं नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा अभियान




चलाकर सर्विस रोड से हटाया गया अतिक्रमण

सोमबार की अपरान्ह यातायात पुलिस और नगर निगम की सँयुक्त कार्यवाही के दौरान जिला अस्पताल की साइड पर बने सर्विस रोड पर लगने वाले खाने पीने का सामान की बिक्री करने वाले ठेलो को हटवाया गया,

यातायात पुलिस के सीओ तेजस त्रिपाठी ने बताया कि सुभाष तिराहे से मेडिकल कॉलेज की तरफ आने जाने में एम्बुलेंसों के अलावा रोगियों को उपचार कराने के लिये यहाँ से जाने पर साइड में लगे वाहनों अथवा ठेल - खोमचे वालो के जाम का सामना करना पड़ता है। जिसको लेकर आज नगर निगम की टीम को साथ लेकर यह अभियान चलाया गया है।

# एम डी जैन इंटर कॉलेज में छात्राओं ने भारतीय संविधान पर बनाए आकर्षक पोस्टर

**दैनिक समाज जागरण**



सिरसागंज! नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज में विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज जैन एवं विद्यालय के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में कक्षा 12 की छात्राओं के मध्य भारतीय संविधान पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अश्वनी कुमार जैन ने कक्षा 12 की छात्राओं के पोस्टरों की प्रशंसा करते हुए बताया कि भारत का संविधान, भारत का सर्वोच्च विधान है। भारत का संविधान संविधान सभा द्वारा 26 नवम्बर 1949 को पारित हुआ था। इसलिए 26 नवम्बर को प्रतिवर्ष संविधान दिवस के रूप में सम्पूर्ण देश में मनाया जाता है। संविधान सभा के अस्थायी अध्यक्ष सच्चिदानंद सिन्हा, स्थायी अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र प्रसाद एवं प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ भीमराव अंबेडकर थे। इस संविधान को बनने में 2 वर्ष 11 माह 18 दिन लगे। 26 नवम्बर 1949 को पारित होने के पश्चात भारत में संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था। इसलिये प्रतिवर्ष 26 जनवरी को देश में गणतंत्र दिवस अत्यंत४ हर्षोल्लास से मनाया जाता है। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु कुलसुम, द्वितीय स्थान कु शिखा, मोनिका एवं तृतीय स्थान कु रोशनी ने प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में कु पूनम, अल्शिफा, संध्या, तनवी, अंशिका मिश्रा, ज्योति, सिमरन, डॉली, साक्षी, आयशा, पारुल, शैली, तान्या की सहभागिता रही। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# देश में जल संकट को लेकर प्रधानमंत्री हैं चिंतित : अरविंद शर्मा

**दैनिक समाज जागरण,( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल-भिवानी। हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा ने समाज व राष्ट्र को समर्पित नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति के अध्यक्ष व राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज के निवास स्थान पर पहुंचकर उनके सामाजिक व राष्ट्रीय कार्यों की सराहना की। उन्होंने हाल ही में भारत सरकार द्वारा अशोक भारद्वाज को हिट एंड रन सड़क सुरक्षा कानून का सदस्य नियुक्त किए जाने पर बधाई भी दी।

अरविंद शर्मा लंबे समय से अशोक भारद्वाज के जनहित में किए जा रहे अभियानों से जुड़े हुए हैं। अचानक निवास स्थान पर पहुंचने पर भारद्वाज ने अपने अभियानों की जानकारी देते हुए मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने अरविंद शर्मा को पटका, शॉल, नव दुर्गा शक्ति मणिका और रिफ्लेक्टर युक्त औषधीय पौधा भेंट कर सम्मानित किया। इस विशेष व संदेश युक्त सम्मान को पाकर मंत्री शर्मा भावुक हो उठे और कहा कि "समाज और राष्ट्र निर्माण में ऐसे प्रतीकात्मक सम्मान जागरूकता का माध्यम बनते हैं।"

मंत्री ने जल संरक्षण, सड़क सुरक्षा और नशा मुक्ति जैसे विषयों पर विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि देश और दुनिया में जल संकट गहराता जा रहा है, जिस पर गंभीर चिंतन और ठोस प्रयासों की आवश्यकता है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जल जीवन मिशन, हर घर नल से जल, कैच द रेन, अटल भूजल योजना, जल शक्ति अभियान,एक पौधा मां के नाम जैसे अभियानों का हवाला देते हुए उन्होंने लोगों से इनसे जुड़ने की अपील की। कहा कि देश और दुनिया में जल संकट और पर्यावरण असंतुलन गंभीर चुनौती बनते जा रहे हैं।



जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और वृक्षारोपण समय की आवश्यकता है। हमें जल जीवन मिशन, कैच द रेन, और "एक पौधा मां के नाम" जैसे अभियानों से जुड़कर प्रकृति को संतुलित रखने में योगदान देना होगा। हर व्यक्ति का छोटा प्रयास भी बड़ा परिवर्तन ला सकता है। पर्यावरण की रक्षा ही आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य दे सकती है।

हिट एंड रन सड़क सुरक्षा कानून को लेकर उन्होंने कहा कि इससे पीड़ितों को समय पर न्याय और राहत मिलेगी। युवाओं को नशे से बचाना समय की मांग है। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने का संदेश दिया। कहा देश के प्रधानमंत्री ने धरा को हरा भरा बनाने के लिए एक पौधा मां के नाम लगाना चाहिए।

इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता योगेश शर्मा, मीनू अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, हरीश शर्मा हलवास, केके वर्मा, मास्टर कपिल वर्मा, लक्ष्मण गौड़, राजेश कुमार, सुरेंद्र शर्मा, रामबिलास शर्मा, अमित कुमार, प्रताप सैनी, दीपक सैनी, नरेश सैनी और ओमप्रकाश सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# तमंचा कारतूस सहित किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। थाना लाइनपार पुलिस ने एक अभियुक्त को चैकिंग के दौरान गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने असलाह बरामद किया। प्रभारी निरीक्षक संजुल पाण्डेय थाना लाइनपार ने पुलिस बल के साथ चैकिंग के दौरान एक अभियुक्त को पकड़ा है। पुलिस ने उसे नकटपुरा अंडरपास थाना क्षेत्र लाइनपार से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्त का नाम विशाल यादव पुत्र सतीश बाबू बताता गया है। वह ग्राम वासदेवपुर थाना लाइनपार क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से एक तंमचा 315 बोर तथा 2. जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किए है। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर थाना लाइनपार पर उसके खिला धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी ने बताया पकड़ा गया अभियुक्त शातिर अपराधी है। पुलिस को देख उसने भागने का प्रयास किया था।

# सुभासपा ने एसडीएम ओबरा को, प्रधानमंत्री के नाम से धन्यवाद ज्ञापन सौपा

**संवाददाता शिव प्रताप सिंह। दैनिक समाज जागरण**



ओबरा/ सोनभद्र। जनपद सोनभद्र के ओबरा तहसील परिसर में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के निदेर्शानुसार सोनभद्र के पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र निषाद के नेतृत्व में पार्टी के संगठन के समस्त जिम्मेदार व पदाधिकारी द्वारा तहसील ओबरा के उपजिलाधिकारी विवेक सिंह के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत सरकार को धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। हर्ष व अभिनंदन के साथ धन्यवाद ज्ञापित किया गया। एनडीए सरकार द्वारा सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय ओम प्रकाश राजभर जी के विगत 22 वर्षो से जाति जनगणना कराने हेतु गांव-गांव शहर-शहर सदन से लेकर सड़क तक संघर्ष कर रहे थे। जिसमें संगठन के द्वारा विभिन्न माध्यमों से हक हिस्से की लड़ाई लड़ने का कार्य करते रहे। माननीय जी के द्वारा जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उसकी उतनी भागीदारी, सुनिश्चित करने के लिए जाति जनगणना बहुत ही जरूरी है। एनडीए सरकार द्वारा जब पर घोषणा हुआ है कि 2025-26 जाति जनगणना होने का शोषित वंचित वर्ग को खुशी की लहर उठी है। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष माननीय राजेश यादव, कोऑर्डिनेटर विंध्याचल मंडल राजेंद्र पटेल,प्रदेश संगठन मंत्री संदीप कश्यप अमरेश यादव, विनोद राजभर, अशोक गुर्जर, लाल साहब निषाद, जितेंद्र मौर्य सदाफल निषाद, राज नारायण शर्मा, वीर सिंह, अनिल भारती, मनमोहन निषाद, वृंदा देवी, फूलमती, मिथिलेश, ललऊ विजेंद्र मिश्रा, रामायण यादव, सीता देवी गीत देवी, आदि जिले के समस्त पदाधिकारी जिला ब्लाक विधानसभा मंडल प्रदेश के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अनपरा तापीय परियोजना को मिला प्रशंसा प्रशस्ति पत्र

## सीजीएम को अभियंता संघ और परियोजना के अधिकारियों व कर्मचारियों ने बुके देकर दिया बधाई

**ऊर्जांचल संवाददाता मु० हफीज फुलील। दैनिक समाज जागरण**



अनपरा/ सोनभद्र। अनपरा तापीय परियोजना के 500 मेगावाट की अनपरा ब एवं द ताप विद्युत गृह की इकाइयों द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 की अवधि में इकाईयों के संचालन में कई उपलब्धियां प्राप्त की गई है।

विदित हो कि अनपरा द ताप विद्युत गृह द्वारा सर्वश्रेश्ठ सहायक संयंत्र खपत 6.01 प्रतिषत (मा0यू0पी0ई0आर0सी0 मानक 6.25 प्रतिशत के सापेक्ष) प्राप्त किया है, जो कि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की सभी तापीय परियोजनाओं में सर्वश्रेष्ठ है साथ ही इस ताप विद्युत गृह द्वारा सर्वश्रेष्ठ हीटरेट 2303 किलो कैलोरी प्रति यूनिट प्राप्त किया है जो कि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की सभी तापीय परियोजनाओं (सबक्रिटिकल इकाईयों) में सर्वश्रेश्ठ है।

इसी प्रकार अनपरा ब तापीय परियोजना के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 की अवधि मे सर्वश्रेष्ठ विशिष्ट तेल खपत 0.242 मिलीलीटर प्रति यूनिट (मा0यू0पी0ई0आर0सी0 मानक 0.50 मिलीलीटर प्रति यूनिट के सापेक्ष) प्राप्त किया है, जो कि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की सभी तापीय परियोजनाओं में सर्वश्रेष्ठ है। इसके साथ ही ब ताप की इकाई संख्या चार का बिना किसी ट्रिपिंग के निरंतर संचालित हो रही है।प्रबंध निदेशक ने इस उपलब्धि हेतु परियोजना प्रमुख इं जेपी कटियार एवं सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर बधाई देते हुए कहा कि इकाइयों से सतत उत्पादन दशार्ता है कि ताप विद्युत गृह टीम की संचालन क्षमता तकनीकी दक्षता एवं अनुशासन अत्यंत उच्च स्तरीय है यह उपलब्धि ताप विद्युत गृह टीम की कड़ी मेहनत, नियोजित रख रखाव और उत्कृष्ट प्रबंधन प्रणाली का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि अनपरा परियोजना की यह उपलब्धि न केवल अन्य परियोजनाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है, बल्कि निगम के समग्र प्रदर्षन को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। प्रबंध निदेशक ने मैं अनपरा- ब एवं द ताप विद्युत गृह के सभी अधिकारियों, अभियंताओं एवं कर्मचारियों को इस उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा है कि अनपरा- ब एवं द ताप विद्युत गृह की टीम भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्टता के नए मानदंड स्थापित करते हुए निगम के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करती रहेगी।

इस उपलब्धि को परियोजना प्रमुख इं जेपी कटियार, मुख्य अभियंता इं मधु मुखरैया, महाप्रबंधक अ एवं ब इं दूधनाथ एवं महाप्रबंधक इं विजय बहादुर द्वारा सामूहिक रूप में परियोजना के अधिकारियों के साथ बैठक कर साझा कर बधाई दिया गया साथ ही सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रयासों की भी सराहना की गई। अभियंता संघ के पदाधिकारियों, परियोजना के अधिकारियों व कर्मचारियों ने इस उपलब्धि पर परियोजना प्रमुख और सभी महाप्रबंधकों को बुके भेंट कर उन्हें बधाई दिया और कहा कि यह उपलब्धि उनके कुशल निर्देशन एवं सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सामूहिक प्रयास का परिणाम है। सीजीएम ने सभी से कहा कि हम सभी को अपने अधिकतम क्षमता का उपयोग करते हुए अनपरा तापीय परियोजना को सतत आगे ले जाने का प्रयास करते रहना चाहिए।

इस दौरान इं कर्मेंद्र सिंह, इं चंद्र प्रकश, इं संजय सिंह, इं विजय कुमार दिनकर, इ प्रेम मोहन, इं अदालत वर्मा, इं मनोज यादव, इं विजेंद्र सिंह यादव, इं जीके सिंह, इं सुभाष पटेल, इं राम ज्ञान सिंह, इं राम दरश, इं अशोक यादव, इं राम प्यारे वर्मा, इं अमित सिंह, इं रमेश कुमार, इं उमेश पांडे, विष्णु देव झा, वीके आनंद, शशिकांत श्रीवास्तव, प्रशांत उपाध्याय, विजय सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

# विधायक से ट्रैक सूट पाकर फुटबॉल खिलाड़ियों के चेहरे खिले

## - समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक संपन्न

**समाज जागरण**



दुद्धी/ सोनभद्र। समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक सोमवार को गोंडवाना भवन दुद्धी में सम्पन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष अवधनारायण यादव ने किया. बैठक में मुख्य रूप से सेक्टरवार पीडीए जन -पंचायत का आयोजन, मतदाता सूची में नाम बढ़ाने पर चर्चा, पर्यावरण को प्रदूषण से बचने पर चर्चा, शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर चर्चा, नशा मुक्ति पर चर्चा, अनुशासन पर चर्चा, बूथ स्तर पर बूथ कमेटी को मजबूत बनाने पर चर्चा की गई. बैठक में कार्यकताओं को सुझाव देते हुए विधायक दुद्धी विजय सिंह गौड़ ने बूथ स्तर तक पार्टी संगठन को मजबूत करने व संगठन पर विस्तार से चर्चा किया. वहीं बैठक के दौरान मेजर ध्यानचंद एकेडमी के फुटबॉल खिलाड़ियों को उत्साह वर्धन के लिए 24 पुरूष व महिला खिलाड़ी को ट्रैकसूट दिया गया. ट्रैकसूट पाकर फुटबॉल खिलाड़ियों के चेहरे खिल उठे. इसी दौरान मेजर ध्यानचंद एकेडमी के अध्यक्ष शिवशंकर एडवोकेट ने सभी का आभार प्रकट किया. बैठक में अनवर अली, कल्लन खान, मानसिंह गौड़, रामलाल यादव, प्रेमसागर पांडेय, हृदय नारायण गौड़, गोविंद लाल विश्वकर्मा, श्रीराम रौनियार, वेद अग्रहरि, आशा रावत, कौशल्या देवी, मीना देवी, मंजू देवी, अजय कुमार यादव, मयंक पटेल, कैलाश यादव सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खंड शिक्षा अधिकारी ने नए प्रवेशी बच्चों को तिलक व माल्यार्पण से किया स्वागत

**दैनिक समाज जागरण**



दुद्धी/ सोनभद्र। खंड शिक्षा अधिकारी दुद्धी प्रेम शंकर राम ने कंपोजिट विद्यालय दिघुल में सोमवार को नए प्रवेशी बच्चों को तिलक व माल्यापर्ण कर स्वागत किया. इस दौरान बीइओ ने कहा कि प्रतिदिन विद्यालय समय से पहुँच कर अपनी उपस्थिति रखें. वहीं, कक्षा 8 के उत्तीर्ण छात्रों को अंक पत्र व टीसी देकर शत-प्रतिशत नामांकन करने के लिए प्रेरित किया. विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने भौतिक परिवेश और विद्यालय में दी जाने वाली सुविधा को बच्चों को अवगत कराया. गणित विषय के शिक्षक सुभाष गुप्ता ने बच्चों को प्रोजेक्टर व लैब आदि से कक्षा शिक्षण के विषय में बताया. ब्लॉक स्काउटर विज्ञान शिक्षक रामरक्षा द्वारा एक छात्र असलम हुसैन कक्षा 8 के व कक्षा 9 की एक सेट एनसीईआरटी पुस्तक के साथ एक सेट ड्रेस 1 वर्ष का देकर स्वयं ने राजकीय हाई स्कूल में नामांकन अपनी जिम्मेदारी से कराई. बताया कि आवश्यकता होगी तो और भी हम मदद करेंगे. जिसे आप आगे की और पढ़ाई कर सके. रामरक्षा पूर्व में भी निर्धन छात्रों को स्वयं फीस जमा कर पढ़ाते हैं. उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय परिवार के सहयोग से लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे अटल आवासीय आश्रम पद्धति विद्यालय राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल होते रहे हैं. इस अवसर पर अरुण कुमार मिश्रा प्रधानाचार्य राजकीय हाई स्कूल, सत्यनारायण कन्नौजिया, आनंद कुमार, उदय राज गौतम, रविंद्र प्रसाद, अरविंद कुमार, रंजीत कुमार, दुर्गा, संगीता सहित अन्य लोग मौजूद रहे.

# चोपन पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

**दैनिक समाज जागरण**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम में फरार चल रहे व पुरस्कार घोषित अपराधियों तथा वाँछित वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में तथा अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल निर्देशन मे थाना चोपन पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय सीजेएसडी/एसीजेएम सोनभद्र द्वारा निर्गत वारण्ट के क्रम में मु0नं0-4182/7/12 अंतर्गत धारा 379, 411 भादवि से सम्बन्धित 01 नफर वांछित वारण्टी अभियुक्त विनोद चेरो पुत्र कतू चेरो निवासी ग्राम कुरूहुल थाना चोपन जनपद सोनभद्र उम्र करीब 41 वर्ष को आज दिनाँक 05.05.2025 को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

# शाहगंज पुलिस ने अभियुक्त को किया गिरफ्तार, कब्जे से अवैध गांजा किया बरामद।

**दैनिक समाज जागरण**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी घोरावल के निकट पर्यवेक्षण/नेतृत्व में थाना शाहगंज पुलिस द्वारा दिनांक 04.05.2025 को समय करीब 16.25 बजे कस्बा शाहगंज में बरसोत मोड़ पर 01 नफर अभियुक्त राम सूरत पुत्र बंगाली निवासी पिपरी न0-01 थाना शाहगंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 55 वर्ष को गिरफ्तार कर कब्जे से 850 ग्राम अवैध नाजायज गांजा बरामद कर थाना शाहगंज पर मु0अ0सं0- 54/2025 धारा- 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त राम सूरत उपरोक्त को मा0 न्यायालय भेजा गया।

# सुभासपा ने जनगणना की साहसिक निर्णय पर तहसीलदार को दिया धन्यवाद पत्र

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सामाजिक प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है जनगणना

**दैनिक समाज जागरण**



दुद्धी/ सोनभद्र। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के नेताओं ने सोमवार को तहसीलदार दुद्धी को धन्यवाद पत्र दिया. पार्टी नेताओं ने कहा कि भारत की शोषण अपेक्षित वंचित जनमानस को समुचित भागीदारी दिलाने के लिए लंबित जाती है. जनगणना करने के लिए एनडीए सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में साहसिक निर्णय लिया है.सरकार का यह निर्णय आने वाले समय में समस्त वंचित शोषित समाज को समुचित भागीदारी प्राप्ति के लिए कानूनी आधार बनेगा विदेश में की विपक्षी सरकारों ने जाति जनगणना को नहीं होने दिया. वंचित शोषित समाज से संबंधित इस महत्वपूर्ण मांग को स्वीकार करना नरेंद्र मोदी की सामाजिक प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है. यह निर्णय के लिए सोहेलदेव पार्टी समाज के समस्त पदाधिकारी प्रधानमंत्री मोदी जी को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता है।

# होटल ढाबा शराब दुकानों का औचक निरीक्षण कर पुलिस ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

**ऊर्जांचल संवाददाता मु० हफीज फुलील। दैनिक समाज जागरण**



बीजपुर/सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देश पर बीजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित होटल ढाबा शराब चीखना दुकानों का रविवार शाम औचक निरीक्षण कर पुलिस ने सुरक्षा ब्यवस्था का गहनता से जायजा लिया। उप निरीक्षक श्रवण कुमार यादव के नेतृत्व में मय हमराह पुलिस जवानों ने सबसे पहले कस्बे के श्रीराम चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया उसके बाद बाजार सहित क्षेत्र में संचालित देशी विदेशी शराब और पास पड़ोस में चीखना बेचने वालों की बारीकी से जाँच की गयी ततपश्चात होटल ढाबा लॉज और यात्री निवास के लिए बनाए गए धर्मशाला आदि की जांच कर आवश्यक रजिस्टर दस्तावेज आदि चेक किए गए इस दौरान उप निरीक्षक श्रवण कुमार यादव ने सभी ब्यवसाई संचालकों को सुरक्षा व्यवस्था के विशेष दिशा निर्देश दिए। इसके पहले पुलिस जवानों ने कस्बे में फूट मार्च निकाल कर क्षेत्र में सुरक्षा और शांति का संदेश दिया। अचानक सक्रिय हुई पुलिस के जाँच अभियान तथा जगह जगह दबिश से अपराधी प्रवित्ति के लोगों में देर रात तक हड़कंप मचा रहा। इस दौरान उपनिरीक्षक दुनियां सिंह वरिष्ठ आरक्षी सतीश सिंह आरक्षी जितेंद्र कुमार पासवान मंगल प्रजापति सहित अन्य पुलिस मौजूद थी।

# पुलिस अधीक्षक, द्वारा प्रतिदिन की भांति जनता एवं फरियादियों की सुनी गई समस्याएं।

**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। प्रतिदिन की भांति की जा रही जनसुनवाई के क्रम में आज दिनांक-05.05.2025 को अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। महोदय द्वारा सभी थाना प्रभारियों को सचेत किया गया कि जनसुनवाई/महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो। साथ ही निर्देशित किया गया कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें। इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण व थाना प्रभारियों द्वारा कार्यालय/थाना पर जनसुनवाई करते हुए प्राप्त जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है।

# ओबरा पुलिस ने 24 घण्टे के भीतर हत्या के प्रकरण में 02 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

## घटनास्थल से आला कत्ल एक लकड़ी की पाटी बरामद।

**संवाददाता शिव प्रताप सिंह। दैनिक समाज जागरण**




ओबरा/ सोनभद्र। दिनांक 04.04.2025 को समय करीब 16.30 बजे जरिये दूरभाष के सूचना मिली की थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पनारी टोला पल्सो में एक व्यक्ति की लाश को कुछ लोगों द्वारा मारकर दफन किया गया है उक्त सूचना पर प्रभारी निरीक्षक ओबरा मय पर्याप्त पुलिस फोर्स के तत्काल मौके पर पहुंचकर उच्च अधिकारीगण व उप जिलाधिकारी ओबरा को अवगत कराया गया जिसपर उच्चाधिकारी गण के मौके पर पहुंचने पर शव को उनके समक्ष बाहर निकाला गया जिसकी शिनाख्त अनिल शुक्ला पुत्र शीतला प्रसाद शुक्ला निवासी जैनमंदिर के पास कस्बा ओबरा, थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र करीब 50 वर्ष के रूप में हुयी, जिसके सम्बन्ध में मृतक के भाई सुनील शुक्ला द्वारा थाना स्थानीय पर एक लिखित तहरीर दिया गया कि उसका भाई मृतक अनिल शुक्ला उपरोक्त जो अपने साथी संजय जयसवाल के साथ बालगोबिन्द प्रजापति पुत्र सन्तलाल निवासी ग्राम पनारी टोला पल्सो थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र करीब 22 वर्ष के घर में पार्टी करने गया था जो अक्सर वहां पर जाया करता था तथा उसी के दोस्त संजय जयसवाल द्वारा उसकी हत्या कर दिया गया है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना ओबरा पर मु0अ0सं0-95/2025 धारा 105, 238 बी.एन.एस पंजीकृत किया गया। पुलिस की पतारसी सुरागरसी के दौरान प्रकाश में आया कि दिनांक 01.05.2025 को समय करीब 17.00 बजे वे लोग वाद-विवाद में अनिल शुक्ला उपरोक्त के ऊपर लकड़ी की पाटी से कई बार प्रहार किये थें जिससे गम्भीर चोंट लगने से करीब 02 घण्टे बाद उसकी मृत्यु हो गयी थी साक्ष्य को मिटाने के उद्देश्य से उनके द्वारा करीब 200 मीटर की दूरी पर ही शव को गाड़ दिया गया था। मुकदमा उपरोक्त में संलिप्त आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा विशेष दिशा-निर्देश दिया गया उक्त निर्देश के क्रम में अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) व क्षेत्राधिकारी ओबरा के निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक ओबरा राजेश कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना ओबरा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्तगण 1. संजय जयसवाल पुत्र स्व0 कैलाश नाथ निवासी सनराईज होटल के पास चोपन रोड ओबरा थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 45 वर्ष 2. बालगोबिन्द प्रजापति पुत्र सन्तलाल निवासी ग्राम पनारी टोला पल्सो थाना ओबरा जनपद सोनभद्र उम्र करीब 22 वर्ष को समय करीब 15.30 बजे खाड़र मोड़ के जंगल के पास से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तगण के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल एक लकड़ी की पाटी घटनास्थल के पास झाड़ियों में से बरामद कर अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

# मिशनशक्ति अभियान के तहत पुलिस द्वारा प्रतिदिन चलाया जा रहा महिला जागरूकता व सशक्तिकरण अभियान

**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा व महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण के दृष्टिगत चलाये जा रहे मिशन शक्ति (फेज-05) अभियान के तहत अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षार्थ जनपद में गठित एण्टी रोमियों स्क्वाड द्वारा प्रतिदिन मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गश्त कर बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उक्त निर्देश के क्रम में नारी सुरक्षा व नारी सम्मान हेतु चलाये जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों मे गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा स्कूलों/कॉलेजों, मंदिर/भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई तथा बालिकाओं/महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा उपस्थित अपने अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया । साथ ही साथ यह भी




महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं बताया गया कि अपने आस-पास के लोगों को साइबर अपराधों के बारे में जागरुक करें और उन्हें बतायें कि यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है तो उसकी सूचना तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930/112 पर दें जिससे समय रहते ही अग्रिम कार्रवाई की जा सके।

# श्री मद भगवद कथा व्यक्ति को मृत्यु के भय से मुक्ति देती है: वेला पारीक

**दैनिक समाज जागरण,( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल-भिवानी। स्थानीय न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सार्वजनिक पार्क स्थल पर जारी श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक विदुषी वेला पारीक वृंदावन ने भगवान की कथा व्याख्यान करते हुए श्री मद भगवद कथा के महत्व, भागवत पुराण के बारे में जानकारी और भगवान के दिव्य लीलाओं का वर्णन किया। कथा में शुकदेव जी और राजा परीक्षित के बीच संवाद, ज्ञान, भक्ति और वैराग्य के महत्व को समझाया जाता है । कथा व्यास विदुषी वेला पारीक ने कहा कि भागवत कथा को परमात्मा का अक्षर स्वरूप बताया जाता है, जो हृदय को जागृत कर भक्ति और मुक्ति का मार्ग दिखाती है।

कथा प्रसंग में बोलते हुए कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण भगवान श्री कृष्ण की दिव्य लीलाओं का वर्णन करता है, जिसका मूल सार भक्ति, ज्ञान, वैराग्य और मोक्ष प्राप्ति है। कथावाचक शुकदेव जी द्वारा राजा परीक्षित को भगवान की कथा अमृत का पान कराते हुए उनके हृदय में भगवान की प्रेम भक्ति स्थापित की जाती है। कथा के माध्यम से ज्ञान, भक्ति और वैराग्य के महत्व को समझाया जाता है, जिससे श्रोता को आध्यात्मिक उत्थान और मृत्यु के भय से मुक्ति मिलती है । कथावाचक ने विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से भागवत कथा के गूढ़ रहस्यों को श्रोताओं के समक्ष प्रस्तुत किया। कहा कि भागवत कथा को अमृतवाणी कहा जाता है, जो कलयुग में मोक्ष का मार्ग दिखाती है । पहले दूसरे दिन नारद जी भगवान से प्रश्न करते हैं कि किस उपाय से मनुष्य को कम समय में पुण्य और मनवांछित फल मिल सकता है। धुंधकारी की कथा के माध्यम से संस्कारों के महत्व को समझाया जाता है। कथावाचक नरसिंह भगवान, महर्षि शुकदेव और राजा परीक्षित के चरित्र पर भी प्रकाश डालते हैं । कथा व्यास विदुषी वेला पारीक वृंदावन ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा श्रोता को आध्यात्मिक उत्थान और मृत्यु के भय से मुक्ति देती है।

# माता-पिता की यादगार में जगदीश चन्द्र कातियाल ने चलाया पौधारोपण अभियान

**दैनिक समाज जागरण ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल-रोहतक 5 मई। रोहतक - भिवानी रोड स्थित श्री बालाजी धाम डोभ के प्रांगण में जगदीश चन्द्र कातियाल ने चलाया पौधारोपण अभियान। सोमवार को वयोवृद्ध जगदीश चन्द्र कातियाल ने अपनी माता स्वर्गीय श्रीमती रामदिति एवं पिता स्वर्गीय श्री अमरनाथ कातियाल की यादगार में किया त्रिवेणी रोपण। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित युवाओं से आग्रह किया कि वे भी अपने माता पिता के जन्मदिवस एवं अपने जन्मदिन पर एक पौधा जरूर लगाएं। ओर युवाओं को भी पौधारोपण के लिए प्रेरित करें।

# अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाईन चुर्क, में विवेचना रजिस्टर व बीट आरक्षियों के बीट बुक का किया गया निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस लाईन चुर्क, सोनभद्र स्थित सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह द्वारा जनपद के समस्त विवोचको के विवेचना रजिस्टर का निरीक्षण व बीट सुदृढ़ीकरण के सम्बन्ध में जनपद के समस्त बीट कर्मियों के बीट बुक का निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण के दौरान बीट कर्मियों को बीट क्षेत्र में नियमित रूप से भ्रमण करते हुये बीट क्षेत्र में होने वाले अवैध कार्यों के सम्बन्ध में अभिसूचना संकलन करने तथा अवैध शराब/मादक पदार्थों/छेड़खानी/महिला उत्पीड़न में लिप्त अपराधियों व मनचलों/शोहदों के सम्बन्ध में जानकारी एकत्र किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही बीट में प्रभावी कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारीगण से प्राप्त निदेर्शों से अवगत कराते हुये ब्रीफ किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय द्वारा बीट कर्मियों से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया तथा प्रकाश में आने वाली समस्याओं के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारीगणों को निर्देशित किया गया।

# दुनिया में हंसी और खुशी से बड़ी कोई भी दूसरी शक्ति नहीं है : बेबी शर्मा

- एक घंटा हंसना जरूरी, मिलते हैं गजब के फायदे : अरुण शर्मा
- विश्व हास्य दिवस पर स्कूल - पार्कों में गूंजे ठहाके
- दिव्यांग बच्चों ने पहली बार मनाया विश्व हास्य दिवस



**विजय शर्मा / दैनिक समाज जागरण**

बरेली। बड़े बुजुर्ग कहते हैं, हंसना सबसे अच्छी दवा है। जीवन की भागदौड़, तनाव और परेशानियों के बीच एक मुस्कान ही ऐसी चीज है जो हमें अंदर से खुश और स्वस्थ बनाए रखती है। हंसना केवल एक भाव नहीं है बल्कि जीवन जीने का सबसे सरल और सुंदर तरीका है। हंसी के इसी महत्व को समझाने के लिए हर साल मई महीने के पहले रविवार को विश्व हास्य दिवस मनाया जाता है। इस साल वर्ल्ड लाफ्टर डे 4 मई 2025 को मनाया जाएगा।

इस दिन को मनाने की शुरूआत वर्ष 1998 में भारत के डॉ. मदन कटारिया ने की थी, जो हास्य योग के जनक माने जाते हैं। उन्होंने यह दिन इस उद्देश्य से शुरू किया कि पूरी दुनिया में हंसी के माध्यम से शांति, भाईचारा और सकारात्मकता फैलाई जा सके। आइए जानते हैं हास्य योग के गजब के फायदे और इसके अभ्यास का सही तरीका।

पवन विहार कॉलोनी में एनजीओ प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय युवा जागरण भारत की बेबी शर्मा के निवास पर लोगों ने रविवार को विश्व हास्य दिवस मनाया। सभी लोगों ने हंसते हुए कुछ समय बिताया। बताया गया कि यह लोग रोजाना यहां पर आकर हंसते हैं। ताकि स्वस्थ रहें। हर वर्ष मई के पहले रविवार को हास्य दिवस मनाया जाता है।

जिला अध्यक्ष बेबी शर्मा ने कहा कि दुनिया में हंसी और खुशी से बड़ी कोई भी दूसरी शक्ति नहीं है, ये शक्तियां इंसान को जीवन शक्ति से भर देती है। हंसी न केवल हमारे मूड को बेहतर बनाती है, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य के लिए भी बहुत फायदेमंद है। विश्व हास्य दिवस का अवसर हंसी की ताकत का जश्न मनाने का है। हंसने से शरीर में एंडोर्फिन नामक हार्मोन का स्राव होता है, जो प्राकृतिक दर्द निवारक और मूड बूस्टर के रूप में कार्य करता है। यह तनाव हार्मोन कोर्टिसोल के स्तर को कम करने में भी मदद करता है, जिससे प्रतिरक्षा प्रणाली मजबूत होती है। इसके अतिरिक्त, हंसी रक्त परिसंचरण में सुधार करती है, मांसपेशियों को आराम देती है, और हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देती है।



इस अवसर पर कंचन शर्मा, बेबी शर्मा, निधि मेहरा,नीतू टंडन, नीतू शर्मा, अनीता सक्सेना, रागिनी अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

**एक घंटा हंसना जरूरी, मिलते हैं गजब के फायदे : अरुण शर्मा**

कृष्णा पार्क कॉलोनी में गालो मुस्कुरालो वेलफेयर सोसाइटी कार्यालय पर सदस्यों ने रविवार को विश्व हास्य दिवस मनाया।

सचिव अरुण शर्मा ने कहा कि हास्य एक ऐसा व्यायाम है जिसमें बिना किसी मजाक या कॉमेडी के जानबूझकर हंसी का अभ्यास किया जाता है। इसमें गहरी श्वास के साथ हंसने की तकनीक शामिल होती हैं। इसे ग्रुप में करना ज्यादा असरदार हो सकता है। आपके साथ ही दूसरे भी हंसते हैं। इस योग के अभ्यास के लिए धीरे-धीरे गहरी सांस लें और छोड़ें। ऐसा चार से पांच बार दोहराएं। इस दौरान ताली बजाकर ऊर्जा बढ़ाएं। इसके लिए हाथों को ताली की मुद्रा में लाकर "हो हो, हा हा" कहकर ऊर्जा जगाएं। अभ्यास के दौरान बिना किसी झिझक के जोर से हंसी को आने दें, जैसे बच्चे खेलते समय करते हैं। फिर मुंह खुला रखें लेकिन आवाज न निकालें, केवल हंसी का भाव रखें। आखिर में आंखें बंद करके हल्की मुस्कान के साथ शरीर को शांत करें।

इस अवसर पर अरुण शर्मा, कैलाश चंद शर्मा, एसपी ओबेरॉय, विपिन मेहरा, विकास जौहरी, राजीव सक्सेना, नीरज टंडन आदि उपस्थित रहे।



**दिव्यांग बच्चों ने पहली बार मनाया विश्व हास्य दिवस**

बरेली में वातसल्य सेवा संस्थान रेजीडेंसी गार्डन में दिव्यांग बच्चों ने स्कूल स्टाफ के साथ मिलकर पहली बार विश्व हास्य दिवस मनाया। संस्थान की चेयरमैन श्रीमती चेतना सक्सेना ने बताया कि हास्य योग से उनके जीवन में बहुत बड़ा बदलाव आया है। हंसने से जीवन में तनाव कम होता है और व्यक्ति का मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है। हंसी सत्र का संचालन सचिव साहिल सक्सेना ने किया, जिन्होंने सभी को खूब हंसाया और पवन चक्की और गर्मी के मौसम में लस्सी बनाने जैसे हंसी के अभ्यासों का आनंद लिया।

इस मौके पर सचिव साहिल सक्सेना, प्रिंसिपल श्रीमती चेतना सक्सेना, हिमांशु ,प्रतीक, ओम,आशुतोष,राधिका,सोनम,अयान,सुधन, तनसुका, हंस,यश,पीहू, शिव,गौरव, वंश, उदित, भावना सक्सेना, निधि सक्सेना, प्रीति सक्सेना, सरिता तलवार, डॉक्टर गिरीश दत्त शर्मा, डॉक्टर इंद्रेश गुप्ता, डॉक्टर संदीप, डॉक्टर साहिबा आदि मौजूद रहे।

## पुलिस से भिड़े दो बदमाश, गोली लगने से एक घायल, दोनों गिरफ्तार, चोरी की छह बाइकें और एक स्कूटर बरामद

### - बारादरी इलाके में भरतौल-हरुनगला रोड पर हुई मुठभेड़

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। थाना बारादरी पुलिस ने सोमवार की रात एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए दो शातिर वाहन चोरों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई न केवल पुलिस के सतर्कता अभियान की सफलता को दशार्ती है, बल्कि शहर में सक्रिय वाहन चोर गिरोह के खिलाफ एक सख्त संदेश भी देती है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से चोरी की छह मोटरसाइकिल और एक स्कूटी, साथ ही अवैध हथियार और कारतूस बरामद किए गए हैं। मुठभेड़ के दौरान एक अभियुक्त के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बारादरी थाने के प्रभारी निरीक्षक धनंजय पांडेय ने बताया कि रविवार 04 मई की रात पुलिस टीम गश्त पर निकली थी। इसी दौरान भरतौल और हरुनगला रोड पर गोदाम के पास दो बदमाश पहले से मौजूद थे। उन्होंने पुलिस को देखते ही फायरिंग कर दी। इसके जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। तभी पैर में गोली लगने से एक बदमाश घायल होकर जमी पर गिर गया।



**हजियापुर के रहने वाले हैं दोनों, आरिश के पैर में लगी गोली**

तभी पुलिस ने दोनों बदमाशों को दबोच लिया। पकड़े गए बदमाशों में बारादरी थाना क्षेत्र के हजियापुर निवासी आरिश पुत्र सलीम और परवेज उर्फ बाबूजी पुत्र असमत हैं। घायल हुआ बदमाश आरिश है, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के तलाशी लेने पर आरिश के पास एक तमंचा और कारतूस मिले।

चोरी की छह बाइक और एक स्कूटर बरामद पुलिस ने दोनों अभियुक्तों की निशानदेही पर चोरी की 06 बाइकें और 01 स्कूटी बरामद कीं, जिनमें एक अपाचे मोटर साइकिल, दो स्पलेंडर, एक पैशन प्रो, एक इगनेटर और बिना नंबर की प्लेटिना हैं। दोनों के खिलाफ थाना बारादरी में पुलिस पर जानलेवा हमला और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

आरिश पर आठ और परवेज के खिलाफ दर्ज हैं नौ मुकदमे आरिश के खिलाफ थाना बारादरी में 08 मुकदमे दर्ज हैं, जबकि परवेज के खिलाफ चार मुकदमे हैं। बदमाशों को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक धनंजय पांडेय, एसआई कुशल पाल सिंह, शनि चौधरी, अखिलेश उपाध्याय आदि शामिल रहे।

## छंटनी के खिलाफ विद्युत संविदा कर्मियों का अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार शुरू

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। संविदा विद्युत कर्मचारियों ने अपनी छटनी के विरोध में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। संविदा विद्युत कर्मचारी संघ ने मुख्य अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन किया और अपनी मांगों को लेकर आवाज उठाई है। विद्युत संविदा कर्मचारियों की छंटनी किए जाने के विरोध में सोमवार को विद्युत संविदा मजदूर संगठन के बैनर तले संविदा कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार पर चले गए।



विद्युत संविदा कर्मचारी सोमवार सुबह करीब 11 बजे संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नवल किशोर सक्सेना के नेतृत्व मे अधीक्षण अभियंता कार्यालय परिसर में इकट्ठा हुए। यहां पर कर्मचारियों ने पूर्व चेतावनी के तहत कार्य बहिष्कार की घोषणा करते हुए धरने पर बैठ गए।

प्रदेश अध्यक्ष नवल किशोर सक्सेना का कहना है कि 55 वर्ष की आयु का हवाला देकर उन्हें नौकरी से निकाला जा रहा है, जो कि अन्यायपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा है कि दुर्घटना में घायल कर्मचारियों को कैशलेस इलाज की सुविधा भी नहीं मिल रही है। इन कर्मचारियों की जब तक वापसी नही हो जाती। तब तक आंदोलन जारी रहेगा। बता दें कि छंटनी के विरोध में संविदा कर्मचारियों ने सोमवार को भी एसई कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन किया था और चार फरवरी को पूरे बरेली मंडल में कार्यबहिष्कार की चेतावनी दी थी।

संगठन के प्रदेश महामंत्री सुनील गोस्वामी का कहना है कि विद्युत विभाग द्वारा 20 प्रतिशत कर्मचारियों की छटनी की जा रही है, जो कि उनके साथ अन्याय है।उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे और बड़ा आंदोलन करें। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि विभाग द्वारा वसूली कम दिखाकर जानबूझकर छटनी का आदेश जारी किया गया है, जिससे उनकी आजीविका पर संकट मंडरा रहा है। उन्होंने मांग की है कि छटनी का आदेश तत्काल वापस लिया जाए और कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा की गारंटी दी जाए। अशोक कुमार पाल, विवेक सक्सेना, राजेश कुमार, दीपक श्रीवास्तव, अशोक सक्सेना, शकील अहमद, रतनलाल, मनोज कुमार, शिवकुमार, पीयूष कुमार, रमेश चन्द्र, अनुराग श्रीवास्तव, अफरोज, पंकज शर्मा, अमर सक्सेना, अर्पित सक्सेना, सत्यपाल, सचिन पाल, मो० नबी, परशुराम, अंकित कुमार आदि मौजूद रहे।

## बरेली की शान थे स्वतंत्रता सेनानी शान्ति शरण : सुरेन्द्र बीनू सिन्हा

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। मानव सेवा क्लब के तत्वावधान में रविवार को शान्ति शरण विद्यार्थी की 12 वीं पुण्य तिथि पर एक कार्यक्रम का आयोजन मेकनियर स्थित एक सभागार में किया गया। क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी शान्ति शरण विद्यार्थी ने देश को हर हाल में आजाद कराने



का प्रण लिया था और अपनी देश के प्रति कड़ी लगन और निष्ठा से उस संकल्प को पूरा किया। उनके कर्मठ पुत्र सीए राजेन विद्यार्थी ने कहा कि बाबू जी ने सन 1942 में के.डी. एम. इंटर कालेज में लगे यूनियन जैक को उतारकर तिरंगा फहराया था जिससे उन्हें जेल की सजा भोगनी पड़ी। प्रकाश चन्द्र सक्सेना,नरेश मलिक,अरुणा सिन्हा, शालिनी विद्यार्थी ने भी प्रसंग साझा करते हुए बताया कि नेता जी सुभाष चंद्र बोस से उनके करीबी संबंध रहे। प्रदीप माधवार,नरेश मलिक,अंकित अग्रवाल, अनीता मुकेश,मंजू लता की उपस्थिति में बाबू शान्ति शरण विद्यार्थी की पुण्यतिथि पर एक गरीब कन्या को उसकी शादी में सामान और बारातियों के लिये भोजन की पूरी व्यवस्था कराई गई। संचालन सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने किया।

## नशे की समस्या को उजागर करने के लिए भव्य रैली का किया गया आयोजन

### नशे की लत शरीर और मस्तिष्क को नुकसान पहुंचाती है

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के संस्थापक आशुतोष महाराज की प्रेरणा से आज समाज में फैली नशे की समस्या को उजागर करने के लिए एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। इस रैली के माध्यम से समाज को यही संदेश दिया गया। कि नशा समाज में एक गंभीर सामाजिक समस्या है। जो न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। बल्कि व्यक्ति के आर्थिक और सामाजिक जीवन को भी तबाह कर देता है। नशे के अधिक सेवन से व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही समाप्त हो सकता है। विभिन्न प्रकार के जहरीले पदार्थों के सेवन से शारीरिक, मानसिक और आर्थिक हानियाँ होती हैं। नशा एक ऐसा जाल है, जो शुरूआत में किसी मजे के रूप में लगता है,। लेकिन




धीरे-धीरे यह हमारे जीवन, स्वास्थ्य और रिश्तों को नष्ट कर देता है। नशे की लत शरीर और मस्तिष्क को नुकसान पहुँचाने के साथ-साथ हमारे सपनों और भविष्य को भी खराब कर देती है। इसलिए जो नशा हमारा नाश करें ऐसे नशे को छोड़ देने में ही भलाई है और इसी संदेश को जन-जन तक प्रसारित करने के लिए दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा एक रैली निकाली गई जिसका प्रारंभ त्रिवटीनाथ मंदिर से प्रारंभ होकर सिलेक्शन पॉइंट ,शील चौराहा ,एम बी इंटर कॉलेज होते हुए वापस मंदिर प्रांगण में ही समाप्त की गई। रैली का शुभारंभ वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार सक्सेना और बरेली सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार द्वारा झंडा दिखा कर किया गया। साथ ही साथ उन्होंने युवाओं को नशे के प्रति हानियों से अवगत कराया। स्वयं भी नशा न करने का प्रण लिया।

## मोबाइल और हेडफोन ने ले ली दो दोस्त की जान

### लोग चीखते रहे, दोनों दोस्त मोबाइल देखने में व्यस्त रहे

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। इज्जतनगर इलाके में सोमवार सुबह दिन दहला देने वाला हादसा हो गया। बरेली-लालकुआं रेलवे लाइन किनारे बैठकर मोबाइल देखने के दौरान दो दोस्तों की रेल इंजन की चपेट में आकर मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक बालक बैठा मोबाइल देख रहा था, जबकि दूसरे के कानों में लीड लगी थी। हादसे के बाद परिवार वाले मौके पर पहुंचे तो कोहराम मच गया।

यह सोमवार सुबह करीब नौ बजे बरेली के थाना इज्जतनगर क्षेत्र में बरेली-लालकुओं रेलवे लाइन पर कर्मपुर चौधरी गांव के पास हुआ। इज्जतनगर इलाके की गायत्री नगर कॉलोनी गली नंबर आठ निवासी ऋषिदेव का 14 वर्षीय पुत्र आदित्य आठवीं क्लास में पढ़ता था। सोमवार सुबह आदित्य और पड़ोस में रहने वाला उसका दोस्त 11 वर्षीय पंकज पुत्र ओमकार बाल कटवाने के लिए घर से निकले थे। तभी दोनों रेलवे लाइन किनारे बैठकर मोबाइल देखने लगे।



**एक दोस्त के हाथों में था, दूसरा कानों में लीड लगाए था**

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आदित्य रेलवे लाइन किनारे बैठा हाथों में पकड़कर मोबाइल देख रहा था, जबकि पंकज के कानों में लीड लगी थी। उसी दौरान बहेड़ी की तरफ से रेल इंजन आ गया। इंजन आते देख वहीं पास में मौजूद लोग आवाज लगाते रहे। ट्रेन चालक ने सीटी भी बजाई। मगर मोबाइल में व्यस्त होने की वजह से आदित्य और पंकज ने किसी की नहीं सुनी, जिससे दोनों ट्रेन की चपेट में आ गए। इसमें गंभीर चोटें आने से दोनों की मौके पर मौत हो गई।

**लोग चीखते रहे, दोनों दोस्त मोबाइल देखने में व्यस्त रहे**

हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर परिवार वाले मौके पर पहुंचे तो कोहराम मचने लगा। इस बीच इज्जतनगर पुलिस भी मौके पर जा पहुंची और हादसे की जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। बताते हैं कि आदित्य दो भाइयों में छोटा है। उसकी मां का नाम अनीता है। पकंज के पिता ओमकार सिंह और मां मायावती दिल्ली में रहकर राजमिस्त्री का काम करते हैं। पंकज अपने बड़े भाई विकास के साथ घर पर रहता था।

## राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ ने के द्वारा निकाली गई आक्रोश रैली

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

फतेहगंज पूर्वी। राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ ने के द्वारा निकाली गई आक्रोश रैली पाकिस्तान मुदार्बाद के लगाए गए नारे मृतक लोगों को 2 मिनट का मौन रख कर दी गई श्रद्धांजलि पहलगाम के बैसरन घाटी में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों की याद में आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है रविवार को



दोपहर के समय अखिल भारतीय गौ रक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष पंडित अजीत शर्मा एवं मंडल अध्यक्ष विनोद राठौड़ एवं बरेली गंना समिति के डायरेक्टर एवं भाजपा नेता नारद मुनि गौड़ के नेतृत्व में एक जन आक्रोश रैली का आयोजन किया गया जिसमें पहलगाम कश्मीर में मारे गए पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं आक्रोश रैली में शामिल युवा गुस्से का इजहार करते हुए पाकिस्तान मुदार्बाद पाकिस्तानी सेना मुदार्बाद की गगन भेदी नारे लगा रहे थे नारे लगाते हुए जन आक्रोश रैली नगर का भ्रमण करते हुए स्टेशन रोड पर समाप्त हुई इस बीच नगर के लोगों ने रैली में बढ़-चढ़कर भाग लिया रैली में भाग लेने वाले मुख्य रूप से गन्ना समिति के डायरेक्टर नारद मुनि गौड राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजीत शर्मा मंडल अध्यक्ष प्रमोद राठौड़ लक्ष्य स्कूल के डायरेक्टर महेश राठौर ग्राम प्रधान रवि प्रकाश मिश्रा संजीत मिश्रा बिट्टू पवन प्रजापति शिवम मयंक त्रिवेदी शशांक त्रिवेदी प्रभात गुप्ता आशुतोष गुप्ता समेत सैकड़ो की संख्या में युवा सम्मिलित हुए रैली के दौरान नगर में पुलिस और प्रशासन अलर्ट रहा।

## उर्स-ए-ताजुश्शरिया का परचम कुशाई की रस्म से हुआ आगाज

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। सुन्नी बरेलवी मुसलमानों के सबसे बड़े मजहबी रहनुमा और आला हजरत के पोते, ताजुश्शरिया मुफ्ती अख्तर रजा खां (अजहरी मियाँ) के सातवें दो रोजा उर्स का आगाज रविवार को दरगाह ताजुश्शरिया से परचम कुशाई की रस्म के साथ हुआ। यह रस्म सज्जादानशीन व काजी-ए-हिंदुस्तान मुफ्ती मोहम्मद असजद रजा खां कादरी (असजद मियाँ) ने अदा की। परचमी जुलूस की अगुवाई जमात रजा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान हसन खान (फरमान मियाँ) ने की। जुलूस मिलन शादी हाल शाहबाद स्थित सैय्यद कैफी के निवास से शुरू हुआ और शहर के विभिन्न इलाकों से होता हुआ दरगाह ताजुश्शरिया पहुँचा। वहां सज्जादानशीन के हाथों परचम कुशाई की रस्म अदा हुई। देश-विदेश से आए उलेमा और अकीदतमंदों की मौजूदगी में अमन और सौहार्द की दुआ की गई।

दिन में तीन परचमी जुलूस निकाले गए–पहला सैय्यद कैफी अली के निवास से, दूसरा आजम नगर से मोहम्मद साजिद और तीसरा सैलानी से समरान खान के नेतृत्व में। जुलूस कुतबखाना, घंटाघर, बिहारीपुर ढाल होते हुए दरगाह ताजुश्शरिया पहुँचा, जहां अकीदतमंदों ने फूलों की बारिश और नारे-तकबीर से इस्तकबाल किया।

इस मौके पर फरमान मियाँ ने कहा कि ताजुश्शरिया ने अपनी पूरी जिंदगी मजहब और मसलक के लिए वक़्फ कर दी थी। उन्होंने दुनियाभर में दीन की शमा रौशन की। उन्होंने मुसलमानों से अपील की कि वे अपने बच्चों को दीनी और दुनियावी तालीम दें। निकाह को आसान बनाएं और फिजूलखर्ची से बचें।

उलेमा ने सज्जादानशीन असजद मियां की तरफ से पैगाम देते हुए कहा कि बच्चों को बचपन से ही इस्लामी तालीम, अल्लाह की अजमत, रसूल की मुहब्बत और बुजुर्गों की सीरत पढ़ाई जाए। बेटा-बेटी को बराबरी का दर्जा दे और वक्त पर निकाह करें।

**कल कुल शरीफ के साथ समापन**

5 मई को उर्स का समापन कुल शरीफ से होगा। सुबह फज्र के बाद दरगाह पर कुरानखानी और नात-मनकबत की महफि ल सजेगी। सुबह 7:10 पर मुफस्सिर-ए-आजम जिलानी मियां के कुल की रस्म होगी और दोपहर बाद मदरसा जामियातुर रजा में देश-विदेश से आए उलेमा की तकरीरें होंगी। शाम 7:14 पर ताजुश्शरिया अजहरी मियां का कुल शरीफ अदा किया जाएगा।

प्रमुख ज़िम्मेदारों में उर्स की व्यवस्था में मोईन खान, समरान खान, अब्दुल्ला रजा खान, मौलाना शम्स, हाफिज इकराम रजा, कौसर अली, कैफी अली, इमरान रजा खान, शाहबाज खान, अनस रजा, जहीर अहमद, जफर बेग सहित कई लोग सक्रिय रूप से शामिल रहे।

## उर्से ताजुश्शरिया में पहुँच सपाईयो ने सपा अध्यक्ष की ओर से की चादर पोशी

### मांगी मुल्क में एकता और भाईचारे के लिए दुआएं

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

बरेली। इस्लामी दुनिया के मशहूर बजुर्ग और बरेलवी मसलक के मजहबी रहनुमा हजरत ताजुश्शरिया मुफ़्ती अख्तर रजा खान अजहरी मियाँ के दो रोजा उर्से मुबारक के दौरान सपा का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप व महानगर अध्यक्ष शमीम खाँ सुल्तानी की सरपरस्ती में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की जानिब से चादर पोशी के लिए दरगाह शरीफ पहुँचे और वहाँ मुल्क में अमन चैन, एकता और भाईचारे के लिए दुआएं मांगी।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप ने कहा हूज़ूर अजहरी मियाँ के पुरी दुनिया में करोड़ों अकीदतमंद हैं आपने हमेशा इंसानियत के लिए कार्य किये और अपनी शिक्षाओं से हमेशा समाज की भलाई के संदेश दिए।

वहीं महानगर अध्यक्ष शमीम खाँ सुल्तानी ने कहा कि हजरत ताजुश्शरिया इस्लाम के मानने वालों के दिलों में आला मुकाम रखतें हैं, आपने हमेशा कौम को सही रास्ता दिखाया, आपको हिंदुस्तान के ग्रैंड मुफ़्ती का दर्जा प्राप्त तो था ही वहीं पुरी दुनिया में उनके चाहने वाले मौजूद हैं।

उन्होंने कहा कि आज उनके उर्स मुबारक के मौके पर हर साल की तरह इस साल भी हम लोग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की जानिब से पुरी अकीदत के साथ चादर पोशी के लिए अपने साथियों के साथ दरगाह शरीफ पहुँचे हैं।

इस मौके पर डॉक्टर अनीस बेग, महानगर उपाध्यक्ष शेर सिंह गंगवार, उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कल्याण बोर्ड के पूर्व सदस्य सैफ वली खान, शहर विधानसभा अध्यक्ष हसीब खान, महानगर सचिव बाबर अली उर्फ डाक्टर चाँद, रमीज हाशमी, हाजी शकील अशरफी, अल्पसंख्यक सभा के महानगर अध्यक्ष मोहसिन खान, संजीव कश्यप, संदीप मौर्य आदि प्रमुख पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नदी में डूबे राजश्री मेडिकल कॉलेज के छात्र का शव गोताखोरों ने ढूंढ निकाला

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

फतेहगंज पश्चिमी। पिपरिया गांव के पास में नदी में डूबे एमबीबीएस के छात्र का मिला शव, दोस्त के साथ नदी में नहाने गया था मृतक। मृतक सनी देव के परिजनों ने कालेज प्रशासन पर लगाया लापरवाही का आरोप, और बताया कालेज की ओर से नहीं दी गई कोई सूचना, कालेज पहुंचने पर बात करने पर कालेज प्रशासन कुछ भी बताने से बचते रहे। मीरगंज एसडीएम तृप्ति गुप्ता ने बताया कि परिजन कालेज प्रशासन पर कोई तहरीर देते हैं तो कार्यवाही की जायेगी।

जानकारी के अनुसार को बताते चलें कि जिला बरेली के फतेहगंज पश्चिमी नेशनल हाईवे टोल प्लाजा के पास राजश्री मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस कर रहे एक छात्र का शव गोताखोरों ने दुसरे दिन नदी के गहरे पानी से बाहर निकाल लिया, शव के निकलते ही मृतक के परिजनों के होश उड़ गए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना फतेहगंज पश्चिमी स्थित राजश्री मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस के प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रहे सनी देव पुत्र महिपाल निवासी महेंद्रगढ़ हरियाणा और आराध्य मिश्रा पुत्र अवनीश कुमार मिश्रा निवासी गोरखपुर शनिवार की शाम को कस्बा में समान खरीदने के लिए गए थे तभी दोनों छात्र पिपरिया गांव में नदी में नहाने के लिए चले गए जैसे ही दोनों छात्र नदी में नहाने के लिए उतरे तभी पानी गहरा होने के चलते दोनों छात्र डूबने लगे पास में खेतों पर काम कर रहे ग्रामीण छात्रों को बचाने के लिए दौड़े ग्रामीणों ने आराध्य मिश्रा को डूबने से बचा लिया पर सनी देव गहरे पानी में डूबने के चलते ग्रामीण उसको नहीं बचा पाए ।

# लाखों खर्च के बाद अमरकंटक का नक्षत्र वन उजाड़ बना

### शासन की योजना को कैसे लगता है पलीता

**समाज जागरण**



अमरकंटक । मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक के वार्ड क्रमांक 2 पुराने प्रशिक्षण सह उत्पादन केंद्र के सामने तथा शिक्षक क्वार्टर के बगल से बराती मे स्थानीय प्रशासन नगर परिषद के आधिपत्य का वन में वन मंडल अनूपपुर उपवन मंडल राजेंद्र ग्राम तथा वन परिक्षेत्र अमरकंटक के द्वारा विगत 10 -12 वर्ष पूर्व शासन की विशेष कार्य योजना के तहत नक्षत्र वन का विधिवत भूमि पूजन उद्घाटन किया गया था उक्त नक्षत्र वन में 27 नक्षत्रो के तहत तदअनुरूप पौधा रोपण किया गया था लगभग 5 हेकटेयर वन भूमि पर कटीले तार लगाकर फेंसिंग किया गया था तथा उक्त स्थल में जल आपूर्ति होती रहे के लिए पाइप लाइन बिछा कर पानी टंकी का का निर्माण भी हुआ था लगभग 4 वर्षों तक उक्त नक्षत्र वन पौधे जो रोपित किए गए थे रहे उक्त नक्षत्र वन के विकास में लगभग शासन का 14 -15 लख रुपए खर्च हुआ है।

वन परिक्षेत्र अमरकंटक के द्वारा बनाए गए नक्षत्र वाटिका में दो सुरक्षा चौकीदार निरंतर देख-रेख करते रहे उन्हें वन विभाग के द्वारा मानदेय दिया जाता रहा है उक्त सुरक्षा कर्मचारियों द्वारा नक्षत्र वन की देखरेख तथा जल से सिंचाई की जाती रही इससे उक्त नक्षत्र वन हरा भरा रहता रहा है। क्योंकि मध्य प्रदेश शासन के वन विभाग द्वारा नक्षत्र वन योजना पर शासन का बजट आवंटन न होने से उक्त नक्षत्र वन अब उजाड़ की शक्ल ले लिया है वह वह क्षेत्र पूरी तरीके से टूट गया बियाबान हो गया है इसमें पालतू जानवर आते जाते हैं उसका कोई देखरेख करने वाला नहीं रहा इस कारण नक्षत्र वन में अब कोई भी नक्षत्र पेड़ पौधे नहीं है । नक्षत्र वन का फेंसिंग तार भी जगह-जगह से टूट गया है चोरी चल गया है देखरेख के अभाव में अब वहां लेंटाना बरमसिया ने ले लिया है।

क्या योजना बंद होने से उसका रखरखाव सुरक्षा आदि भी बंद हो जाती है इससे शासन के लाखों रूपयों का अपव्य होता है इसी तरह और भी योजना के मद में रकम आवंटित न होने के चलते विकास योजना प्रभावित होती है । अमरकंटक नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष तथा वरिष्ठ अधिवक्ता रज्जू सिंह नेताम ने कहा कि वन परिक्षेत्र अमरकंटक के तत्कालीन वन परि क्षेत्राधिकार ने नक्षत्र वन की विधिवत स्थापना कराई थी योजना अच्छी थी लेकिन देख-रेख सुरक्षा के अभाव में अब उक्त नक्षत्र वन का अता पता नहीं है इससे शासन की योजना का पलीता लगा है रकम का अपव्यय हुआ है यह अच्छी बात नहीं है । वन मंडल अनूपपुर तथा जिला प्रशासन को इस विषय में तत्काल आवश्यक कार्यवाही करना चाहिए कि इस योजना ना बनाएं जिसका सुरक्षा देख-देख ना हो सके वह बियाबान की शक्ल ले ले । अमरकंटक वन परिक्षेत्र अधिकारी वीरेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि उन्हें नक्षत्र वन के संबंध में पर्याप्त जानकारी नहीं है कब की योजना है इस संबंध मे जानकारी लेता हूं तथा वन मंडल अधिकारी अनूपपुर को विषय से अवगत कराकर मार्गदर्शन लूंगा ।

# स्काउट गाइड का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

**समाज जागरण**



अमरकंटक///पतित पावनी नर्मदा जी के उद्गम स्थल में संचालित पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय ,अमरकंटक, अनूपपुर (म.प्र.) में 2 मई से 6 मई 2025 तक भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का राज्य पुरस्कार प्रशिक्षण एवं जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में 26 जिलों के 117 स्काउट्स एवं 112 गाइड्स भाग ले रहे हैं । विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस के राय द्वारा इस शिविर का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर लार्ड बेडेन पावेल के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। प्राचार्य महोदय द्वारा स्काउट्स एवं गाइड्स एवं 35 अनुरक्षक शिक्षकों का स्वागत करते हुए तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सदा आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया, आशीर्वाद दिया। प्रशिक्षक दल में श्री अविनाश शुक्ला, (जबलपुर) एल.ओ.सी. स्काउट्स, सुश्री अंजु लता जैन (खंडवा) एल.ओ.सी गाइड्स एवं प्रशिक्षक दल के अन्य सदस्य श्री कैलाश मालवीय (खंडवा) , श्रीमती छाया चतुर्वेदी (छिंदवाड़ा) , श्रीमती ज्योति सिंह (कटनी) श्री जितेंद्र सिंह सूर्यवंशी (मंडला) श्री योगेश्वर वर्मा (डिंडोरी) शामिल थे। शिविर में विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के कौशलों के लिए प्रशिक्षित किया गया। ग्रैंड कैंप फायर में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । पीएम श्री स्कूल नवोदय विद्यालय, अमरकंटक से श्री रमेश कुमार सिंह, श्रीमती मनोरमा कौशल, श्री शेख वहीद, श्री एम. एल. कोरी, श्रीमती प्रीति कोचे, श्री विनोदकुमार चौहान, श्री प्रवीण सिंह, श्री विक्रांत सिंह ,श्रीमती जय श्री पेंद्रे, श्री प्रमोद पांडेय ने अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता प्रदान किया।

# ध्यान सिंह सहकारी समिति कर्मचारी संघ के राजनैतिक सलाहकार बने

### संगठन में आयेंगी शक्ति , समस्याओं का होगा निदान

**समाज जागरण**

उमरिया----उमरिया जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व में शिक्षा जगत में महत्वपूर्ण दायित्व निभाने वाले आदिवासी नेता ध्यान सिंह को प्राथमिक सहकारी समिति कर्मचारी संघ भोपाल के व्दारा शहडोल संभाग में राजनैतिक सलाह कार के रुप में ताज पोशी की गयी है । आप वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी में वरिष्ठ नेता के रूप में कार्य करते हुए आदिवासी नेता के रूप में जाने जाते हैं । आप शिक्षक के पद पर कार्यरत रहते हुए बी आर सी समन्वयक और बीईओ का दायित्व कुशलतापूर्वक निभाया है । जिससे आपकी गणना विवेक शील नेताओं में की जाती है । प्राथमिक सहकारी समिति कर्मचारी संघ में राजनैतिक सलाह कार बनाये जाने पर संगठन के सम्भाग पदाधिकारी सम्भाग संरक्षक शहडोल सुरेन्द्र मिश्रा, सम्भागाध्यक्ष रजनीश तिवारी, सम्भाग प्रभारी एवं शहडोल जिलाध्यक्ष अभयानंद पांडेय, सम्भाग महासचिव गणेश त्रिपाठी, उमरिया जिला संरक्षक दिवाकर सिंह चंदेल, जिला संयोजक अभिनव द्विवेदी, अनूपपुर जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, उमरिया जिलाध्यक्ष अशोक दहिया, जिला कार्यवाहक अध्यक्ष बृजभूषण तिवारी, कोषाध्यक्ष विवेक द्विवेदी, जिला महासचिव सतेन्द्र तिवारी, जिला उपाध्यक्ष दीपिका वाधवानी,जिला सहसचिव विवेकानंद गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष मानपुर रणविजय द्विवेदी, पाली राघवेंद्र अवस्थी, ब्लॉक करकेली अभिलाषा यादव, मुनेश्वर सिंह, एवं अन्य समस्त पदाधिकारी समिति कर्मचारी में भारी हर्ष व्यक्त करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं ज्ञापित करते हुए इस विश्वाश के साथ कि संघ के कार्यो में गतिशीलता आयेगी और लंबे अरसे से अटके कार्यों को सुलझाने में मददगार साबित होगी ।आपकी परिवारिक पृष्ठभूमि में प्रशासनिक और राजनैतिक पकड़ मजबूत होने का लाभ भी संघ को मिलने की उम्मीद बलवती हो जाती है ।



# मार्कंडेय आश्रम में 9 दिनी श्री रुद्र महायज्ञ एवं नर्मदा पुराण की कथा

**समाज जागरण**



अमरकंटक । पावन पवित्र नगरी अमरकंटक के प्राचीनतम मार्कंडेय आश्रम में 4 मई 25 दिन दिन रविवार वैशाख शुक्ल पक्ष गंगा सप्तमी पुण्य नक्षत्र से 12 मई 25 दिन सोमवार वैशाख पूर्णिमा स्वाति नक्षत्र तक 9 दिनों का श्री रुद्र महायज्ञ एवं नर्मदा पुराण कथा का आयोजन ब्रह्मलीन जगतगुरु पूज्यपद द्विपीठाधीश्वर स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज की अनुकंपा प्रेरणा आशीर्वाद से तथा पंच अग्नि पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर ब्रह्मर्षि श्री राम कृष्णानंद महाराज जीके संरक्षण एवं कृपा से उक्त धार्मिक महायज्ञ एवं कथा का आयोजन किया जा रहा है । मार्कंडेय आश्रम के मंडप हाल में कथा व्यास आचार्य पंडित रामनरेश शास्त्री के द्वारा श्री नर्मदा महापुराण की कथा की जा रही है । उल्लेखनीय है कि श्री रूद्र महायज्ञ एवं नर्मदा महापुराण कथा के तृतीय वर्ष का आयोजन श्री मां नर्मदा सेवा समिति जिला मुंगेली कवर्धा छत्तीसगढ़ के द्वारा उक्त धार्मिक आयोजन किया जा रहा है प्रत्येक दिवस प्रातः काल 9ः बजे से दोपहर 2ः बजे तक यज्ञ होगा तथा प्रत्येक दिवस संध्याकाल 5ः बजे से 7ः बजे तक मां नर्मदा जी के पुराण कथा होगी । इस पावन अवसर पर साधु महात्माओ तथा कन्या भोजन भंडारा भोग प्रसादी होगी । इस महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन के प्रथम दिवस मार्कंडेय आश्रम से विशाल शोभा यात्रा पुरुषों एवं महिलाओं ने ढोल नगाड़े एवं कलश के साथ नर्मदा मंदिर तक निकल गई इस अवसर पर कलश पूजन अर्चन किया गया ।

# राष्ट्रीय राजमार्ग के डामरीकरण कार्य का विधायक सुश्री मीना सिंह ने किया भूमि पूजन

### 14 करोड़ की लागत से बनेगी सड़क

**समाज जागरण**



उमरिया ---उमरिया जिले के राष्टीय राजमार्ग 43 के डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम क्षेत्रीय विधायक सुश्री मीना सिंह के हाथों आज संपन्न हुआ । इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के उमरिया जिले के प्रथम जिला अध्यक्ष सत्यनारायण शिवहरे, मंडल अध्यक्ष श्रीमती राधा तिवारी, भारतीय जनता पार्टी के सरयू अग्रवाल , नगर पालिका परिषद पाली के उपाध्यक्ष राजेश पटेल,नगरपालिका परिषद पाली के पूर्व उपाध्यक्ष सुदामा प्रसाद विश्वकर्मा, बहादुर सिंह, अमृत लाल जयसवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रमोद साहू, राम सुशील मिश्रा इत्यादि मंचासीन रहे । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक सुश्री मीना सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग 43 की हालात अंत्यंत खराब हो गई थी जिससे पूरी सड़क गढ्डों में तब्दील हो गई थी , जिससे आवागमन कठिन हो गया था। सड़क मे उडती धूल से स्थानीय नागरिकों को बेहद कष्टप्रद स्थिति का सामना करना पड़ता था ,जिसे ध्यान में रखकर इस सड़क मार्ग को बरसात के पहले बनवाने की कोशिश की गयी है ।सडक के बन जाने से लोगों को धूल और गड्ढों से मुक्ति मिलेगी ।मीना सिंह जी ने आगे यह भी कहा कि जनता ने जो सौभाग्य मुझे दिया है तो मेरा फर्ज. बनता है कि मै विकास कार्यों के माध्यम से चुका दूं । इस विकास कार्यों का श्रेय जनता को देते हुए कहा कि मुझे इस योग्य आप लोगों ने बनाया है कि मै आपकी आवाज उठा पाती हूं । विधायक सुश्री मीना सिंह ने यह भी कहा कि जनता के बुनियादी जरूरी काम प्राथमिकता से पूरा करने का प्रयास करतीं हूं । आपने सिंचाई परियोजनाओ का जिक्र करते हुए कहा कि पाली विकास खंड में वर्ष 1977 से लंबित सिंचाई योजनाओं के आधे अधूरे , कार्य पूरा कराने का काम किया गया है , सभी बांधों का रिवाईस काम शुरू हो गया है ,खेती के लिए सिंचाई का रकबा बढ़ा है ।मानपुर विधान सभा क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि मानपुर मे 13, और पाली 12 में टोटल 25 हायर सेकेण्डरी विद्यालय बनाये गये है । विकास कार्यों के साकार होने की बात रखते हुए आपने कहा है कि जिस विभाग का काम होता है उस विभाग के मंत्री जी के पीछे पड जाती हूं । जनता का काम नहीं करूगी तो उनके काम की कौन चिंता करेगा । आपने यह भी कहा कि सड़क के बन जाने से धूल गढ्डों से मुक्ति मिलेगी । आवागमन बन जाने से क्षेत्र का विकास होता है । आपने कांग्रेस शासन काल की चर्चा करते हुए कहा कि 2003 के पहले मध्यप्रदेश बीमारू राज्य की श्रेणी में आता था इसके बाद मप्र विकास की दृष्टि से आगे बढा है । देश में सडक नाम की चीज नहीं बची थी ।आज पूरे देश में सड़कों का जाल बिछा दिया गया है । नितिन गडकरी जी ने जो काम किया है पूरा देश को जोड दिया गया है । पूरे देश में सड़कों, भवनों,पुल -पुलिया की कही कोई कमी नहीं है ।

# अनूपपुर जिला पावर हब की ओर अग्रसरः सरकार ने एनबीएफसी के साथ की अहम बैठक, 1320 मेगावाट पावर प्लांट का रास्ता साफ

**समाज जागरण**




जमुना कोतमा देश में ऊर्जा उत्पादन को नई ऊंचाई पर ले जाने की दिशा में सरकार ने एक और मजबूत कदम बढ़ाया है। विद्युत मंत्रालय ने आगामी बिजली परियोजनाओं की निविदा प्रक्रिया को अंतिम रूप देने के लिए हाल ही में कई महत्वपूर्ण बैठकें कीं। मंत्रालय ने परियोजना डेवलपर्स और उत्पादन कंपनियों के साथ व्यापक चर्चा की, ताकि निविदा के सभी पहलुओं को पारदर्शी और सुचारु बनाया जा सके। इन बैठकों में वित्तीय आवश्यकताओं, क्रियान्वयन की रणनीति और संभावित चुनौतियों पर विशेष फोकस रहा इसके अलावा, मंत्रालय ने रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (REC) और पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (PFC) जैसी प्रमुख सूचीबद्ध एनबीएफसी कंपनियों के साथ भी अहम बैठक की। बैठक में बिजली परियोजनाओं के लिए वित्तपोषण के नए रास्ते तलाशे गए। इन कंपनियों की भूमिका परियोजनाओं को दीर्घकालिक ऋण और वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने में बेहद अहम है। सरकार का मकसद है कि देशभर में ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने और टिकाऊ विकास को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त पूंजी सुनिश्चित की जाए इसी क्रम में अनूपपुर जिला अब 'पावर हब' बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यहां स्थापित होने जा रहे 1320 मेगावाट क्षमता के पावर प्लांट के लिए 822 एकड़ भूमि का अधिग्रहण दिसंबर 2012 में पूरा कर लिया गया था। यह परियोजना न्यू जोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित की जा रही है। प्रशासन ने बताया कि सभी प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जा चुका है, हालांकि सत्रह लाख रुपये का मुआवजा अभी तक नहीं उठाया गया है, जिसे जल्द वितरित करने की प्रक्रिया जारी है इस परियोजना में रेक्सो कोलमी गांव के किसान प्रभावित हुए हैं, लेकिन यह पावर प्लांट इलाके के लिए आर्थिक और सामाजिक विकास की नई राह खोलेगा। परियोजना के क्रियान्वयन में कुछ देरी सरकारी नीतियों और प्रक्रियाओं के कारण हुई थी, मगर अब कार्य में तेजी आ गई है पावर प्लांट के शुरू होने से अनूपपुर जिले में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे किसानों और ग्रामीणों को सीधा आर्थिक लाभ मिलेगा फुंनगा क्षेत्र सहित पूरे जिले में बुनियादी ढांचे का विकास होगा अनूपपुर जिले को देश के बिजली मानचित्र पर एक नई पहचान मिलेगी सरकार और निजी कंपनियों के इस संयुक्त प्रयास से स्पष्ट है कि अनूपपुर अब मध्य प्रदेश का ऊर्जा केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। सरकार ने संकेत दिए हैं कि निविदा दस्तावेज जल्द ही सार्वजनिक किए जाएंगे, जिससे बिजली क्षेत्र में निवेश और विकास को नई गति मिलेगी

# कानपुर में जूता कारखाने में आग से कारोबारी की पत्नी और तीन बेटियों की जलकर मौत

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। चमनगंज थानाक्षेत्र के घनी आबादी वाले प्रेमनगर इलाके में 6 मंजिला मंजिल में स्थित जूता बनाने के कारखाने में आग लगने से कारोबारी की पत्नी और उसकी तीन बेटियों की जलकर मौत हो गई फायर ब्रिगेड को इस आग पर काबू पाने के लिए सोमवार की सुबह तड़के तक भारी मसक्कत करनी पड़ी। सूचना पर पुलिस प्रशासन की वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। आग लगने की वजह शार्ट सर्किट बताई गई है जिसकी जांच के भी आदेश दिए गए हैं। प्रेमनगर में दानिश की छह मंजिला इमारत है। इसमें दानिश और उसके भाई कासिफ का ही परिवार रहता है। भूतल पर दानिश का मिलिट्री के जूते बनाने का कारखाना है। इसके ऊपर गोदाम है। इमारत के अन्य तलों में जूते रखे हुए थे। यहीं पर देर रात आग लग गई। जिसकी ऊंची-ऊंची लपटें देख अफरातफरी मच गई। सूचना पर दमकल की 35 गाड़ियां देर रात तक आग बुझाने की कोशिश में जुटी रहीं। जिसके बाद रात करीब तीन बजे दमकल कर्मियों ने इमारत में फंसे जूता कारोबारी दानिश, उसकी पत्नी नाजनीन और तीन बेटियों के जले हुए शव निकाले। शॉर्ट सर्किट से आग लगने का अंदेशा जताया जा रहा है।

# सीपी अखिल की जारी प्रभावी कार्रवाई में कानपुर में लाखों की ई सिगरेट समेत तस्कर गिरफ्तार

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**



कानपुर। यहां कमिश्नरेट पुलिस की सक्रियता हर तरह के अपराधों पर अपना मजबूत शिकंजा करते हुए उन्हें माल गिरफ्तार कर जेल भेजने में भी लगातार सफल चल रही है। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की ईमानदार पूर्ण नेतृत्व कुशलता के फल स्वरुप कमिश्नरेट पुलिस का यह अभियान मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ भी लगातार जारी है। जिसके क्रम में साउथ पुलिस के नारकोटिक्स सेल ने लाखों की कीमत वाली 350 ई सिगरेट समेत एक तस्कर को सटीक सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के मुताबिक जूही थाना क्षेत्र में पकड़ा गया आरोपी तुषार वर्मा काफी अरसे से इसी धंधे में लिप्त था ,जिसे यहां अपनी चुनौती पूर्ण नियुक्ति के बाद से ही योगी सरकार की मंशा के अनुरूप कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही में अग्रणी अपने कर्तव्य का पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करने वाले पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की परिश्रम पूर्ण नेतृत्व कुशलता ने गिरफ्तार करवा दिया। यह भी अवगत कराते चलें कि निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की विचारधारा के अनुरूप निष्पक्ष और पारदर्शी कार्य शैली के एडीजी अखिल कुमार कानपुर के पहले ऐसे पुलिस कमिश्नर हैं ,जिन्होंने हर तरह के अपराधियों के खिलाफ जनहित से जुड़े हर मुद्दे पर सराहनीय कार्रवाई के रिकॉर्ड भी तोड़े हैं। वह चाहे घटनाओं के सटीक खुलासे के साथ ही शातिरों को जेल का रास्ता दिखाने का मामला हो या फिर उनकी गिरफ्तारी में विशेष रूप से सहायक त्रिनेत्र अभियान के तहत सैकड़ों कैमरे लगवाने का मामला, ट्रैफिक व्यवस्था को पहले से बहुत बेहतर बनाने में मिली सफलता हो अथवा सभी त्योहारों और पर्वों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने का मामला, और इसमें भी पत्रकारिता के क्षेत्र में आने वाली भावी पीढ़ियां भी जिसे सदैव याद रखेंगी, वह है विश्व पत्रकारिता के इतिहास में पहली बार किया गया पत्रकारिता की आढ़ में सक्रिय रहा अवनीश दीक्षित जैसे शातिर अपराधी माफिया गिरोह का भंडाफोड़। जिसका पूर्ण श्रेय कठोर परिश्रम वाले जुझारू पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की कर्तव्य निष्ठा, उनकी ईमानदारी और उनकी निडरता को ही जाता है।

# बगैर बीज विक्रय लाइसेन्स नहीं बेंच पाएंगे बीज

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार ने जनपद के समस्त बीज विक्रताओं को सूचित किया है कि खरीफ-2025 में बीजों की बिक्री करते समय दिशा निदेर्शों का अनुपालन कड़ाई से करें, यदि भ्रमण के समय या कृषक बन्धुओं द्वारा प्राप्त शिकायतों में कमियां पायी जायेगी तो आपके विरूद्ध बीज नियन्त्रण आदेश 1983 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1985 के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। उन्होने बीज विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि जनपद के समस्त बीज विक्रेताओं के बीज विक्रय प्रतिष्ठानों पर फर्म का बोर्ड लगा होना अनिवार्य है। समस्त बीज विक्रय प्रतिष्ठानों पर जिला कृषि अधिकारी द्वारा प्रमाणित स्टॉक पंजिका एवं वितरण पंजिका उपलब्ध रहना अनिवार्य है जिस पर प्रतिदिन का स्टॉक वितरण अंकित होना चाहिए। बिक्री किए गये बीजों का कैश मेमों कृषकों को देना अनिवार्य होगा। जनपद के समस्त फुटकर विक्रेता यदि अन्य जनपद से बीज का विक्रय करते हैं तो उनके पास राज्य स्तर का लाइसेन्स होना अनिवार्य है। जनपद में केवल नोटिफाइड बीज की ही बिक्री करेंगे तथा बिना नोटिफाइड के बीज विक्रय जनपद में बगैर नोटिफाइड बीज प्रजातियां बिक्री से प्रतिबन्धित है। यदि किसी विक्रेता के प्रतिष्ठान पर बगैर नोटिफिकेशन के बीज पाये जाते है तो सम्बन्धित विक्रेताओं के विरूद्ध बीज नियन्त्रण आदेश 1983 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। जनपद के ऐसे विक्रेता जिनके द्वारा सीधे कम्पनियों से बीजों की खरीद की जाती है वो यह सुनिश्चित करेगे कि जिस कम्पनी द्वारा बीजों की आपूर्ति की जा रही है वो उ0प्र0 में बीज व्यवसाय करने के लिए अधिकृत है अथवा नही तथा जिस बीज/प्रजाति की आपूर्ति की जा रही है वो नोटिफाइड है अथवा नही बगैर नोटीफाइड प्रजातियों की बिक्री प्रतिबन्धित है एवं सम्बन्धित कम्पनी द्वारा आपको उक्त बीज बिक्री के सम्बन्ध में अधिकार पत्र जारी करना आवश्यक है निरीक्षण के समय यदि आपके प्रतिष्ठान पर उपलब्ध बीजों से सम्बन्धित अधिकार पत्र नही प्राप्त होता है तो सम्बन्धित विक्रेता के विरूद्ध उपरोक्त नियन्त्रण आदेश एवं अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। सभी बीज विक्रेताओं को बीज विक्रय से सम्बन्धित बीज विक्रय का लाइसेन्स प्राप्त करना अनिवार्य है यदि कोई बीज विक्रेता बगैर बीज विक्रय लाइसेन्स के बीजों की बिक्री करता पाया जायेगा तो सम्बन्धित विक्रेता के विरूद्ध बीज नियन्त्रण आदेश 1983 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। जनपद में यदि कहीं पर भी गुणवत्ता विहिन या डुप्लीकेट पैक किया हुआ बीज विक्रय किया जाता है तो कृषक मो0 नम्बर 7839882338 पर किसी भी कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से सायं 05 बजे तक कर सकते है।

# बाढ़ से बचाव हेतु तैयारियों को लेकर डीएम ने दिये निर्देश

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**



प्रतापगढ़। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में बाढ़ से बचाव हेतु कैम्प कार्यालय के सभागार में स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाढ़ से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की गई और विभागों को दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि बाढ़ की परिभाषा विभागीय शासनादेश में क्या है इसकी जानकारी अवश्य रखें, बाढ़ प्रभावित ग्रामों का चिन्हांकन करें तथा बाढ़ से बचाव हेतु प्लान बनाये जाये। बाढ़ के सम्बन्ध में शासनादेश का संकलन किया जाये तथा बाराबंकी व रामपुर के आधार पर बाढ़ प्रबन्धन योजना जनपद में बनायी जाये। जनपद के आपदा प्रबन्धन से बाढ़ के प्रकरण की जानकारी निकालें। उन्होने यह भी निर्देश दिये कि विभागों में बाढ़ को लेकर क्या शासनादेश जारी है उसको संकलित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति, सिंचाई खण्ड के अधिशासी अभियन्ता अरविन्द वर्मा, शारदा सहायक खण्ड-51 के सहायक अभियन्ता मनीष कुमार, जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कुंडा में नए कोतवाल अवन दीक्षित ने संभाला चार्ज, भव्य स्वागत

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़ ।कुंडा थाने में नए कोतवाल अवन दीक्षित ने चार्ज ग्रहण कर लिया है। उनका भव्य स्वागत क्षेत्र के संभ्रांत लोगों ने मला पहनाकर किया है।अवन दीक्षित के पास प्रतापगढ़ जनपद में महेशगंज, बाघराय, कोहंडौर, लालगंज कधई और पट्टी थाने पर इंचार्ज के रूप में काम करने का अनुभव है। उनकी तेज-तर्रार छवि और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की प्रतिबद्धता को देखते हुए क्षेत्र के लोगों में उम्मीदें बढ़ी हैं कि उनके कार्यकाल में अपराधियों को कड़ी चुनौती मिलेगी ।उनके स्वागत समारोह में इंस्पेक्टर क्राइम संजय सिंह सुमित



प्रताप सिंह प्रधान राजापुर, मुकुंद सिंह, भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ अध्यक्ष कुंडा रूपेंद्र शुक्ला सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर अवन दीक्षित ने कहा कि वह क्षेत्र की सुरक्षा और विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास 51 हजार रुपये जुमार्ना

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान जनपद बिजनौर**

बिजनौर में पॉक्सो एक्ट के तहत एक बड़ा फैसला सामने आया है। स्पेशल पॉक्सो कोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने 51 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। मामला नजीबाबाद थाना क्षेत्र का है। 21 नवंबर 2024 को पीड़िता के परिजन ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपी की पहचान संजय उर्फ गांधी के रूप में हुई, जो मंगत सिंह उर्फ मंगते का पुत्र है और ग्राम जसवंतपुर उर्फ लुकादड़ी का निवासी है। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4(2) के तहत मामला दर्ज किया। जांच पूरी होने के बाद आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया गया। स्थानीय पुलिस और मॉनिटरिंग सेल ने कोर्ट में मजबूत पैरवी की। 'ऑपरेशन कन्विक्शन' अभियान के तहत चली इस कार्रवाई में पुलिस और अभियोजन विभाग की प्रभावी पैरवी के चलत 3 मई 2025 को कोर्ट ने यह फैसला सुनाया। यह फैसला पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत दिया गया है।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार पति की मौत, पत्नी घायल

समाज जागरण
रंजीत तिवारी वाराणसी।।

रोहनिया स्थानीय थाना क्षेत्र के मोहनसराय पुलिस चौकी अंतर्गत बैरवन रेलवे ओवर ब्रिज के ऊपर हाईवे पर सोमवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से जंसा थाना क्षेत्र के पेडुका गांव निवासी बाइक सवार 50 वर्षीय अशोक यादव की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई तथा उनकी पत्नी अनीता देवी मामूली रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे मोहनसराय चौकी ईंचार्ज धर्मेंद्र राजपूत ने मृतक की शव को अपने कब्जे में लेकर



पोस्टमार्टम हेतु भेजा तथा घायल अनीता देवी को बगल के स्थित हॉस्पिटल में उपचार कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जंसा थाना क्षेत्र के पेडुका गांव निवासी अशोक यादव चार भाइयों में दूसरे नंबर के थे ये सूरत में रहकर प्राइवेट कंपनी में काम करते थे इनको एक लड़का तथा दो लड़की है जो सभी अविवाहित हैं।अशोक यादव अपनी बीमार पत्नी अनीता देवी को बाइक से इलाज करने के लिए भदवर हाईवे स्थित हेरिटेज हॉस्पिटल के लिए जा रहे थे। घटना की सूचना पाकर गांव गमगीन हो गया तथा परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। सूचना मिलते ही परिजनों ने प्रशासन से सड़क दुर्घटना बीमा का लाभ मृतक परिवार को दिलाने की मांग किया।

## *आयुष्मान आरोग्य मंदिर अटेंसुआ का एक्सटर्नल इंक्वास एसेसमेंट संपन्न हुआ।

*समाज जागरण अनिल कुमार
हरहुआ वाराणसी।

भारत सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को लेकर नेशनल क्वालिटी ईंश्योरेंस के द्वारा एक्सटर्नल इंक्वास असेसमेंट किया जा रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरहुआ के आयुष्मान आरोग्य मंदिर अटेंसुआ का आज सोमवार को एक्सटर्नल असेसमेंट डॉ0 जयप्रकाश डॉ0 संगीता पलसानिया द्वारा किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अटेंसुआ रोशनी वर्मा एवं क्षेत्रीय एएनएम देवस्मिता नन्दी उपस्थित होकर उपलब्ध संसाधनों के बारे में जानकारी दी। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0 संतोष कुमार ने बताया कि सरकार की मंशा के अनुसार जनमानस को उनके घर के पास ही आरोग्य मंदिर पर सभी



जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं मानक के अनुसार दिया जाए,टेली कंसल्टेंट के द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सक की सलाह सहित 62 तरह की दवाओं व 14 प्रकार के जाँच तक की सुविधाएं मिलेंगी। असेसमेंट के समय स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार गुप्ता, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक बसंत लाल श्रीवास्तव, बीसीपीएम संगीता, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक संदीप भारती, सीएचओ अंकुश यादव, गौरव शर्मा, अर्चना गुप्ता ,साधना भारती, आशीष भारद्वाज, बजरंग सिंह, शेफाली पाल, शेफाली कुमारी, एएनएम गुंजा शर्मा, ज्योति सिंह, रितु सिंह, बबीता चौधरी आशा संगिनी द्रोपती देवी, वैजयंती देवी आशा शीला, कुसुम लता मिश्रा, शारदा, किरण देवी, रेनू पांडेय, रेखा देवी दी मंजू देवी व शशांक मौर्य, ज्योति वर्मा, वर्षा मिश्रा ,राकेश कुमार,पंकज सिंह का विशेष सहयोग रहा।

## ट्रक के धक्के से महिला की हरहुआ बाजार घटनास्थल पर दर्दनाक मौत

*पति व दो बच्चे बाल बाल बचे।

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी बड़ागाँव थाना क्षेत्र के हरहुआ -बाबतपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ओवर ब्रिज के पीलर न0 38 के सामने ट्रक की चपेट में आकर बच्चों व पति के सामने ही घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार मृतका सुमन पटेल 32 वर्षीय पत्नी लव पटेल निवासी ग्राम घमहापुर थाना लोहता अपने पति के साथ बाइक पर बेटी तथा बेटा को लेकर हरहुआ के



धनेसरी स्थित एक शादी में भाग लेने जा रही थी। हरहुआ बाजार के पीलर नंबर 38 के सामने पीछे से आ रही तेज रफ़्तार ट्रक की टक्कर से बाइक असंतुलित हो गयी। जिससे बच्चे व पति बांयी ओर एवं बाइक पर बैठी महिला सुमन दाहिनी तरफ ट्रक के पिछले पहिये के सामने गिर गयी, और उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना के सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी ने ट्रक को कब्जे में लेते हुए शव को शिवपुर पोस्टमॉर्टम हाउस भेज दिया। बही मृतका को दो बच्चे है जिसमें एक पुत्री बड़ी व बेटा छोटा है। जानकारी के अनुसार उक्त ट्रक नम्बर एच पी 93 A 9342 पर लोहे का कबाड़ लदा था जो झारखंड से मुजफ्फरनगर जा रहा था। मृतका के पति अपने बाइक के धनेसरी गाँव जा रहे थी।

## ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आयोजित अंतर विद्यालयीय वाद विवाद प्रतियोगिता।

बैटल ऑफ द ब्रेन " का आयोजन।

दैनिक समाज जागरण
अतुल सोनी चोलापुर वाराणसी

वाराणसी काशी सहोदय स्कूल कम्प्लेक्स वाराणसी के तत्वाधान में ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल दांदूपुर फ्राइस्टनगर वाराणसी,आईसीएसई बोर्ड ,नई दिल्ली के सभागार में अंतर विद्यालयीय वाद विवाद प्रतियोगिता " बैटल ऑफ द ब्रेन " का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत दो वर्गों में प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसमें 20 विद्यालयों के 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर विनोद कुमार राय जी क्षेत्रीय सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद वाराणसी एवं काशी सहोदय की प्रेसिडेंट संगीता कुमार प्रधानाचार्य उदय प्रताप पब्लिक स्कूल वाराणसी तथा काशी सहोदय के सचिव तरुण रुपाणी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह प्रतियोगिता दो वर्गों में संपन्न हुई। प्रथम वर्ग कक्षा नौवीं और दसवीं के विद्यार्थियों के लिए थी जिसका विषय था " सोशल मीडिया इस हार्मफुल फार मेंटल हेल्थ का स्टूडेंट्स"और द्वितीय वर्ग कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के लिए थी जिसका विषय था "आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विल रिप्लेस ह्यूमन टीचर्स"। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन बढ़-चढ़कर किया और विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता के दौरान निम्नलिखित विद्यालय के प्रधानाचार्य वह प्रधानाचार्या भी उपस्थित रहे:- डॉक्टर ए०पी० गौड प्रधानाचार्य हरमन माइनर स्कूल चौबेपुर, वाराणसी, प्रिया सिंह प्रधानाचार्या सीएट पब्लिक स्कूल वाराणसी, संतोष कुमार सिंह प्रधानाचार्य आदित्य नारायण सिंह पब्लिक स्कूल, चोलापुर वाराणसी, उमेश सिंह एडवाइजर एन आई ओ टी एवं अन्य प्रधानाचार्य व प्रबंधक कौशलेंद्र नारायण सिंह, उमेश सिंह रेखा पांडे मोहम्मद आमिर नामवर उपाध्याय, अरविंद सिंह ( ब्रायन ट्रेनर ) । विद्यालय के प्रबंधक जयप्रकाश शर्मा सहायक निदेशक ओम प्रकाश शर्मा प्रधानाचार्य संध्या देवी, अखिलेश यादव और नंदनी के सहयोग से प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतिभागियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा।

## नाबालिक लड़की को भगाने में दो गिरफ्तार, एक फरार

समाज जागरण रंजीत तिवारी
रामेश्वर वाराणसी।।

जंसा पुलिस नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में चल रहे दो आरोपियों को अलग-अलग स्थान से गिरफ्तार कर लड़की को बरामद किया है। मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने थाना क्षेत्र के कतवारूपुर नहर के पास से पवन पुत्र कमला प्रसाद निवासी रामेश्वर एवं बाबू नंदन पुत्र शिव प्रसाद निवासी रामेश्वर को चौखंडी रेलवे क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार कर बालिका को बरामद




किया है। साथ ही इस मामले में एक अन्य आरोपी फरार है पुलिस के अनुसार आरोपी युवक लड़की से शादी करने के लिए कहीं लेकर जा रहा था कि पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया इस मामले में रविवार को लड़की के पिता ने मुकदमा दर्ज कराया था।

## सामयिक पत्रकारिता के सशक्त हस्ताक्षर थे विजय राय - प्रो. अजय राय

विकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर
दैनिक समाज जागरण

सहारा समूह के वरिष्ठ पत्रकार विजय राय का रविवार को हृदयाघात से दिल्ली में निधन हो गया। 56 वर्षीय विजय राय उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद के निवासी थे। गाजीपुर के स्वामी सहजानन्द पी जी कालेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. वी के राय के जलनिगम रोड, चंदनवाड़ा स्थित आवास पर आयोजित शोक सभा में नगर के प्रबुद्ध जनों ने सहारा समूह के वरिष्ठ पत्रकार विजय राय के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया। प्राचार्य प्रो. राय ने स्व० विजय



राय को श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सहारा अखबार के ग्रुप एडिटर (पूर्व) तथा सलाहकार विजय राय एक मिलनसार, सामाजिक तथा उच्च प्रतिभा संपन्न व्यक्ति थे तथा पत्रकारिता के प्रति उल्लेखनीय रूप से समर्पित थे। प्रो. अजय राय ने उन्हें सामयिक पत्रकारिता के प्रमुख हस्ताक्षर के रूप में याद किया । शोक सभा में सत्यदेव राय, प्रो. चंद्रकांता राय, प्रो. अमर नाथ राय, प्रो. अजय राय, डॉ. वी के ओझा, सिद्धार्थ शंकर राय, आशीष राय, हरिकेश सिंह, सुभाष सिंह, अशोक पांडेय, कृष्णा नंद उपाध्याय, डॉ. सतीश राय, डॉ. परशुराम राय आदि उपस्थित थे।

## मृदा स्वास्थ्य के संरक्षण की दिशा में परीक्षण कराना अतिआवश्यक

समाज जागरण अनिल कुमार
हरहुआ वाराणसी।



विकास खण्ड हरहुआ के ग्राम पंचायत सरैयाँ में किसानों की भूमि की उर्वरता का परीक्षण करने हेतु मृदा नमूना एकत्रिकरण का विशेष अभियान पूर्व ग्राम प्रधान मुन्ना सिंह के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अपर कृषि निदेशक पीयूष शर्मा ने कहा कि मृदा परीक्षण ही खेती की पहली और सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है इससे न केवल भूमि की उर्वरता को समझा जा सकता है बल्कि उत्पादन लागत घटाकर उपज को बढ़ाया जा सकता है। प्रत्येक किसान को कम से कम 3 वर्ष में एक बार मिट्टी परीक्षण अवश्य कराना अतिआवश्यक है। कार्यक्रम में सहायक निदेशक मृदा परीक्षण, राजेश कुमार राय ने बताया कि अभियान का उद्देश्य किसानों को उनकी भूमि की पोषक स्थिति की वैज्ञानिक जानकारी प्रदान करना तथा उर्वरक प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाना है। भूमि संरक्षण अधिकारी अशोक कुमार यादव, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र डॉ. राहुल सिंह, एवं उदय राज सिंह (वरिष्ठ तकनीकी सहायक) उपस्थित रहे। सहायक विकास अधिकारी (कृषि) देवेंद्र कुमार पांडेय ने अभियान में किसानों के सक्रिय सहयोग और जागरूक भागीदारी की सराहना की तथा कृषक भाइयों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर कृषक भागीदारी के रूप में हौसिला प्रसाद सिंह, राजेश कुमार दीक्षित ,विजय कुमार मिश्रा, विनोद मिश्रा ,विशाल, सूबेदार, सरजू, राजेंद्र, रामनरेश, रामाश्रय ,रामप्रकाश ,दशरथ, सुभाष पटेल ,बलीचरण आदि प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे।

## नवाचारी शिक्षकों को मिला बड़ा प्लेटफार्म

समाज जागरण
आशीष कुमार गुप्ता

बाबतपुर,वाराणसी । डिजिटल स्टडी हॉल (डीएसएच) एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा टीचर ऑफ द ईयर 2025 में वाराणसी जनपद के विभिन्न ब्लॉकों के नवाचारी शिक्षकों ने ऑनलाइन प्रतिभाग किया जिसमें पिंडरा ब्लाक के कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय रमईपट्टी के स्टेट अवॉर्डी शिक्षक कमलेश कुमार पाण्डेय ,श्रवण कुमार गुप्त, अब्दुर्रहमान, तूबा असीम, नीलम राय,नीलमा सिंहा,महेंद्र प्रसाद,नीलम केसरी तथा जाहिर अख्तर शामिल थे। इन शिक्षकों की टीचिंग वीडियो के आधार पर टीचिंग स्किल की प्रशंसा करते हुए इन्हें ऑनलाइन प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस प्रतियोगिता का उद्देश्य शिक्षकों और प्रशिक्षु छात्रों को अपनी



नवाचारी रचनात्मकता और कौशल दिखाने का अवसर प्रदान करते हुए शिक्षक की उत्कृष्टता को प्रोत्साहित कर शिक्षण कार्य में रुचि रखने वाले व्यक्तियों का एक ऐसा नेटवर्क तैयार करना है जो शिक्षण अधिगम की विधा को सरल सहज और रुचिकर बना सके। शिक्षक बेहतर शिक्षकों को देखकर सीखते हैं।साधारण और कम लागत वाली वीडियो तकनीक का उपयोग करके कुशल और प्रेरित शिक्षकों द्वारा संचालित कक्षा सत्रों को रिकॉर्ड करता है। जिससे बेहतर शिक्षक बन सके इन वीडियो में सरल से कठिन की ओर जाने की प्रक्रिया है साथ ही यह भी दर्शाते हैं कि कक्षा प्रबंधन गतिविधियों और कहानियों के माध्यम से छात्रों को कैसे जोड़ा जाए और उनके सवालों का आत्मविश्वास से उत्तर कैसे दिया जाए। कहना न होगा कि डी एस एच के संसाधन और मानव संसाधन विकास मंत्रालय के राष्ट्रीय शिक्षा मंच दीक्षा जैसे प्लेटफार्म के माध्यम से निःशुल्क उपलब्ध कराए जाते हैं। यह पहुंच भारत तथा विदेश के हजारों शिक्षकों तक इन वीडियो की पहुंचती है। आपको बताते चलें डिजिटल स्टडी हॉल के ऑनलाइन 21 मिलियन व्यूज और 1.27 लाख सब्सक्राइबर हैं।

## पीएम मोदी को सुभासपा ने दिया धन्यवाद ज्ञापन

समाज जागरण
आशीष कुमार गुप्ता



बाबतपुर,वाराणसी । मोदी सरकार द्वारा जातीय जनगणना कराए जाने की घोषणा पश्चात सोमवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के निर्देश पर पार्टी पदाधिकारियों ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित कर पीएम मोदी को धन्यवाद ज्ञापन दिया। एसडीएम पिंडरा के माध्यम से पीएम मोदी को भेजे धन्यवाद ज्ञापन में सुभासपा नेताओं ने पार्टी के 22 वर्षों के संघर्षों का इसे परिणाम बताया और कहाकि यह जातीय जनगणना कमजोर तबकों के लिए मददगार साबित होगा। पार्टी लगातार जातीय जनगणना की मांग कर रही थी। जिसे एनडीए सरकार ने मांग पूरी कर पार्टी के संघर्षों को एक नया बल दिया है। इसके पूर्व जुलूस के रूप में सुभासपा के लोग एसडीएम कार्यालय पहुंचे थे। पीएम मोदी को सम्बोधित ज्ञापन देने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष गणेश चौहान, जिलाध्यक्ष रमेश राजभर , सुनील राजभर ,सांचू राजभर छोटू, सभाजीत , अच्छेलाल राजभर सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ड्रॉप रो बाल खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

समाज जागरण
रंजीत तिवारी वाराणसी।।

अपना दल एस रोहनिया कार्यालय में आज आयोजित जनता दर्शन के अवसर रोहनिया विधायक डॉ सुनील पटेल ने ड्रॉप रो बाल के खिलाड़ियों द्वारा नेशनल स्तर पर गोल्ड मेडल जीतने के बाद आज महिला और पुरुष खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया।रोहनिया विधायक ने कहा खिलाड़ियों को खेल के भावना से खेल कर ऊंचाई हासिल करने की आवश्यकता



है खिलाड़ी जब भी जीत हासिल करे उनका उत्साह बढ़ाने का कार्य अवश्य करना चाहिए जिससे आगे और ऊंचाई हासिल कर सके।आज कार्यक्रम में राज कुमार वर्मा,राहुल पटेल,दिनेश पटेल,श्याम बली पटेल,विनोद पटेल,गोविंद पटेल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पॉलिटेक्निक और डी फार्मा में प्रवेश के लिए निःशुल्क आवेदन करें-डा०सानंद सिंह

विकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर
दैनिक समाज जागरण

पॉलिटेक्निक डिप्लोमा करने वालों को अंतिम अवसर अंतिम तारीख 10 मई पॉलिटेक्निक एवं डी० फार्मा० में प्रवेश के लिए सत्यदेव कॉलेज में निःशुल्क आवेदन प्रारंभ सत्यदेव इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी(पॉलिटेक्निक) एवं सत्यदेव कॉलेज ऑफ फार्मेसी मे डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग( पॉलिटेक्निक) एवं डिप्लोमा इन फार्मेसी (डी० फार्मा०) के लिए प्रवेश की प्रक्रिया का शुभारंभ हो गया है, सत्यदेव इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, गाजीपुर जिसका कॉलेज कोड 4456 है जनपद का सबसे पुराना पॉलिटेक्निक शिक्षण संस्थान है जिसने लगातार उत्कृष्ट परीक्षाफल एवं छात्र/छात्राओं को रोजगार से जोड़कर पुरे उत्तर प्रदेश में एक अलग पहचान बनायीं है क संस्थान में विभिन्न पाठ्यक्रम जैसे



सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग (प्रोडक्शन), मैकेनिकलइंजीनियरिंग (ऑटोमोबाइल) एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग उपलब्ध है कयोग्य एवं अनुभवी शिक्षकों, प्रयोगशालाओं, अनुशासन के दम पर यह शिक्षण संस्थान आज भी पूर्वांचल क्षेत्र में शीर्ष स्थान बनाये हुए है कजहाँ पर प्रवेश प्रक्रिया संयुक्त प्रवेश परीक्षा उत्तर प्रदेश (JEECUP) के माध्यम से संपन्न की जाती है कसरकार के स्तर पर आवेदन फॉर्म शुरू हो गए है जिसकी अंतिम तिथि 10 मई 2025 है कजिसका आवेदन शुल्क 300 रुपये, प्रोसेसिंग चार्ज एवं आने जाने का मिलाकर एक अभ्यर्थी का कुल 500/-रुपये खर्च आता है जिसे संस्था के प्रबंध निदेशक डाक्टर सानंद सिंह द्वारा निःशुल्क कर दिया गया है कअतः छात्र/छात्रा संस्था पर आकर निःशुल्क आवेदन कर सकते है क यह आवेदन प्रक्रिया पॉलिटेक्निक एवं डी० फार्मा० दोनों के लिए निशुल्क है कअतः गाजीपुर एवं आसपास क्षेत्र के छात्र/छात्रा इसका लाभ उठाये एवं सत्यदेव कॉलेज में अपना प्रवेश सुनिश्चित कराये क इसके लिए मोबाइल नंबर काउंसलर दिग्विजय उपाध्याय 7704 905303 एवं प्रधानाचार्य ई० दिनेश कुमार यादव 6386593401 जारी किये गए है

## श्रीनाथ त्रिपाठी के निष्कासन से अधिवक्ताओं में आक्रोश

समाज जागरण आशीष कुमार गुप्ता

बाबतपुर,वाराणसी । तहसील पिंडरा परिसर में अधिवक्ताओं ने बार काउंसिल आफ इंडिया के सदस्य तथा सह अध्यक्ष श्रीनाथ त्रिपाठी के निष्कासन को अवैध बताया और उनके निलंबन को वापस लेने की मांग को लेकर राष्ट्रपति को सम्बोधित एसडीएम पिंडरा को पत्रक दिया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने



कहा कि यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया के विपरीत लिया गया निर्णय है। उनका निलंबन वापस करते हुए, अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग। इस दौरान तहसील पिंडरा बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष शिवपूजन सिंह, पंधारी यादव, अशोक पांडेय, प्रेमशंकर सिंह, दीपक सैनी, अश्वनी सिंह, आशीष दुबे, श्याम मोहन उपाध्याय, सतीश पांडेय समेत अनेक वकील रहे।

## बिना इंजन खोले सभी वाहनों के इंजन की हो सकेगी सफाई

समाज जागरण रंजीत तिवारी वाराणसी।।

बिना इंजन खोले बाइक, स्कूटी ,कार ट्रक अन्य छोटे-बड़े सभी वाहनों के इंजन की सफाई हो सकेगी सफाई के बाद इंजन से धुआं बंद हो जाएगी। गाड़ी की पिकअप और माइलेज भी बढ़ जाएगी। यह सब संभव हो सकेगा जर्मन टेक्नोलॉजी के हाइड्रो एक्सट्रीम मशीन के माध्यम से। इस बात की जानकारी देते हुए गीतांशी ट्रेडर्स कंचनपुर, वाराणसी के संस्थापक रामलला सिंह और प्रवीण सिंह ने बताया कि इस तकनीकी से मात्र 15 मिनट में इंजन



में जमे कार्बन को साफ किया जाता है कहा कि इसके द्वारा इंजन की गुणवत्ता बनी रहती है इंजन को कोई क्षति भी नहीं होती। बिना इंजन खोले सफाई होने के बाद सभी वाहनों का माइलेज बढ़ जाता है। पिकअप भी अच्छी देने लगती है और गाड़ी हल्की और ठीक तरीके से चलने लगती है। यह तकनीकी जर्मन की है जो अब अपने देश में भी लोकप्रिय हो रही है। सोमवार को यहां पर कई वाहनों की निशुल्क सफाई करके लोगों में मशीन की कार्यप्रणाली का प्रदर्शन किया गया।

## बच्चों की विवाद में मारपीट केस दर्ज

समाज जागरण रंजीत तिवारी रामेश्वर वाराणसी।।

जंसा थाना क्षेत्र के हरसोस गांव की रहने वाली सीमा देवी पत्नी साधु ने जंसा पुलिस को प्रार्थना देकर आरोप लगाया है कि बच्चों की विवाद में मुझे मेरी पड़ोसन लक्ष्मीना देवी पत्नी आशीष एवं उनका लड़का करन ने मारपीट कर घायल कर दिया घटना में मेरे पर एवं कमर में चोटे आई हैं। पुलिस उपरोक्त मामले में धारा 115(2) के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की कार्यवाही में जुटी हुई है।

## आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, केस दर्ज

समाज जागरण रंजीत तिवारी रामेश्वर वाराणसी।।

जंसा थाना क्षेत्र के बसुहनचक गांव के रहने वाले विवेकानंद यादव स्वर्गीय रामधनी यादव ने जनता पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि हमारे सगे पट्टीदार अरविंद यादव लालू यादव पुत्रगण नंदलाल यादव घर में घुसकर गाली गलौज देते हुए मारपीट करने लगे जब हमने इसका विरोध किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले घटना में हमारे भाई को भी गंभीर चोटे आई हैं। पुलिस उक्त मामले में मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## तेज रफ्तार बाइक ने युवक को मारी टक्कर युवक की मौके पर ही मौत

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर

नजीबाबाद में एक दुखद घटना सामने आई। नहर के पास तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान पौड़ी गढ़वाल निवासी 35 वर्षीय पंकज रावत के रूप में हुई है।घटना नजीबाबाद थाना क्षेत्र के नहर के पास हुई। पंकज रावत बस से उतरकर पैदल जा रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। परिजनों ने बताया कि पंकज काफी समय से बेरोजगार थे। उनके एक दोस्त ने नौकरी के लिए हैदराबाद बुलाया था। वह इसी सिलसिले में हैदराबाद जा रहे थे। पंकज की मौत से परिवार में शोक की लहर है।

## इं. अमित कुमार अध्यक्ष, इं. विपिन कुमार सचिव एवं इं. दयानंद जोशी वित्त सचिव चुने गये

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी जनपद बिजनौर

बाक्स सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ पूर्वी गंगा नहर निर्माण खण्ड-6 नजीबाबाद की खण्डीय कार्यकारिणी का गठन नजीबाबाद पूर्वी गंगा नहर निर्माण खण्ड-6, नजीबाबाद में इं. अमित कुमार की अध्यक्षता में जूनियर इंजीनियर्स कक्ष में सिविल डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में अन्यत्र खण्ड से स्थानांतरित होकर आए सदस्य सहायक अभियंता इं. ईश्वर सिंह का स्वागत किया गया। इसके पश्चात खण्ड की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया । सर्वसम्मति से सिंडिइए की खण्डीय कार्यकारिणी हेतु इं. अमित कुमार अध्यक्ष, इं.



विपिन कुमार सचिव एवं इं. दयानंद जोशी वित्त सचिव पद पर चुने गये। बैठक में सहायक अभियंता इं. संजय गुप्ता एवं इं.ईश्वर चन्द्र, जूनियर इंजीनियर अमित कुमार, अनुज कुमार, विकास वारी, गौरव चाँदी, दयानंद जोशी, पं.विपिन कुमार ,राजेन्द्र कुमार शर्मा एवं सत्यवीर सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक का संचालन इं. विपिन कुमार ने किया।

# पीएम मोदी आज के युग के युग पुरूष हैं उन्होंने बुराइयों को खत्म करने का बीड़ा उठाया है और वह लगातार इन बुराइयों से लड़ रहे हैं : वीरेंद्र सचदेवा

**मुख्य संवाददाता/सुषमा रानी**

नई दिल्ली 5 मई : अल्पसंख्यक प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में किया गया जिसमें हजारों की संख्या में मुस्लिम व अन्य समाज के लोग उपस्थित रहे और वक्फ बोर्ड अधिनियम संशोधन कानून से होने वाले लाभ के विषय में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, भाजपा दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, महामंत्री विष्णु मित्तल, अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष आतिफ रशीद, दिल्ली अल्पसंख्यक मोर्चा प्रभारी कारी मोहम्मद हारुन, अल्पसंख्यक मोर्चा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अनीश अब्बासी, स्वर्गीय मौलाना आजाद की पोती हुस्न आरा सलीम, पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय अब्दुल कलाम के भांजे शेख सलीम, पूर्व कुलपति वा लेखक फिरोज बख्त अहमद मुख्य रूप से उपस्थित रहे और संयुक्त रूप से वक्फ बोर्ड अधिनियम संशोधन बिल का समर्थन किया।

इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा के वक्फ बोर्ड इस्लाम में पवित्र संकल्प है जो चैरिटी के लिए बनाया गया है लेकिन कांग्रेस की सरकार ने इस पर सिर्फ भ्रम फैला कर मुस्लिम समाज को सिर्फ और सिर्फ वोट बैंक समझकर उन्हें अंधकार में धकेल दिया।

उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में



पीएम मोदी लगातार देश को एकजुटता प्रदान करने के उद्देश्य से प्रगतिशील कानून बनाते रहे हैं जिसमें सामाजिक वा राजनीतिक सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से तीन तलाक, जीएसटी, धारा 370 और महिलाओं के 33% आरक्षण जैसे ऐतिहासिक कानून बना कर सबका साथ सबका विकास को साबित किया है।

उन्होंने कहा कि जहां दुनिया एक तरफ कंप्यूटर पर आ गई है तो वही वक्फ बोर्ड की भी कंप्यूटरीकृत होने की आवश्यकता है, सरकार का उद्देश्य इस एक्ट के माध्यम से मुस्लिम समाज को विशेष रूप से जो पिछड़े वर्ग का मुस्लिम समाज हैं उन्हें उनका हक दिलाना है जो मोदी सरकार इस कानून को लाकर उन्हें उनका हक दिलाने का काम कर रही है।

कांग्रेस को घेरते हुए उन्होंने कहा की जो कांग्रेस इस वक्त सबसे ज्यादा इस बिल का विरोध कर रही है उसी कांग्रेस ने अपने शासनकाल में आठ बार इस कानून में संशोधन कर चुकी है।

वहीं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि पीएम मोदी आज के युग के युगांतर हैं उन्होंने बुराइयों को खत्म करने का बीड़ा उठाया है और वह लगातार इन बुराइयों से लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा की कुछ मुट्ठी भर लोग वक्फ बोर्ड की जमीनों पर कब्जा जमा कर बैठे हैं और जो गरीब, विधवा महिलाओं का हक है और इस बिल के आने से उन सभी लोगों को उनका हक वापस मिलेगा इसीलिए इस बिल का विरोध इस प्रकार के लोगों द्वारा किया जा रहा हैं क्योंकि वो लोग नहीं चाहते की गरीब और पिछड़े मुस्लिम देश की मुख्य धारा में आए परन्तु दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी चाहते हैं कि देश का हर मुस्लिम मुख्यधारा में सम्मिलित होकर गर्व से समाज में जी सके, कोई भी व्यक्ति देश में भूख ना सोए, हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सब एक साथ चले। मंच का संचालन कर रहे मुस्लिम नेता आतिफ रशीद ने अपने व्यक्तव्य में कहा की पिछली सरकारों ने अल्पसंख्यक समाज को सिर्फ लटकाने और भटकाने और झूठे वादों का काम किया है लेकिन आज वक्फ बोर्ड अधिनियम संशोधन बिल को पास करके पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार ने देश के गरीब पिछड़े मुस्लिमों को उनका हक दिलाने का प्रयास किया है हम उनका शुक्रिया अदा करते हैं।

वही इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा दिल्ली अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष अनीश अब्बासी ने कहा की दिल्ली के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में हम लगातार मुस्लिम क्षेत्रों में जाकर लोगों को वक्फ बोर्ड अधिनियम संशोधन कानून के बारे में जानकारी दे रहे है ताकि मुस्लिम समाज जिन्हें लोग भ्रमित कर रहे हैं झूठी जानकारी देकर उन्हें गुमराह कर रहे हैं उसे दूर किया जा सके उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड कानून से अल्पसंख्यक वा मुस्लिम समाज की कोई भी दरगाह, मस्जिद, चर्च, ईदगाह आदि की जमीन नहीं छीनी जाएगी।

# सिर्फ. बेहतर रख रखाव के अभाव में ही वक़्फ की संपत्तियों पर एंक्रोचमेंट कर उनका दुरुपयोग किया जा रहा है – भूपेन्द्र यादव

**मुख्य संवाददाता/सुषमा रानी**

नई दिल्ली, 5 मई : केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आज एक संयुक्त प्रेसवार्ता कर वक़्फ बोर्ड जनजागरण अभियान को लेकर विपक्ष द्वारा मुस्लिम समुदाय में फैलाए जा रहे भ्रम की निंदा की और कहा कि विपक्ष एक बार फिर से वक़्फ बोर्ड के नाम पर गलत जानकारी देकर एक विशेष समुदाय को भड़काने का काम कर रहा है। प्रेसवार्ता में प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल, वरिष्ठ भाजपा नेता श्री आतिफ रशीद और दिल्ली भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष श्री अनिस अब्बासी उपस्थित थे।

मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि देश की प्रगतिशिल यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव वक्फ बोर्ड कानून है जो मोदी सरकार द्वारा संसद में पारित करवा कर कानून बनाया गया है। यह पहली बार नहीं है क्योंकि इससे पहले भी वक्फ में परिवर्तन हुए हैं। 2013 से पहले कांग्रेस के समय में वक्फ में बदलाव हुए हैं। सरकार ने जिस प्रकार से यह बिल जेपीसी को भी भेजा और जेपीसी का कन्सल्टेशन दशार्ता है कि सबका साथ सबका विकास वाली सरकार सभी उद्देश्यों को इस बिल में समाहित कर रही है।

उन्होंने कहा कि विपक्ष द्वारा वक्फ से मुसलमानों के अधिकार समाप्त होने जैसा भ्रम फैलाया जा रहा है। अपने धार्मिक कार्यों की गतिविधियों के लिए एक ट्रासपैरेंट और संवैधानिक दायरों के अंदर होना




चाहिए। इसलिए वक्फ को क्रिएट करने का, मैनेज करने का और उसको रेगुलेट करने का अधिकार वक्फ सुधार कानून के बाद मुसलमानों के हित में सुरक्षित है।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि 1923, 1954 और 1995 या अन्य किसी वर्ष में सर्वे किया गया है लेकिन 2013 में कांग्रेस जी बिल लेकर आई थी उससे तो एक बात स्पष्ट हो गई कि अचानक से पिछले 10 सालों में 100 फीसदी का इजाफा कैसे हो गया। संपत्तियों का सही तरीके से निर्धारण करने के लिए इस कानून को लाया गया है। धारा 26 में यह प्रावधान है कि कोई भी राज्य धार्मिक प्रबंधक की मैनेजमेंट के लिए कानून बना सकती है। आज सिर्फ. बेहतर रख रखाव के अभाव में ही वक़्फ की संपत्तियों पर एंक्रोचमेंट कर उनका दुरुपयोग किया जा रहा है।

भूपेंद्र यादव ने कहा कि कांग्रेस के समय में भी कहा गया था कि सपतियों का डिजिटल रख रखाव किया जाना चाहिए इसलिए अगर आज मोदी सरकार यह करने जा रही है तो इसमें कांग्रेस को आपत्ति क्यों है।

उन्होंने कहा कि जेंडर जस्टिस के लिए और जिन उद्देश्यों के कारण वक़्फ का निर्माण किया गया है उसको पूरा करने के लिए एक सकारात्मक सोच के साथ सरकार यह कानून लेकर आई है लेकिन राहुल गांधी ने ना इसपर कोई भाषण दिया और उनकी बहन श्रीमती प्रियंका वाड्रा इस पर वोट डालने के लिए भी नहीं आई इसलिए कांग्रेस इस विषय के पक्ष में है या नहीं यह भी जानकारी नहीं है।

अतिफ रशिद ने कहा कि वक्फ बोर्ड अनिधिनयम 2025 के नाम पर मुस्लिम समुदाय को भड़काने का काम किया जा रहा है। भाजपा के नाम से डराना और अपने वोट बैंक को मजबूत करने का काम विपक्ष कर रहा है और जब भी मोदी सरकार ने कुछ सुधार का काम किया है तो एक गंदी राजनीति विपक्ष द्वारा की गई है। तीन तलाक हो, सिटिजन अम्डेमेन बिल हो या फिर अन्य सुधार सभी पर सिर्फ भड़काने और गलत जानकारी फैलाने का काम विपक्ष ने किया है।

# अप्रैल माह में टिकट चैकिंग द्वारा 3.32 करोड़ रूपए जुमार्ना वसूला

**रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**

जैतो,5 मई : फिरोजपुर रेल मंडल के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि फिरोजपुर मंडल के टिकट चैकिंग दल द्वारा सभी वास्तविक रेल उपयोगकताओं को आरामदायक यात्रा और बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए टिकट रहित और अनियमित यात्रा पर अंकुश लगाने के लिए ट्रेनों में गहन टिकट जाँच की जाती है। मंडल के टिकट चैकिंग स्टाफ एवं मुख्य टिकट निरीक्षकों द्वारा अप्रैल, 2025 के दौरान ट्रेनों में टिकट चैकिंग के दौरान कुल 33,439 रेलयात्री बिना टिकट अथवा अनियमित यात्रा करते हुए पाए गए एवं उनसे जुमार्ने के तौर पर कुल ड्ड3.32 करोड़ रुपए का राजस्व वसूल किया गया। गर्मियों के मौसम में बढ़ती यात्री भीड़ के मद्देनजर, मुख्यालय विशेष टिकट चैकिंग अभियान शुरू किया है। यह अभियान 21 मई 2025 तक चलेगा। 22 अप्रैल से शुरू हुए इस अभियान के अंगतर्गत अब तक 23 हजार से ज्यादा यात्रियों से लगभग ड्ड1.55 करोड़ का राजस्व एकत्रित किया गया है। अतः रेलयात्रियों से अपील की जाती है कि वे उचित टिकट लेकर ही ट्रेन में सफर करें। मंडल के रेलवे स्टेशनों को साफ-सुथरा बनाए रखने तथा आम जनता को स्टेशनों पर गंदगी फैलाने से रोकने एवं उनको साफ-सफाई के प्रति जागरूक बनाने के लिए मंडल



के मुख्य स्टेशनों पर नियमित जाँच की जाती है। इसके फलस्वरूप अप्रैल माह में 319 यात्रियों को स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाने के कारण (एंटी लिटरिंग एक्ट) उनसे 54 हजार से अधिक रूपए वसूल किये गए। मंडल रेल प्रबंधक श्री संजय साहू ने बताया कि फिरोजपुर मंडल में टिकट चेकिंग अभियान जारी रहेंगे। टिकट चैकिंग का मुख्य उद्देश्य रेलवे टिकटों की बिक्री में सुधार और कोई भी यात्री बिना टिकट लेकर यात्रा न करें अर्थात फिरोजपुर मंडल में शून्य टिकट रहित यात्रा का लक्ष्य रखा गया है।वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री परमदीप सिंह सैनी ने बताया कि फिरोजपुर मंडल के टिकट चेकिंग स्टाफ रेल राजस्व में बढ़ोतरी के साथ-साथ यात्रियों की मदद कर सामाजिक कर्त्तव्य भी निभाते हैं, कार्य के प्रति समर्पित टिकट चेकिंग स्टाफ के मनोबल को बढ़ाने के लिए समय-समय पर प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर उनको सम्मानित किया जाता हैं।

# उधम क्लब जैतो के सदस्यों ने अपनी मेहनत से धन एकत्रित कर पौधों को पानी देने के लिए तैयार किए गए बड़े टैंक का किया उद्घाटन

**रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**

जैतो, 5 मई :मिशन हरियाली, जिसकी शुरूआत वर्ष 2011 में उधम क्लब जैतो के संरक्षक बलविंदर सिंह द्वारा की गई थी, को आज उधम क्लब जैतो के अध्यक्ष गुरजंग सिंह के नेतृत्व में सभी क्लब सदस्यों के सहयोग से आगे बढ़ाया गया। उधम क्लब जैतो के प्रेस सचिव प्रमोद धीर ने बताया कि उधम क्लब जैतो के सदस्यों ने अपनी मेहनत व कमाई से पैसे एकत्रित करके पौधों को पानी देने के लिए एक बड़ा टैंक तैयार किया है। आज इस टैंक का उद्घाटन एंटरप्रेन्योरशिप क्लब जैतो के संरक्षक बलविंदर सिंह ने सभी क्लब सदस्यों की उपस्थिति में किया। आज उसके चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। शारीरिक रूप से बीमार बलविंदर सिंह के लिए यह अहसास ठंडी हवा के झोंके जैसा था। ईश्वर उन्हें अच्छा स्वास्थ्य प्रदान करें तथा क्लब के सभी सदस्य मिलकर जो मिशन निर्धारित किया है उसे आगे बढ़ाते रहें। इस पानी की टंकी का स्टैंड तैयार करने में महेंद्र सिंह भारी जी व बीएस इंजीनियरिंग वर्कर जैतो का विशेष सहयोग रहा। पिछले कुछ वर्षों में बलविंदर सिंह जी के नेतृत्व में क्लब द्वारा जैतो शहर में हजारों पौधे लगाए गए हैं और उनका पालन-पोषण किया गया है। इस श्रृंखला को जारी रखते हुए पिछले



कुछ महीनों में उधम क्लब में सैकड़ों पौधे लगाए गए हैं। उन पौधों को बनाए रखने के लिए पानी बहुत आवश्यक है, इसलिए एक बड़ी पानी की टंकी का निर्माण किया गया है ताकि गर्मियों में पौधों को रोजाना पानी दिया जा सके। पिछले वर्ष जैतो उधम क्लब और बलिहार फाउंडेशन ने जैतो खेल स्टेडियम के बाहर वन लगाया था। जिसमें बहुत सारी नशीली जड़ी-बूटियां उगी हुई थीं, जैतो उद्यमिता क्लब ने उस जंगल को साफ किया और नशीली जड़ी-बूटियों को नष्ट कर दिया। इस अवसर पर उद्यम क्लब के अध्यक्ष गुरजंग सिंह ने कहा कि उद्यम क्लब जैतो के संरक्षक बलविंदर सिंह जी द्वारा चलाए जा रहे मिशन हरियाली को सफल बनाने के लिए उद्यम क्लब जैतो लगातार प्रयास कर रहा है, जिसमें पौधों की नर्सरी तैयार करना, नए पौधे लगाना तथा पुराने पौधों की देखभाल करना आदि शामिल है। इस अवसर पर उद्यम क्लब जैतो के अध्यक्ष रेशम सिंह बराड़, उपाध्यक्ष जगदेव सिंह ढल्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भिंदर सिंह बराड़, ऑडिटर जसकरन सिंह, महासचिव स्वर्णजीत सिंह, कोषाध्यक्ष बलजीत सिंह, सहायक कोषाध्यक्ष जगजीत सिंह, सलाहकार कुलवीर सिंह, सदस्य भूपिंदर सिंह, मास्टर हरजिंदर सिंह, मास्टर सुरिंदरपाल सिंह, तीरथ सिंह, एस.के. गर्ग, बलबीर सिंह, सदस्य सतपाल सिंह सदियोडा, चमकौर सिंह, हरभगवान सिंह, बलिहार फाउंडेशन से राजबिंदर सिंह राजा आदि मौजूद रहे। उधम क्लब जैतो के संरक्षक बलविंदर सिंह व अध्यक्ष गुरजंग सिंह सभी सदस्यों की मौजूदगी में नवनिर्मित पानी की टंकी का उद्घाटन करते हुए।

# सरस्वती जीनियस स्कूल में तीन दिवसीय स्काउट एंड गाइड शिविर का किया आयोजन

**पराशर, समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो प्रमुख**

जैतो,5 मई : क्षेत्र की प्रसिद्ध शिक्षा संस्था सरस्वती जीनियस स्कूल इकाई



जैतो में तीन दिवसीय स्काउट एवं गाइड शिविर का आयोजन किया गया।स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती अंजू डोगरा जी ने बताया कि स्काउट एवं गाइड शिविर में भाग लेकर विद्यार्थी स्वयं को देश का जिम्मेदार नागरिक बनाने के नियमों, उद्देश्य एवं महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त करते हैं।डी.ओ.सी. (फरीदकोट) श्री तपिंदर सिंह बेदी तथा स्कूल की खेल शिक्षिका श्रीमती जगदीप कौर ने बताया कि स्काउट एवं गाइड शिविर तीन मूलभूत उद्देश्यों ईश्वर के प्रति कर्तव्य, दूसरों के प्रति कर्तव्य तथा स्वयं के प्रति कर्तव्य को प्रकाशित करता है।शिविर के समापन समारोह में सरस्वती जीनियस स्कूल के प्रधान श्री राकेश रोमाना, सेक्रेटरी मदन लाल गोयल तथा मैनेजर दिनेश गोयल उपस्थित हुए तथा उन्होंने बच्चों से स्काउट एंड गाइड संबंधित वातालार्प करते हुए उन्हें भविष्य में इस तरह के शिविरों में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया।

सरस्वती जीनियस स्कूल इकाई जैतो में आयोजित तीन दिवसीय शिविर के दृश्य। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र की प्रसिद्ध शिक्षा संस्था सरस्वती सीनियर सैकेंडरी स्कूल जैतो ग्रुप के शिक्षा संस्थान पढ़ाई के साथ -साथ हर क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बना रहा है। यह सब स्कूल की शानदार प्रबंधक कमेटी के कारण हो पाया है क्योंकि प्रबंधक कमेटी स्कूल के हर क्षेत्र में फोक्स रखता है।

# भाई राजोआना मामले में याचिका वापस लेने के संबंध में शिरोमणि कमेटी राष्ट्रीय राय मांगेगी- एडवोकेट धामी

**रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**

पंजाब/जैतो, 5 मई शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने भाई बलवंत सिंह राजोआना के मामले में 2012 में दायर याचिका को वापस लेने पर फैसला करने के लिए राष्ट्रीय राय बनाने की घोषणा की है। हाल ही में भाई बलवंत सिंह राजोआना से मुलाकात के बाद एसजीपीसी अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने आज सिख समुदाय के प्रतिनिधि संगठनों के नेताओं के साथ मुलाकात की और याचिका पर चर्चा की। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए एडवोकेट धामी ने कहा कि आज निहंग सिंह संगठनों, दमदमी टकसाल तथा कुछ अन्य संप्रदायों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में यह आम सुझाव प्राप्त हुआ कि भाई बलवंत सिंह राजोआना से संबंधित याचिका वापस लेने के फैसले के लिए समुदाय की आम राय अत्यंत आवश्यक है। इसके मद्देनजर पूरे विश्व का प्रतिनिधित्व करने वाले सिखों की एक सभा बुलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों भाई राजोआना के साथ हुई मुलाकात के दौरान उन्होंने शिरोमणि कमेटी से अपनी याचिका वापिस लेने के लिए कहा था तथा इस संबंध में बिना देरी निर्णय लेने की बात कही थी। एडवोकेट धामी ने कहा कि एसजीपीसी ने राष्ट्रीय आवाज को देखते हुए याचिका दायर की थी, लेकिन दुख की बात है कि लंबा समय बीत जाने के बाद भी सरकार इस पर नकारात्मक रवैया अपना रही है। उन्होंने कहा कि भाई राजोआना की भावनाएं भी गलत नहीं हैं, क्योंकि वह अपने इरादे और लक्ष्य के प्रति अडिग हैं, लेकिन याचिका का मामला अब केवल शिरोमणि कमेटी का नहीं, बल्कि पूरे सिख पंथ का है। उन्होंने कहा कि शिरोमणि कमेटी इस संबंध में कोई भी निर्णय लेने के लिए पंथ की राय के बिना आगे नहीं बढ़ सकती। इस संदर्भ में आज कुछ संगठनों के प्रतिनिधियों से चर्चा हुई है, जिनके सुझाव के अनुसार शीघ्र ही सिख समुदाय की एक प्रतिनिधि सभा बुलाई जाएगी। चूंकि यह मामला सीधे तौर पर राष्ट्रीय भावनाओं से जुड़ा है, इसलिए सभी धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक संगठनों और सिख विद्वानों व बुद्धिजीवियों की राय एकत्रित



की जाएगी। एडवोकेट धामी ने कहा कि इस संबंध में अंतरराष्ट्रीय सिख जनमत तैयार करने के लिए सुझाव भी मांगे जाएंगे। यह सम्पूर्ण कार्य बिना किसी विलम्ब के अल्प समय में पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिरोमणि कमेटी जेल में बंद सभी सिखों की रिहाई के लिए लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन सरकार का अड़ियल रवैया देश विरोधी है। उन्होंने कहा कि चूंकि भाई राजोआना का मामला याचिका से संबंधित है, इसलिए शिरोमणि कमेटी राजनीति से ऊपर उठकर सभी पक्षों से मिलकर निर्णय लेगी। यह एक सामूहिक पंथिक कार्य है, जिसके लिए प्रत्येक सच्चे सिख व संगठन को आगे आकर अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने शिरोमणि कमेटी के निमंत्रण पर आए संगठनों का धन्यवाद किया तथा आशा व्यक्त की कि वे इस गंभीर मामले में इसी प्रकार सहयोग प्रदान करते रहेंगे। बैठक में एसजीपीसी के अध्यक्ष वकील धामी के साथ सचखंड श्री हरमंदिर साहिब सिंह साहिब ज्ञानी बलविंदर सिंह और ज्ञानी बलजीत सिंह, दल बाबा बिधि चंद संप्रदा के प्रमुख बाबा अवतार सिंह सुरसिंह, तरना दल हरियां वेलां के प्रमुख बाबा निहाल सिंह, तरना दल बाबा बकाला के प्रमुख बाबा जोगा सिंह, शिरोमणि पंथ अकाली बुद्ध दल के प्रमुख बाबा बलबीर सिंह और 96 करोड़ एस दलजीत सिंह बेदी, दमदमी टकसाल के प्रमुख बाबा हरनाम सिंह शामिल हुए। खालसा, टकसाल के प्रवक्ता बाबा सुखदेव सिंह, कार सेवा संप्रदा भूरी वाले, बाबा सुखविंदर सिंह, बाबा हरि सिंह रंधावे वाले, बाबा गुरप्रीत सिंह रंधावे वाले, बाबा नाहर सिंह साध जी, शिरोमणि समिति के सदस्य भाई राजिंदर सिंह मेहता, स. सुरजीत सिंह भिट्टेवड़, स. उस्मान, स. हरपाल सिंह जल्ला, ओएसडी श्री सतबीर सिंह धामी, सचिव प्रताप सिंह, अपर सचिव। -बिजय सिंह, निजी सचिव। शाहबाज सिंह, उप सचिव। हरभजन सिंह वक्ता, सुपरिंटेंडेंट स. निशान सिंह, इंचार्ज आजाददीप सिंह आदि उपस्थित थे।

# रोहतक-भिवानी रोड स्थित श्री बालाजी धाम डोभ में लगाया गया निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**दैनिक समाज जागरण, ( महेन्द्र जावला बहल )**

डोभ-रोहतक 5 मई। रोहतक-भिवानी रोड स्थित श्री बालाजी धाम डोभ में लगाया गया निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर। शिविर में स्वास्थ्य की जांच



कराने आए मरीजों एवं उनके साथ आए लोगों को बाबा के भंडारे में प्रसाद भोजन कराया गया एवं मरीजों के स्वास्थ्य की सभी प्रकार की जांच कर निशुल्क दवाइयां वितरित की गई। जांच शिविर में डोभ क्षेत्र के सैंकड़ों मरीजों ने जांच शिविर का लाभ उठाया। भिवानी रोड स्थित श्री बालाजी धाम डोभ के संस्थापक प्रधान श्री पुरुषोत्तम दास बंसल ने ये जानकारी देते हुये बताया कि प्रत्येक रविवार को स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया जाता है एवं साथ ही बाबा का संकीर्तन व भण्डारा होता है। इस शिविर में डॉ ऋतू ने दांतों के मरीजों का इलाज किया व मरीजों के खराब दांत निकले, दांतों की सफाई की गई। एक्यूप्रेशर के डॉ. अमित जैन और डॉ अनुज जैन ने कोरियन मशीनों द्वारा लोगों का ईलाज किया। उन्होंने मरीजों को एक्सासाइज करने के तरीकों के बारें में बताया साथ ही धाम पर ललित जैन वैद द्वारा देशी दवाईयां भी वितरित की गई । रविवार को बाबा के धाम पर श्री बालाजी का सुन्दर संकीर्तन हुआ जिसमे सुनील डोभ पूनम शेन अमित कौशिक रोहतक ने सुन्दर सुन्दर भजनों से बाबा का गुणगान किया साथ ही सुरेन्द्र वर्मा रोहतक द्वारा सुन्दर सुन्दर झांकियां प्रस्तुत की गई रविवार का भंडारा एवं संकीर्तन राजवीर सिंह अहलावत जनता कॉलोनी एवं उनके सुपुत्र राजेश अहलावत बिल्लू अहलावत मिलन पार्क जनता कॉलोनी कुक अहलावत की परिवार के तरफ से लगाया गयो इस अवसर पर राधे श्याम पंडित जी, अंकुर पहतावास, सुरेश बैरी एवं समस्त बाबा के भगत जन मौजूद रहे।

# विजिलेंस ब्यूरो ने 60 हजार रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में बीडीपीओ कार्यालय अधीक्षक को गिरफ्तार किया

**पराशर समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो**

जैतो, 5 मई :- पंजाब सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी लड़ाई तेज कर दी है, जिसके तहत पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने मुख्यमंत्री की भ्रष्टाचार निरोधक कार्रवाई लाइन पर दर्ज शिकायत के बाद अमृतसर में एक सरकारी कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। इस हेल्पलाइन द्वारा की गई सतर्कता कार्रवाई इस सार्वजनिक पहल की बढ़ती सफलता को उजागर करती है और यह अभियान सरकारी कार्यालयों में भ्रष्ट आचरण को उजागर करके नागरिकों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान सतनाम सिंह, अधीक्षक खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय (बीडीपीओ), वेरका खंड, रानी का बाग, अमृतसर के रूप में हुई है, जिसने 20 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। सड़क पर अतिक्रमण की शिकायत पर सरकारी कार्रवाई के बदले में जिला अमृतसर के नबीपुर गांव के निवासी से 60,000 रुपये की ठगी की गई। उन्होंने आगे बताया कि शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने बीडीपीओ ब्लॉक वेरका लखविंदर कौर को शिकायत की थी कि उसके पड़ोसी गुरविंदर सिंह ने उसके घर को जाने वाली गली पर अवैध कब्जा कर लिया है। बीडीपीओ ने मामला अधीक्षक को भेज दिया, जिन्होंने शिकायतकर्ता तथा कनिष्ठ अभियंता मोहित कुमार और पंचायत सचिव अशोक कुमार को तथ्यों की पुष्टि करने के निर्देश दिए।इस जांच में सरकारी सड़क पर अतिक्रमण की शिकायत सही पाई गई, जिसके चलते संबंधित व्यक्ति पर 3,284 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। बार-बार नोटिस देने के बावजूद, कब्जाधारी ने नोटिस का पालन नहीं किया, जिसके कारण बीडीपीओ कार्यालय ने अवैध ढांचे को हटाने के लिए पुलिस सहायता का अनुरोध किया। हालांकि, उचित कानूनी कार्रवाई करने के बजाय, अधीक्षक सतनाम सिंह ने शिकायतकर्ता की एक अन्य शिकायत पर आगे की कार्रवाई करने के लिए 50,000 रुपये की रिश्वत की मांग की और शिकायतकर्ता को अग्रिम के रूप में 20,000 रुपये देने को कहा। शिकायतकर्ता ने गूगल-पे के माध्यम से सतनाम सिंह के खाते में 10,000 रुपये जमा करा दिए। इसके बाद विभाग ने पुलिस की मदद से गली में लगे अवैध खंभों को हटवाया। इसके बाद शिकायतकर्ता के पड़ोसी ने बदला लेते हुए गांव के नाले को अवरुद्ध कर दिया, जिसके कारण शिकायतकर्ता को मजबूर होकर पुनः उक्त अधीक्षक के पास जाना पड़ा। सतनाम सिंह ने शिकायतकर्ता से कहा कि यदि वह पहले दी गई रिश्वत के बारे में चुप नहीं रहेगा तो वह नाले से संबंधित उसकी शिकायत में उसकी मदद नहीं करेगा। विजिलेंस ब्यूरो ने सभी तथ्यों की जांच करने के बाद सतनाम सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत विजिलेंस ब्यूरो पुलिस स्टेशन, अमृतसर रेंज में मामला दर्ज किया तथा दोष सिद्ध होने पर उसे गिरफ्तार कर लिया। उसे कल सक्षम न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। प्रवक्ता ने आगे बताया कि इस मामले में बीडीपीओ लखविंदर कौर की भूमिका की भी आगे जांच की जाएगी। पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध अपनी शून्य सहनशीलता की नीति दोहराते हुए नागरिकों से सरकारी अधिकारियों द्वारा रिश्वतखोरी या कदाचार के किसी भी मामले की सक्रियता से रिपोर्ट करने का आग्रह किया है। सतर्कता ब्यूरो ने कहा कि मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार निरोधक कार्रवाई लाइन लोगों के लिए भ्रष्टाचार की शिकायत करने का एक माध्यम है। उन्होंने कहा कि हम सभी नागरिकों को बिना किसी डर के आगे आने के लिए आमंत्रित करते हैं क्योंकि समय पर सूचना मिलने से त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित होती है।

# बुधवार को नबीनगर प्रथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दिव्यांगता शिविर का होगा आयोजन

**दैनिक समाज जागरण**
**अनील कुमार संवाददाता**
**नबीनगर औरंगाबाद)**




नबीनगर (बिहार) असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, औरंगाबाद के पत्रांक-2128/औरंगाबाद दिनांक-03 .05 .2025 के आलोक में दिनांक 07.05.2025 दिन बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नबीनगर में दिव्यांगता पहचान शिविर (कैम्प) का आयोजन किया जाना है। रेफरल अस्पताल नबीनगर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा0 अभय कुमार ने बताया कि शिविर में उनके सहित डा0 राजेश कुमार, डा0 कुमार अभिषेक रंजन, आनंद कुमार (लिपिक) और विनोद कुमार (परिचारी) मौजूद रहेंगे। वहीं समावेशी शिक्षक आनंद कुमार वर्मा ने बताया कि जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर प्रखंड के सभी प्रधानाध्यापक प्रभारी प्रधानाध्यापक को सूचित किया गया है कि 03 से 18 वर्ष के दिव्यांग बच्चों का शिविर में स्वास्थ्य जांच होगा। साथ में यूडी आईडी कार्ड (यूनिक डिसएबिलिटी आइडेंटिटी कार्ड) भी बनेगा।

# पटना जिले के पालीगंज पुलिस ने किया भारी मात्रा में शराब बरामद

**समाज जागरण पटना जिला**
**संवाददाताः- वेद प्रकाश८**



पटना/ जिले के पालीगंज थाना अंतर्गत जलपुरा गांव से पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब बरामद किया है। जिसकी जानकारी सोमवार को पालीगंज डीएसपी प्रितम कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी है। जानकारी के अनुसार पालीगंज थाना परिसर में सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। जिसके दौरान पालीगंज डीएसपी प्रितम कुमार ने मीडिया से मुखातिब होते हुए बताया कि पालीगंज पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि रविवार को थाना क्षेत्र के जलपुरा गांव में शराब की डिलीवरी होनेवाली है। जिसकी सूचना पर पालीगंज थानाध्यक्ष दिनेश कुमार के नेतृत्व में एक पुलिस टीम की गठन किया गया। टीम में शामिल इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, अपर थानाध्यक्ष विनय कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक दयानन्द पासवान, बबन सिंह, सन्तोष कुमार, प्रेमलता कुमारी, विशाल कुमार व मुकेश कुमार सहित अन्य पुलिसकमीयी ने रविवार की शाम जलपुरा गांव पहुंची। जहां टीम ने कमलेश सिंह के पुत्र नवनीत कुमार के घर मे छापेमारी किया। जिसके दौरान नवनीत कुमार के घर के बेडरूम से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद हुई है। जबकि बेडरूम में रखे गए चौकी के अंदर थैले से दो लाख सात हजार दो रुपये बरामद हुई है। वही नवनीत के घर के आगे खड़ी BR 07 BP 5018 नम्बर की महेंद्रा कम्पनी की कार की तलाशी ली गयी। जिसके पिछली डिक्की से भी काफी शराब बरामद हुई। यह देख पुलिस नवनीत कुमार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार नवनीत के पास से दो स्मार्टफोन भी बरामद हुई है। यह देख पुलिस ने नवनीत सहित कार तथा शराब को जप्त कर थाने लाई है। उसके बाद पुलिस आगे की कार्यवाई कर रही है। वही डीएसपी प्रितम कुमार ने बताया कि कुल 362 लीटर अलग अलग कम्पनी के अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। छापेमारी के दौरान कार के डिक्की में प्लास्टिक के बोरा में रखे रॉयल स्टेज के 750 एम एल के 24 बोतल जिसकी मात्रा 18 लीटर बरामद किया। वही नवनीत के घर के बेडरूम की तलाशी के दौरान बेडरूम में छिपाकर रखे बडवाइजर मैग्नम बीयर 500 एम एल के 213 केन, हंटर स्ट्रांग प्रीमियम बीयर 500 एम एल के 187 केन, मैजिक मोमेंट्स रीमिक्स 750 एम एल कांच का 73 बोतल, रॉयल स्टेज प्रीमियर व्हिस्की 750 एम एल कांच के 104 बोतल, रॉयल स्टेज प्रीमियर व्हिस्की 375 एमएल कांच का 21 बोतल, रॉयल चैलेंज फिनिश प्रीमियम व्हिस्की 375 एमएल का 03 बोतले बरामद हुई है। इस प्रकार शराब की कुल मात्रा 344 लीटर है तथा ऊपर 18 लीटर पकड़े गए शराब मिलाकर जप्त की गई कुल विदेशी शराब की मात्रा 362 लीटर है। जिसकी कीमत ढाई लाख रुपये से अधिक आंकी जा रही है।

# शिक्षकों को अपमानित करनेवाले तथा घूसखोर विभागीय अधिकारियों पर गिरेगी गाज

## शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव शख्त

**समाज जागरण पटना**
**जिला संवाददाता - वेद प्रकाश**




पटना/ बिहार के शिक्षा विभाग में अब शिक्षकों के साथ दुर्व्यवहार और अपमानजनक रवैया अधिकारियों के लिए मुसीबत बन सकता है। अपर मुख्य सचिव (एसीएस) डॉ. एस. सिद्धार्थ ने सभी जिला और क्षेत्रीय शिक्षा कार्यालयों को कड़ा निर्देश जारी करते हुए चेतावनी दी है कि अगर कोई अधिकारी या कर्मचारी शिक्षकों के साथ अभद्र व्यवहार करता है या रिश्वत की मांग करता है, तो उसके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। यह कदम शिक्षकों के आत्मसम्मान को बहाल करने और शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की दिशा में एक बड़ा प्रयास माना जा रहा है। मामले की शुरूआत तब हुई, जब बिहार लोक सेवा आयोग(बीपीएससी) की पहली शिक्षक नियुक्ति परीक्षा (टीआरई-1) से जुड़े एक शिक्षक ने शिक्षा विभाग को एक गुमनाम लेकिन भावनात्मक पत्र लिखा। इस पत्र ने न केवल शिक्षा विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाए, बल्कि अधिकारियों की संवेदनहीनता को भी उजागर किया। शिक्षक ने पत्र में लिखा, "डॉ. सिद्धार्थ, आप हमें 'आप' कहकर सम्मान देते हैं, लेकिन जिला शिक्षा कार्यालयों में डीईओ, डीपीओ और उनके क्लर्क हमें 'तुम' कहकर बुलाते हैं और अपमानित करते हैं।" इस पत्र ने शिक्षा व्यवस्था की उन गहरी खामियों को सामने लाया, जो शिक्षकों के सम्मान और उनके कार्यों को प्रभावित कर रही हैं। शिक्षक ने अपने पत्र में यह भी खुलासा किया कि वेतन, बकाया राशि, या सेवा से जुड़े मामलों को निपटाने के लिए शिक्षकों को जिला शिक्षा अधिकारियों (डीईओ) और जिला कार्यक्रम अधिकारियों (डीपीओ) के दफ्तरों के बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं। कई बार बिना रिश्वत दिए उनका काम नहीं होता, जो न केवल अपमानजनक है, बल्कि शिक्षकों के आत्मसम्मान को भी ठेस पहुंचाता है। इस पत्र ने शिक्षा विभाग के भीतर व्याप्त भ्रष्टाचार और लापरवाही की पोल खोल दी। इस गुमनाम पत्र ने अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ को झकझोर दिया। उन्होंने 'शिक्षा की बातः हर शनिवार' कार्यक्रम में इस पत्र को स्वयं पढ़कर सुनाया और अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारी का अहसास कराया। उन्होंने कहा, "इस पत्र में उठाए गए मुद्दे पूरी शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हैं। यह समय है कि हम शिक्षकों को उनका हक और सम्मान दें।" डॉ. सिद्धार्थ ने स्पष्ट किया कि शिक्षकों के साथ 'आप' कहकर संवाद करना केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि व्यवस्था की गरिमा और संस्कृति का हिस्सा है। इसके साथ ही, डॉ. सिद्धार्थ ने अधिकारियों को आदेश दिया कि शिक्षकों को अनावश्यक रूप से दफ्तरों के चक्कर लगाने से बचाने के लिए डिजिटल और वैकल्पिक व्यवस्थाओं को लागू किया जाए। उन्होंने रिश्वतखोरी और अपमानजनक व्यवहार को बर्दाश्त न करने की चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसी शिकायतें मिलने पर दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों को कठोर दंड भुगतना होगा। यह कदम बिहार के शिक्षा विभाग में एक बड़े बदलाव का संकेत देता है, जहां शिक्षकों के सम्मान और कार्यकुशलता को प्राथमिकता दी जा रही है। इस घटना ने न केवल शिक्षकों के बीच उम्मीद जगाई है, बल्कि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग को भी तेज कर दिया है। अब देखना यह है कि क्या यह निर्देश जमीनी स्तर पर लागू हो पाएंगे और शिक्षकों को उनका वाजिब सम्मान मिल पाएगा।

# मोबाइल छिनने का विरोध करने पर युवती को चलती ट्रेन से फेंका, हालत गम्भीर

**समाज जसगर्न पटना जिला**
**संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ बिहार के भोजपुर जिले के आरा से एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक युवती को मोबाइल छीनने का विरोध करना भारी पड़ गया। आरा-सासाराम रेलखंड पर चलती ट्रेन में बदमाशों ने युवती को ट्रेन से नीचे फेंक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता के सिर, सीने और पीठ में गहरी चोटें आई हैं। इस सनसनीखेज घटना ने स्थानीय लोगों में दहशत फैला दी है और ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना आरा रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर पश्चिमी ओवर ब्रिज के पास हुई। पीड़िता की पहचान पीरो थाना क्षेत्र के फतेहपुर निवासी कामेश्वर सिंह की 20 वर्षीय बेटी तनु कुमारी के रूप में हुई है। तनु सासाराम-पटना पैसेंजर ट्रेन से आरा जा रही थी, जहां वह अपने चेहरे के लिए होम्योपैथी दवा लेने के उद्देश्य से यात्रा कर रही थी। ट्रेन जैसे ही पश्चिमी ओवर ब्रिज के पास पहुंची, दो अज्ञात बदमाशों ने उसका मोबाइल छीनने की कोशिश की। तनु ने जब इसका विरोध किया, तो एक बदमाश ने गुस्से में उसे चलती ट्रेन से धक्का दे दिया, जबकि उसका दूसरा साथी मोबाइल लेकर फरार हो गया। ट्रेन से नीचे गिरने के बाद तनु गंभीर रूप से जख्मी हो गई और लगभग 20 मिनट तक रेलवे ट्रैक पर तड़पती रही। उसकी हालत देखकर स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना दी, जिसके बाद डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। घायल तनु को तत्काल आरा के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, उसकी हालत गंभीर बनी हुई है, और उसे गहन चिकित्सा निगरानी में रखा गया है। तनु के भाई शशि रंजन कुमार ने घटना का दर्दनाक विवरण साझा करते हुए बताया, ҁमेरी बहन दवा लेने के लिए आरा जा रही थी। पीरो स्टेशन से उसने सासाराम-पटना पैसेंजर ट्रेन पकड़ी थी। पश्चिमी ओवर ब्रिज के पास बदमाशों ने उसका मोबाइल छीनने की कोशिश की। जब वह मोबाइल नहीं दे पाई, तो बदमाशों ने उसे ट्रेन से धक्का दे दिया। दूसरा बदमाश उसका मोबाइल लेकर भाग गया। शशि ने आगे कहा कि उनकी बहन को इस तरह बेरहमी से निशाना बनाया जाना परिवार के लिए असहनीय है। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू की। रेलवे पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमृतेंदु शेखर ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार और सहायक कमांडेंट अली हसन तुरंत सदर अस्पताल पहुंचे। अधिकारियों ने पीड़िता से मुलाकात कर घटना की पूरी जानकारी ली और मामले की जांच शुरू कर दी। सहायक कमांडेंट अली हसन ने बताया, हमने अस्पताल में घायल लड़की से बात की है। रेलवे स्टेशन और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। बदमाशों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। वहीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ने कहा की हमें अभी तक ट्रेन से धक्का देने की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन मामले की गहन जांच की जा रही है। चोरों की गिरफ्तारी के लिए अनुसंधान तेज कर दिया गया है ॥ रेलवे पुलिस ने आसपास के स्टेशनों पर निगरानी बढ़ा दी है और संदिग्धों की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है। यह घटना रेल यात्रियों, खासकर महिलाओं की सुरक्षा पर एक बड़ा सवाल खड़ा करती है। स्थानीय लोगों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि ट्रेनों में सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त किया जाए। कई लोगों का कहना है कि रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में पर्याप्त पुलिस बल और सीसीटीवी कैमरों की कमी के कारण ऐसी घटनाएं बढ़ रही हैं। तनु के परिवार ने प्रशासन से अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। शशि रंजन ने कहा की हम चाहते हैं कि मेरी बहन को न्याय मिले और ऐसे अपराधियों को कड़ी सजा दी जाए, ताकि भविष्य में कोई और इस तरह की घटना का शिकार न बने। यह घटना न केवल आरा बल्कि पूरे बिहार में चर्चा का विषय बन गई है। लोग सोशल मीडिया पर भी इस मामले को उठा रहे हैं और रेलवे प्रशासन से यात्रियों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग कर रहे हैं। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है और जल्द से जल्द अपराधियों को पकड़ने का दावा कर रही है

# सामूहिक विवाह समारोह का लगातार दूसरी बार किया गया आयोजनः

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**



लायंस क्लब हजारीबाग की ओर से आज सोमवार को लगातार दूसरी बार नृसिंह मंदिर परिसर पर सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों से आने वाले दो से अधिक निर्धन जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। समारोह में न केवल वैवाहिक रस्में विधिपूर्वक कराई गईं, बल्कि सभी जोड़ों को आवश्यक गृहस्थ जीवन की सामग्री, जैसे बर्तन, कपड़े, और अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी उपहारस्वरूप प्रदान की गईं। लायंस क्लब के सदस्यों ने पूरी निष्ठा और भावनात्मक जुड़ाव के साथ कन्यादान की परंपरा निभाई मलायंस क्लब की अध्यक्ष सुधा वर्मा ने कहा, "कन्यादान करना भारतीय संस्कृति की महान परंपरा है और यह हर किसी के लिए सौभाग्य की बात होती है। इस तरह के आयोजनों से समाज में समरसता और सहयोग की भावना बढ़ती है ।इस अवसर पर लायंस क्लब अध्यक्ष, सचिव, और कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सभी ने नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएँ दीं और उनके सुखद भविष्य की कामना की। इस आयोजन के माध्यम से न केवल गरीब परिवारों की मदद की गई, बल्कि समाज को एक सकारात्मक संदेश भी दिया गया!

# बागबेड़ा में श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल एवं प्राथमिक विद्यालय परिसर में प्याऊ का शुभारंभ, बच्चों व अभिभावकों को गर्मी से राहत

**दैनिक समाज जागरण 05.05.2025**
**जिला संवाददाता चांद कुमार लायेक पूवी**
**' सिंहभूम जमशेदपुर**



जमशेदपुर : भीषण गर्मी के मद्देनजर छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से श्री कृष्णा पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल, बागबेड़ा एवं प्राथमिक विद्यालय में प्याऊ का शुभारंभ किया गया। यह सामाजिक कार्य प्रभात खबर और अग्रवाल युवा मंच के संयुक्त सौजन्य से पंचायत समिति सदस्य एवं स्कूल के सहायक सचिव सुनील गुप्ता की पहल पर संपन्न हुआ ।छह स्टैंड, घड़े और मग के साथ स्कूल में जल सुविधा का विस्तार बागबेड़ा कॉलोनी रोड नंबर एक स्थित श्री कृष्णा पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल परिसर में चार स्टैंड के साथ चार घड़े, ग्लास और मग की व्यवस्था की गई। स्कूल के संस्थापक सह सचिव हरि बल्लभ सिंह आरसी एवं सुनील गुप्ता ने संयुक्त रूप से प्याऊ का उद्घाटन किया। आरसी जी ने स्वयं इस घड़े का पानी पीएं। इस व्यवस्था से स्कूली छात्रों को गर्मी में ठंडा और शुद्ध जल मिलेगा। गुरुद्वारा समीप के प्राथमिक विद्यालय में भी हुआ प्याऊ का वितरण बागबेड़ा कॉलोनी रोड नंबर एक स्थित गुरुद्वारा के पास प्राथमिक विद्यालय में भी दो स्टैंड के साथ दो घड़े, ग्लास और मग प्रदान किए गए। स्कूल की प्रधानाध्यापिका उषा कुमारी और शिक्षिका सरिता कुमारी ने पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता के साथ मिलकर प्याऊ का शुभारंभ किया। बच्चों को भोजन के साथ शीतल जल की सुविधा उद्घाटन के अवसर पर बच्चों को भोजन के दौरान घड़े का ठंडा पानी परोसा गया। इस पहल से शिक्षक, छात्र और अभिभावक सभी लाभान्वित होंगे। जल भरने और प्याऊ की देखरेख की जिम्मेदारी स्कूल प्रबंधन को दी गई है। हरि बल्लभ सिंह एवं सुनील गुप्ता ने प्याऊ की जिम्मेवारी स्कूल प्रबंधन को दी स्कूल के संस्थापक सह सचिव हरि बल्लभ सिंह आरसी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गर्मी में यह एक राहतदायक कदम है। वहीं पंचायत समिति सदस्य सह स्कूल के सहायक सचिव सुनील गुप्ता ने कहा कि जैसे पिछले वर्ष प्याऊ की व्यवस्था से सकारात्मक परिणाम मिले, इस बार भी सामाजिक जिम्मेदारी के तहत यह कार्य किया गया है। उन्होंने भविष्य में स्कूल के हर संभव विकास में सहयोग देने की बात कही। कार्यक्रम में मौजूद रहे कई गणमान्य इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका कृष्णा पांडे, सरोज सिंहा, उषा कुमारी, समन्वयक बापी प्रधान,कार्यालय संचालक विवेक पांडे, पंचायत समिति सदस्य सुनील गुप्ता, उप मुखिया संतोष ठाकुर, वार्ड सदस्य सीमा पांडे, अभिषेक उपाध्याय, प्रतिनिधि राजकुमार सिंह, अरविंद पांडे, शिक्षिकाएं सरिता कुमारी, चंदा शर्मा, अनीता कौर, रीता सिंह, अर्चना यादव, चंदा मिश्रा, अनीता चौधरी, सुखनीत कौर, स्वामी देवी और मौसम देवी, समाजसेवी प्रेम कुमार सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

# पटना पुलिस ने किया दिन दहाड़े हत्या मामले का खुलासा

## पत्नी के दोस्त ने कराया था हमला

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना के जक्कनपुर थाना क्षेत्र स्थित सिपारा पुल पर शुक्रवार को फोर्ड अस्पताल में कार्यरत अमित कुमार की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस सनसनीखेज वारदात की गुत्थी पटना पुलिस ने महज 48 घंटे में सुलझा ली है। पुलिस ने इस मामले में साजिशकर्ता समेत दो शूटरों को गिरफ्तार कर लिया है ।गिरफ्तार अपराधियों की पहचान मुख्य



साजिशकर्ता कुंदन कुमार, मणिकांत और शेख शहाबुद्दीन उर्फ बाबुल के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से हत्या में इस्तेमाल की गई बाइक और हथियार भी बरामद कर लिए हैं ।पटना के एसएसपी अवकाश कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि कुंदन कुमार अमित की पत्नी से नजदीकी रखता था और उसकी शादी से नाखुश था। इसी कारण उसने पेशेवर शूटरों को सुपारी देकर हत्या की साजिश रची और वारदात को अंजाम दिलवाया ।फिलहाल, सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया चल रही है।

# भजन बिना नर फीको

**दैनिक समाज जागरण**

स्वामी महेन्द्रानन्दजी के नेतृत्व में हो रहे श्री शिवसमाराधना महायज्ञ व श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ के पञ्चम दिवस में पवई धाम सरकार को कथा श्रवण कराते हुए श्री इन्देश जी उपाध्याय ने भगवान बाल कृष्ण की अद्भुत लीलाओं का वर्णन किया। महाराज श्री कहते है कि अविद्या ही पूतना है, अपने गुणों पर गर्व होना ही पूतना है और मात्र छः दिन के होने पर ही बालकृष्ण ने पूतना का वध कर दिया। भगवान् कितने दयालु है कि जो पूतना भगवान को को मारने आई थी उसे भगवान् ने माता की गति प्रदान कर दी। वाणी का सदुपयोग तभी होगा जब इससे भगवान् के निर्मल यशचरित्र का किया जाए। कान इसलिये ही मिले है कि इनसे भगवान की लीलाकथा का श्रवण कराया किया जाए। हाथ सत्कर्म करने को, मन सत चिन्तन करने को पैर भगवद्धाम जाने को, स्मृति भगवदस्मरणको सिर भगवद्चरणों में झुकने को और दृष्टि सारे जग में एकमात्र ब्रह्म का दर्शन करने को ही हमें मिले है ।शकटासुर वध, नामकरण-लीला, माखन चोरी लीला, गोवर्धन धरण लीला,ु आदि का वर्णन इंद्रेश जी ने किया ।7 मई 2025 तक यह कथा पवई धाम सरकार, पाटन में चलेगी। मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी का पवई आगमन मौसम खराब होने के कारण मझौली से पवई नहीं पहुंच पाए क्योंकि हेलीकॉप्टर को वहां पहुंचने में असुविधा थी इस कारण उपस्थित भक्तगणों को उन्होंने मोबाइल के द्वारा श्री बलराम यादव जी के मोबाइल पर संबोधन किया एवं महाराज श्री से आशीर्वाद लिया एवं ना पहुंच पाने का खेद व्यक्त किया । 7 तारीख को होने वाली कथा का समय सुबह 8:00 बजे से रहेगा । मंच संचालन जितेंद्र पचौरी ने किया । सर्वेश पचौरी (पटेल) की मुख्य यजमान ने भागवत कथा श्री श्याम मनोहर जी पचौरी मुख्य यज्ञ यजमान, सह यजमान श्री लाल सिंह यादव ,श्री राकेश पचौरी, श्री योगेश गोर मथुरा श्री इन्द्र सिंह यादव,श्री प्रमोद पलहा, श्री बलराम यादव आयोजन प्रभारी, हरकृष्ण पचौरी अध्यक्ष आयोजन समिति , श्री नवनीत माहेश्वरी,श्री विष्णु शंकर जी पटेल श्री गोरी शंकर तिवारी , मनोज पटेल , आनंद पटेल,गोविंद पटेल,मुकुल पचौरी,मदन मोहन पचौरी,देवेंद्र सिंह, नितिन भाटिया , कौशल किशोर सूरी, किरण मलहोत्रा आदि ने श्रीमद्भागवत पूजन किया।

# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण कार्य में घोर अनियमितता, जांच की मांग

**राहुल कुमार गुप्ता**
**दैनिक समाज जागरण विष्णुगढ़।**


विष्णुगढ़ जोबर से तिलैया भाया खरकी तक जोड़ने वाली सड़क निर्माण कार्य में घोर अनियमितता बरतने की शि- ।कायत। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत यह सड़क का निर्माण किया जा रहा है. जिसकी लंबाई 6.600 कि.मी. है। जो बी.टी काली करण सड़क की लंबाई 5.032 कि.मी. है ।इस निर्माण कार्य में कहीं भी ढंग से नजर नहीं आता है, सड़क की मोटाई 1से डेढ़ इंच मे एक ही लेयर ही ढाला गया और पीच को चटाया गया है । साथ ही सड़क के दोनों किनारे पर मिट्टी की भराई सड़क को ढकने के लिए कर दिया गया है ।एक सप्ताह पूर्व लगभग करोड़ों रुपए की लागत से सड़क निर्माण पूर्ण होने से पहले बुरी तरह क्षतिग्रस्त होना शुरू हो गया। निर्माण कार्य में पूरी सड़क पर सही से रोड़ रोलर का प्रयोग नहीं किया गया है इसके कारण सड़क गड्ढे और ऊंचा नीचा दिखाई पड़ता है पूरी सड़क निर्माण घटिया और दूजे किस्म की सामग्री का इस्तेमाल कर सिर्फ रोड एक का रुप दिया गया है. जिसकी मजबूती पूरा जीरो है। ग्रामीणों ने इस संबंध मीडिया चैनल के माध्यम से आवाज उठाकर इस सड़क निर्माण कार्य में किये गये घोर अनियमितता की जांच हजारीबाग जिला उपायुक्त से करने की मांग की है।।

# न्यू ट्रिम फैक्ट्री व फाइनल में हुआ टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष का स्वागत

**दैनिक समाज जागरण 05.05.2025 जिला संवाददाता चांद कुमार लायेक पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर : टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के नव मनोनीत अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद का न्यू ट्रिम लाइन एवं फाइनल डिवीजन में जोरदार स्वागत किया गया। न्यू ट्रिम लाइन में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद के अलावे महामंत्री आरके सिंह, जीएम श्रीमती किरण नरेन्द्रन, एच एस सैनी , आर आर दुबे , अजय भगत , बीके सिंह समेत तमाम यूनियन के पदाधिकारी, यूनियन के कमेटी मेंबर, आरके सिंह फैंस क्लब के सदस्य तथा भारी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश विश्वकर्मा ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन रियाज अहमद ने किया।

कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद एवं महामंत्री आरके सिंह को अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। महामंत्री आरके सिंह ने



अपने संबोधन में कहा कि यूनियन को जब - जब ऊर्जा की जरूरत हुई है, आप सबों ने भरपूर ऊर्जा दिया है। वहीं यूनियन भी मजदूरों के हित में एक से बढ़कर एक समझौता की है। यह परस्पर सहयोग से ही संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि हम सब अपना - अपना काम ईमानदारी से करें तो कंपनी को आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता है। आगे उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बड़ी - बड़ी चुनौतियां हैं। इससे निपटने के लिए एक - एक मजदूर , यूनियन एवं प्रबंधन को सजग होकर बाजार के अनुकूल सेवा देना होगा। हमें प्रतिद्वंद्वी कंपनियों से हमेशा आगे रहना है यह तभी संभव है जब सब लोग मिलकर साकारात्मक सोच के साथ काम करेंगे। अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद ने कहा कि हम विश्वास दिलाते हैं कि जिस आशा और उम्मीद के साथ मुझे अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है , मैं उसपर खरा उतरकर दिखाऊंगा । कार्यक्रम को जीएम श्रीमती किरण नरेन्द्रन, एच एस सैनी ने भी संबोधित किया। बाद में फाइनल डिवीजन में स्वागत कार्यक्रम आयोजित की गई। यहां अध्यक्ष, महामंत्री समेत तमाम यूनियन पदाधिकारियों का अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र कुमार ने किया ।

# एमपी बोर्ड कक्षा 10,12वीं का रिजल्ट आज शाम 5 बजे होगा घोषित

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव 6 मई को परीक्षा परिणाम करेंगे घोषित

**दैनिक समाज जागरण**

भोपालः एमपी बोर्ड कक्षा 10वीं 12वीं रिजल्ट का इंतजार 6 मई को खत्म होने जा रहा है सोमबार को रिजल्ट की तारीखों का ऐलान कर दिया गया है आपको बता दें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 6 मई 2025 को शाम 5 बजे मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी एवं विद्यालय पूर्व शिक्षा में डिप्लोमा (डी.पी.एस.ई.) मुख्य परीक्षा 2025 के परीक्षा परिणाम मुख्यमंत्री निवास (समत्व भवन) में घोषित करेंगे। इस परीक्षा में लगभग दोनों कक्षाओ के 16 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे और अभ्यर्थी और अभिभावक रिजल्ट का इंतजार लंबे समय से कर रहे थे आखिर उनका इंतजार आज शाम 5 बजे समाप्त हो जाएगा क्योंकि शाम 5 बजे दोनों का कक्षाओं के रिजल्ट एक साथ जारी होंगे फैल अभ्यर्थियों को पास होने का दूसरा मौका मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड इस वर्ष जून माह में प्रथम चरण की परीक्षा आयोजित करने जा रहा है। माध्यमिक शिक्षा मंडल के अनुत्तीर्ण छात्रों के लिये 'रूक जाना नहीं' योजना में कक्षा 10वीं और 12वीं के साथ 'आ लौट चलें' कक्षा 10वीं, 12वीं, ओपन स्कूल परम्परागत परीक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं, आईटीआई समकक्ष कक्षा 12वीं, सीबीएसई ऑन डिमांड कक्षा 12वीं की परीक्षा 2 जून 2025 से 2 पारियों में की जा रही हैं। प्रथम पारी में समस्त 12वीं कक्षा की परीक्षा तथा द्वितीय पारी में समस्त 10वीं, 8वीं और 5वीं की परीक्षा आयोजित की जा रही हैं। परीक्षा की समय-सारणी मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के पोर्टल पर उपलब्ध है।

# असम अरुणाचल प्रदेश सीमावर्ती क्षेत्र बरडुमसा पुलिस कर्मियों पर लगा एक युवक का कथित रूप बर्बरता पूर्वक पिटाई करने का गंभीर आरोप ।

## पांच पुलिस कर्मी हुए तत्काल प्रभाव से निलम्बित थाना प्रभारी का तबादले के साथ लाईन हाजिर किया गया।

**दैनिक समाज जागरण गोरखनाथ गुप्ता।**

असम अरुणाचल प्रदेश सीमावर्ती क्षेत्र बरडुमसा थाने के पुलिस कर्मियों द्वारा एक युवक के कथित रूप बर्बरता पूर्वक पिटाई करने का गंभीर आरोप लगा है ।इस कथित घटना के सामने आते ही असम पुलिस द्वारा पांच पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया,वही बरडुमसा थाना प्रभारी का तबादला कर रिजर्व क्लोज कर किया गया। घटनाक्रम के अनुसार 3 मई को बरडुमसा के एक युवक को बरडुमसा पुलिस द्वारा थाने बुलाकर बर्बरता पूर्ण तरीके से कथित रूप पिटाई करने का आरोप लगा है ।जिसको लेकर गुस्साए स्थानीय लोगो बड़ी संख्या में बरडुमसा थाने पहुचकर थाने का घेराव किया ।जिसके कारण स्थित उतेजनापूर्व हो गई ।परिस्थिति को भांपते हुये असम पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुये युवक की पिटाई की कथित घटना के संदर्भ में पुलिस और कमांडो जवान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर हेडक्वार्टर क्लोज किया गया है ।जिसमे एसआई राजीब डेका,एस- ।आई जयंत कलिता,कांस्टेबल बिशाल बोरो कांस्टेबल राजीब डेका,कांस्टेबल भाईटी डेका का नाम शामिल है ।वही थाना प्रभारी एसआई विश्वजीत सहरीया का तबादला कर लाईन हाजिर किया गया है। एसपी तिनस- ुकिया के आदेशानुसार,दिनेश प्रताप सिंह राठौड़ आईपीएस एसडीपीओ मार्गेरिटा इस मामले की जांच करेंगे और आगे की कार्रवाई के लिए 48 घंटे के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत सौंपने को निर्देश दिया गया है।

# आईसेक्ट विश्वविद्यालय में चौथा समर्थ भारत कॉन्क्लेव संपन्न

### उद्यमियों को मिले वित्तीय समावेशन और कौशल विकास के नए अवसर

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**





हजारीबाग। आईसेक्ट विश्वविद्यालय , हजारीबाग के मुख्य कैंपस सभागार में सोमवार को चौथे समर्थ भारत कॉन्क्लेव 2025 के अंतर्गत एक दिवसीय राज्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य देश के विभिन्न हिस्सों से जुड़े लघु उद्यमियों को वित्तीय समावेशन, कौशल विकास तथा सामाजिक उद्यमिता के उभरते अवसरों की जानकारी देना और उन्हें सशक्त बनाना था।बता दें कि यह सम्मेलन आईसेक्ट द्वारा 2 मई से 5 जून तक 15 राज्यों के 16 शहरों में आयोजित किए जा रहे राज्य सम्मेलनों की श्रृंखला का हिस्सा है। आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, प्रति कुलपति डॉ गौरव शुक्ला, आईसेक्ट ग्रूप के बिहार एवं झारखंड हेड अम्ब्रीश कुमार, आईसेक्ट के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट अरविंद चतुर्वेदी, जनरल मैनेजर अभिषेक गुप्ता, सीवीआरयू वैशाली के कुलसचिव डॉ ब्रजेश सिंह सहित अन्य के हाथों दीप प्रज्ज्वलित कर एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस मौके पर आ-ईसेक्ट की 40 वर्षों की यात्रा आ-ईसेक्ट के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट अरविंद चतुर्वेदी ने डॉक्युमेंट्री फिल्म के जरिए पेश की। कार्यक्रम में शरीक बतौर खास मेहमान आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नायक ने कहा कि कौशल विकास और सामाजिक उद्यमिता देश में समावेशी विकास प्राप्त करने के दो मजबूत स्तंभ हैं। आज के युग में स्वरोजगार की संभावनाओं को पहचानकर ही हम आर्थिक प्रगति की नई राहें खोल सकते हैं। वहीं आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने उद्यमियों को प्रेरित करते हुए कहा कि उन्हें इन उभरते क्षेत्रों में सजगता और सक्रिय भागी-दारी दिखानी चाहिए। दोपहर के ज्ञान सत्र में नीरज सतपुड़े, शशि भूषण द्विवेदी, आईसेक्ट जीएम अभिषेक गुप्ता, केतन श्रोत्रिय और प्रशांत बेस-रा ने वित्तीय समावेशन, सीएसआर/ सरकारी योजनाएं, बी.वॉक कार्यक्रम, प्लेसमेंट और अप्रेंटिसशिप से जुड़े अवसरों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके अतिरिक्त आईसेक्ट के नए उत्पादों और सेवाओं जैसे एनिमेशन के लिए आईसेक्ट अकादमी, एनसीएसडीई, एनईपी-एलईएपी, आईसेक्ट लर्न पोर्टल, रमन ग्रीन उत्पाद, बालशाली पाइप्स आदि पर कार्य करने के अवसरों पर भी चर्चा की गई। इसके बाद सहायक प्रबंधक अरुण शुक्ला द्वारा ब्रैनी बेयर फ्रैंचाइजी पर विशेष सत्र लिया गया, जिसमें बच्चों के प्रारंभिक शिक्षा क्षेत्र में उद्यम के अवसरों को रेखांकित किया गया। आईसेक्ट विश्वविद्यालय के साथ कार्य के अवसरों की संभावनाओं को लेकर डिप्टी रजिस्ट्रार विजय कुमार व सहायक कुलसचिव चांदनी कुमारी ने विस्तृत जानकारी प्रदान की। सम्मेलन के अंतिम सत्रों में प्रभाकर सिन्हा, अनिल रावत, कुलदीप पटनाकर, सोनू कुमार सहित वक्ताओं ने जीट-सी/बीटूसी सेवाएं, बीमा, प्रकाशन और फास्टैग जैसे क्षेत्रों में भागीदारी की संभावनाओं पर चर्चा की। समापन सत्र में अरविंद चतुर्वेदी और अम्बरीश कुमार ने सभी उद्यमियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह सम्मेलन न केवल जानकारी देने का मंच है, बल्कि यह आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी की दिशा में एक बड़ा कदम भी है। सम्मेलन के अंत में एसकेपी श्रेणी में उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कार वितरित किए गए। दरअसल यह आयोजन स्थानीय उद्यमियों को सशक्त करने की दिशा में एक सार्थक पहल के रूप में याद किया जाएगा। बताते चलें कि इस मौके पर बिग कंट्री लिटिल बिजनेस नामक पुस्तक का विमोचन किया गया। साथ ही वित्तीय समावेशन पर केंद्रित फिल्म और यूनिसेफ से जुड़ी परियोजना रिपोर्ट का भी विमोचन हुआ। मंच संचालन तौहीद आलम व परितोष पाण्डेय ने किया

# विधायक रोशन लाल चौधरी ने आठ योजनाओं का रखा आधारशिला

### बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का संपूर्ण विकास करना ही हमारा उद्देश्य है - विधायक रोशन लाल चौधरी

**समाज जागरण**



बड़कागांव : बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी ने रविवार को देर शाम आंधी तूफान और तेज बारिश के बीच बड़कागांव प्रखंड के आठ विकास योजनाओं की रखी आधा-रशिला। जिसमें से ग्रामीण कार्य विभाग से सीसीएल उरीमारी चेक पोस्ट से तिलैया तक सड़क सुदृढीकरण कार्य जिसका लंबाई 2.300 किलोमीटर है। भवन प्रमंडल हजारीबाग से डीएमएफटी मद अंतर्गत बड़कागांव प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय जरजरा, शिवाड़ीह पंचायत में पीएम श्री उत्क्रमित मध्य विद्यालय शिवाडीह एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय नालापार हरली बड़कागांव के उन्नयन कार्य का शिलान्यास। ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल हजारीबाग द्वारा प्रखंड के पुंदौल से मरदूसोती तक पथ सुदृढीकरन कार्य जिसकी लंबाई 2.020किमी है। लघु सिंचाई विभाग प्रमंडल हजारीबाग डीएमएफटी मद अंतर्गत प्रखंड बड़कागांव के ग्राम अंबाजीत में राजकीय मध्य विद्यालय का उन्नयन कार्य। लघु सिंचाई प्रमंडल विभाग से चंदौल पंचायत के ग्राम महंगाई खुर्द में रानी तालाब का जीर्णोद्वार कार्य। ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल हजारीबाग टी 02 से सुकुल खपिया तक पद का सुदृढीकरण कार्य जिसकी लंबाई 2.800 किमी है। मौके पर विधायक रोशन लाल चौधरी को स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा सभी शिलान्यास स्थलों पर ढोल नगाड़े के साथ ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। शीलान्यास के पश्चात ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि हमारा एक ही उद्देश्य है बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का संपूर्ण विकास जिसके लिए मैं सड़क से लेकर सदन तक ग्रामीणों की लड़ाई लड़ने के लिए 24 घंटा तैयार है। आगे उन्होंने कहा कि हमारे विधानसभा क्षेत्र के किसी भी ग्रामीणों को कोई भी समस्या हो तो हमसे संपर्क करें उनकी हर समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से आजसू रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, आजसू केंद्रीय सचिव कोलेश्वर गंझू, मुखिया बेबी देवी,भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र महतो, आजसू केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा,रामचंद्र साहू, पूर्व जिप सदस्य टुकेश्वर प्रसाद,आजसू जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र कुमार,जिला सचिव वीरेंद्र प्रसाद, आजसू प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, सचिव मनोज दांगी, दिनेश दागी, मुरली दांगी, वरिष्ठ आजसू नेता केदार महतो, जगदीश महतो, मुखिया प्रतिनिधि सनित महतो, चिंतामणि महतो, पूर्व मुखिया भीखन महतो, अशोक महतो सहित सैकड़ो भाजपा आजसू कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

# नाली का गंदा पानी महीनो से बह रहा है सडको पर

**समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**



२बड़कागांव : बड़कागांव दैनिक बाजार के समीप राधा कृष्ण मंदिर समीप अरविंद मालाकार की दुकान के पास से नाली का गंदा पानी पिछले कई महीनो से सड़कों पर बह रहा है। दैनिक बाजार में प्रतिदिन आने जाने वाले राहगीरों को नाली का गन्दा पानी वाहनों के चलने से कपड़ों में छींटे पड़ जा रहे हैं।आसपास के दुकानदार और बाजार आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । दुकानदार अरविंद मालाकार ने बताया कि नटराज नगर जाने वाली गली का पुल के अंदर में टूट गया है जिसके कारण अंदर कचरा भर गया है और नाली जाम हो गया है।यही वजह है कि नाली का पानी सड़कों पर बह रहा है। पश्चिमी पंचायत के मुखिया सह सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार ने बताया कि नाली जाम होने की जानकारी मेरे संज्ञान में है बहुत जल्द इसका निराकरण किया जाएगा।

# आजसू के केंद्रीय सदस्य राजा खान ने ट्रांसफार्मर का उदघाटन किया

### महुंगाईकला के बलोदर गांव के जनता ने विधायक रोशन लाल चौधरी को दिया धन्यवाद

**समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**



बड़कागांव : प्रखंड के महुंगाईकला पंचायत के बलोदर गांव में बीते दिनों ट्रांसफॉर्मर खराब होने की सूचना आम जनों से बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी को मिली। जिसपर विधायक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बिजली विभाग के संबंधित अधिकारी से बात कर नया ट्रांसफॉर्मर लगाने का निर्देश दिया। तत्पश्चात विधायक के आदेशानुसार 63 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगा दिया गया है। इसके बाद आज आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य राजा खान के द्वारा पिता काटकर वह नारियल फोड़कर विधिवत्त ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया। बिजली बहाल होने से लोगों में खुशी की लहर है। मौके पर आजसू नेता राजा खान ने कहा कि बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी का एक ही उद्देश्य है की बड़कागांव का कोई भी गली मोहल्ला अंधेरे में ना रहे। ट्रांसफार्मर कहीं भी खराब होता है तो विधायक को सूचना दें यथाशीघ्र उसे बदलकर बिजली बहाल कर दिया जाएगा। बिजली बहाल होते हैं ग्रामीणों ने विधायक रोशन लाल चौधरी को धन्यवाद दिया। मौके पर मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य राजा खान, प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा, वरिष्ट आजसू नेता अनिल प्रसाद, अखिलेश वर्मा, मेगनाध महतो, कुनीत महतो, मुकेश कुमार, राजेश कुमार, उदय कुमार, कमलेश कुमार, शिमा देवी, शबीता देवी कबुतरी देवी, वासुदेव महतो,नरेश महतो राम,विलास महतो,बाबुलाल महतो, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# भव्य कलशयात्रा के साथ रुद्र महायज्ञ सह शिव परिवार संग राम दरबार हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ हुआ प्रारंभ

**आर्यन कुमार संवाददाता दैनिक समाज जागरण कटकमदाग।**



हजारीबाग कटकमदाग प्रखण्ड अंतर्गत कुद में शिवमंदिर प्राण प्रतिष्ठा हेतु भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ सोमवार को पांच दिवसीय श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ सह शिव परिवार संग राम दरबार हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ हुआ प्रारंभ ग्राम के सनातनी धर्मावलंबियों ने पारम्परिक परिधानों में कलश यात्री पंक्तिबद्ध होकर पारंपरिक ढोल, गाजे-बाजे एवं परिधान के साथ भव्य व विराट शोभायात्रा निकली। कलश यात्रियों ने हर हर महादेव एवं ओम नमः शिवाय का पट्टा धारण कर माथे में कलश लेकर भगवत जयकारा का उद्घोष किया। उद्घोष से संपूर्ण क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो उठा। पारंप-रिक भक्ति गीतों की गुनगुनाहट के साथ भक्तिमय महौल बन गया। शोभायात्रा का प्रारंभ नवनिर्मित मंदिर परिसर से हुआ हुआ इसके बाद रेलवे स्टेशन विष्णुपुरी होते हुए सनातनी भक्तों की कलश यात्रा स्थानीय शनि मंदिर पहुंचे जहां गोदा नदी के तट पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ पुरोहित ने वरूण देवता का आवाहन पुजन कर सभी कलश यात्रियों ने अपने अपने कलश में गोंदा नदी के पवित्र जल को कलश में भर कर भक्ति के वातावरण में झुमते नाचते गाते भगवान का जयकारा लगाते पुनः मंदिर परिसर पहुंचे, बताते चलें कि इस प्रकार के यज्ञ का आयोजन पहली बार इस गांव में हो रहा है वर्षों पुरानी हसरत आज ग्रामीणों की पुरी हो रही है पांच दिवसीय यज्ञ में प्रत्येक दिन बनारस से आये कथा वाचक द्वारा संध्या में प्रवचन होगा। प्राण प्रतिष्ठा का प्रारंभ दिनांक 05/05/2025 (सोमवार) को भव्य, कलश यात्रा, पंचांग पुजन, मंडप प्रवेश, अग्निस्थापन, जलाधिवास एवं कथा प्रवचन से प्रा-रंभ होकर 06/05/2025 (मंगलवार): प्रातः गौरी गणेश पुजन, पाठ मंडप पुजन, वेदीपुजन, हवन आरती, अन्नधिवास, एवं रात्रि में कथा प्रवचन । 07/05/2025 (बुधवार): प्रातः गौरीगणेश पुजन, मंडप पुजन, पाठ हवन, आरती पुष्पाधिवास, फलाधिवास, एवं रात्रि मे कथा प्रवचन 08/05/2025 (गुरुवार): प्रातः गणेश गौरी पुजन, मंडप पुजन, पाठ हवन, नगरभ्रमण, शश्याधिवास, आरती कथा प्रवचन 09/05/2025 (शुक्रवार): प्रातः नित्य पुजन, प्राण प्रतिष्ठा, सार्वजनिक हवन, पूर्णहूति, विसर्जन, कन्या पुजन,भंडारा एवं रात्रि में भव्य जागरण का आयोजन होना सुनिश्चित है । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से अध्यक्ष,अवध किशोर साव, सचिव उमेश साव, कोषाध्यक्ष, सिकेन्द्र कुमार,दर्शन राणा, दिलीप साव, योगेंद्र कुमार, गोलू राणा, प्रकाश कुमार, विजय साव, गोपी साव, अंशु कुमार, बालेश्वर साव इत्यादि सैकड़ों की संख्या में लोग लगे हुए हैं।

# बादम में 1008 शतचंडी महायज्ञ में उमड़ रहे हैं श्रद्धालु साथ में गौ माता कर रही है यज्ञ मंडप की परिक्रमा ।

**समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**



बड़कागांवः बादम पंचवाहिनी मंदिर प्रांगण में नव दिवसीय 1008 शतचंडी महायज्ञ हो रहा है । नित्य प्रतिदिन आसपास गांव से सैकड़ो श्रद्धालु यज्ञ में शामिल हो रहे है। यज्ञ मंडप की परिक्रमा एवं पूजा अर्चना कर रहे हैं। रविवार देर शाम परिक्रमा के दौरान एक अजीब दृश्य देखा गया ।जिसमें गौ माता भी यज्ञ मंडप की परिक्रमा करती हुई नजर आई जो लगभग 12 घंटा तक परिक्रमा करती रही। वहीं यज्ञ में रोजाना देर शाम महा आरती के साथ गंगा आरती भी की जा रही है, जिसमें सैकड़ो श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं तथा देर रात प्रवचन का आनंद भी ले रहे हैं। आज मंगलवार को पूणार्हुति तथा रात में जीवंत झांकी के साथ भक्ति जागरण का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ में महायज्ञ समिति बादम ग्रामवासी , दांगी ड्रामेटिक क्लब बादम अध्यक्ष अभय कुमार, सचिव संतोष कुमार कुशवाहा, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार, उपाध्यक्ष रवि कुमार दांगी, संतोष मेहता ,उपसचिव जयप्रकाश राम,जुगेश्वर महतो , उपकोषाध्यक्ष कैलाश कुमार ,कालीचरण कुमार, ग्राम अध्यक्ष भुदेव महतो, कोषाध्यक्ष बैजनाथ महतो ,युवा अध्यक्ष भावेश कुमार, संरक्षण सहेश्वर महतो ,संजय कुमार ,राजेन्द्र महतो , शत्रुघ्न महतो विनोद प्रजापति प्रदीप साव सीताराम साव, विरेन्द्र साव, उमाशंकर साव के अलावा अन्य दर्जनों श्रद्धालुओं के द्वारा योगदान दिया जा रहा है।

# एनटीपीसी पकरी बरवाडीह द्वारा परियोजना प्रभावित गांवों के छात्रों को आईआईटी जेईई और नीट की मुफ्त कोचिंग की सुविधा देगी

**समाज जागरण कुलदीप कुमार संवाददाता बड़कागांव**




बड़कागांवः एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने परियोजना प्रभावित गांवों के मेधावी छात्रों के लिए मुफ्त आईआईटी - जेईई एवं नीट कोचिंग कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया है। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं को मेडिकल और इंजीनियरिंग जैसे प्रतिष्ठित करियर विकल्पों की दिशा में सक्षम बनाना है। प्रथम चरण में इस कार्यक्रम का लाभ दसवीं कक्षा उत्तीर्ण वे छात्र ले सकेंगे जो एनटीपीसी पकरी बरवाडीह की परियोजना से प्रभावित गांव के निवासी होगें। तत्पश्चात सीट रिक्त होने पर परियोजना सीमावर्ती गांव के बच्चों को लिया जाएगा। यह प्रशिक्षण एनटीपीसी पकरी बरवाडीह द्वारा संचालित 'माइनिंग एवं औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र', ढेंगा में आयोजित होगा। बड़कागांव एवं आसपास के क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाली कोचिंग सुविधाओं की अनुपलब्धता के कारण छात्रों को अब तक दूरदराज के शहरों का रुख करना पड़ता था। इन चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए एनटीपीसी प्रबंधन ने यह महत्वाकांक्षी योजना जल्द आरंभ करने का निर्णय लिया है ताकि स्थानीय छात्र बिना अपने घर-परिवार से दूर हुए भी उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त कर सकें और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हो सकें। इस कार्यक्रम का लाभ लेने के लिए इच्छुक छात्र पकरी बरवाडीह के सीएसआर विभाग में अपना आवेदन दे सकते हैं। अन्य जानकारी के लिए कमला राम रजक (सीनियर मैनेजर,सी एस आर) से संपर्क कर सकते हैं।

# सदर प्रखण्ड के कानीमुण्डवार में भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ पांच दिवसीय शिव पार्वती रुद्र महायज्ञ का हुआ शुरूआत

### 251 कलश यात्री, पारंपरिक ढोल एवं गाजे-बाजे के साथ हर हर महादेव के जयघोष करते हुए निकली भव्य व विराट शोभायात्रा

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**



हजारीबाग सदर प्रखण्ड अंतर्गत सखिया पंचायत स्थित ग्राम कानीमुण्डवार शिवमंदिर से भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ सोमवार को पांच दिवसीय शिव पार्वती रुद्र महायज्ञ का शुरूआत हुआ। यज्ञ मंडप से 251 कलश यात्री पंक्तिबद्ध होकर पारंपरिक ढोल, गाजे-बाजे एवं परिधान के साथ भव्य व विराट शोभायात्रा निकली। कलश यात्रियों ने हर हर महादेव एवं ओम नमः शिवाय का पट्टा धारण कर माथे में कलश लेकर भगवत जयकारा का उद्घोष किया। उद्घोष से संपूर्ण कानीमुण्डवार ग्राम भक्तिमय के वातावरण में सरोबार हो उठा। पारंपरिक भक्ति गीतों की गुनगुनाहट के साथ भक्तिमय महौल बन गया। जुलजुल स्थित लुधरा बांध से कलश यात्री जलभरनी कर पूरे गांव का भ्रमण किया। इस दौरान कई प्रमुख लोगों ने शामिल होकर कलश यात्रियों का स्वागत व अभिनंदन किया। यज्ञशाला में कलश रखकर पांच दिवसीय शिव पार्वती रुद्र महायज्ञ का पूजन कार्य प्रारंभ हुई।मौके पर शिव पार्वती रुद्र महायज्ञ समिति के अध्यक्ष अध्यक्ष प्रेमचंद गोप, उपाध्यक्ष सह पंचायत समिति सदस्य रवि राम, सतेन्द्र यादव, सचिव तुलसी यादव, कोषाध्यक्ष पवन कुमार पप्पू, आचार्य दिवाकर पांडे, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष अरुण यादव, मुक्त सेवा संघ के जिला अध्यक्ष अमरदीप कुमार, कौलेश्वर गोप, शंभु गोप, भोला गोप, दिनेश यादव, खेमपाल यादव, पंकज राम, अनील राम, मनोज राम, उमाशंकर यादव, कुलदीप यादव, सेवा गोप, नरेश यादव, सोहन गोप, राजेन्द्र कुमार मेहता, पप्पू कुमार, तुलसी यादव, रमेश यादव, सन्नी यादव, आशीष यादव, सुधीर यादव, अर्जुन महतो, धूलेश्वर यादव, सोनु कुमार, रौशन कुमार, राजा यादव, राहुल यादव, आकाश राम, अनूज यादव, धीरज यादव, राजेश मेहता, विक्की कुमार, मोहन यादव, अमन यादव, आनंद कुमार, अनील यादव, क्रांति यादव, गोविन्द यादव, मनोज यादव, उमेश लाल भगत, नवीन यादव, कविता देवी, मीना देवी, पूर्णिमा देवी, रेखा देवी, मनीषा देवी, राखी कुमारी, सविता देवी, चांदनी कुमारी, एकता देवी, खुशबू कुमारी, पूजा देवी, कौशल्या देवी, गुड़िया देवी, धानो देवी, सोनी देवी एवं देवंती देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष शामिल रहे।

# महानगर कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मनोज नारायण भगत के अध्यक्षता में संगठन सृजन की बैठक में कांग्रेस की सुदृढ़ीकरण और विस्तारीकरण को लेकर बनी रणनीति ।

### सभी कांग्रेस जनों को संकल्पित होकर कांग्रेस पार्टी के लिए कार्य करना होगाः पर्यवेक्षक दिगम्बर मेहता

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**



हजारीबाग महानगर कांग्रेस पार्टी संगठन सृजन की बैठक 5 मई दिन सोमवार को कृष्ण वल्लभ आश्रम कांग्रेस कार्यालय में हजारीबाग महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज नारायण भगत के अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग नगर के पर्यवेक्षक दिगम्बर मेहता शामिल हुए । बैठक में विशेष तौर पर कांग्रेस संगठन की विस्तारीकरण और सुदृढ़ीकरण को लेकर व्यापक स्तर पर चर्चा परिचर्चा की गई। इस अवसर पर महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने उपस्तिथि पार्टी के पदाधिकारीयो का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती के लिए यह जरूरी है कि वार्ड से लेकर बूथ स्तर तक ज्यादा से ज्यादा लोगों को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई जाए। और जो प्रस्तावित रैली 6 मई को पुराने विधानसभा धुर्वा मैदान में संविधान बचाओ रैली में हजारीबाग नगर से सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसजन रांची में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे, महासचिव श्री के वेणुगोपाल, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रभारी के राजू,सह प्रभारी श्री बेला प्रसाद प्रदेश अध्यक्ष श्री केशव महतो कमलेश ,विधायक दल के नेता प्रदीप यादव और पार्टी के मंत्रीगण एवं विधायक एवं पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के विचार को सुनने के लिए जाएंगे । सभी कार्यकताओं ने एक स्वर में राहुल गांधी के नेतृत्व में संविधान बचाने का संकल्प लिया और प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के जाति जनगणना कराने के मांग को अंततः केंद्र सरकार मांग ली है ईसके लिए राहुल गांधी का विशेष योगदान रहा है इस बात को हर एक वार्ड,हर एक मोहल्ला में पहुंचना है । इस अवसर पर पर्यवेक्षक दिगंबर मेहता ने कांग्रेसी नेताओं एवं कार्यकताओं में जोश और नई ऊर्जा का संचार करते हुए कहा कि अब समय आ गया है नए बदलाव का, सभी कांग्रेस जन मिलकर वार्ड स्तर से लेकर बूथ स्तर तक वृहद स्तर पर कांग्रेस पार्टी का सदस्यता ग्रहण अभियान चला कर संगठन का विस्तारीकरण और सुदृढ़ीकरण करने का काम करेंगे। ताकि आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को सांसद और विधायक बनाया जा सके इसके लिए सभी को संकल्पित होकर कांग्रेस पार्टी के लिए कार्य करना होगा। आयोजित कांग्रेस पार्टी संगठन सृजन बैठक के दौरान आगामी 6 मई को रांची में आयोजित कांग्रेस पार्टी द्वारा संविधान बचाओ अभियान रैली को सफल बनाने को लेकर रणनीति तय की गई । इसके अलावा जिला मुख्यालय और सदर विधानसभा में संविधान बचाओ रैलियां और 20 मई से 30 मई तक घर घर जनसंपर्क अभियान चलाया जाएग इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान ने कहा की पार्टी के संगठन को हर वार्ड स्तर पर पुराने लोगों के साथ साथ नए लोगों को भी जोड़ना है और सरकार के लाभकारी योजना लाभ अंतिम वर्ग तक पहुंचे इसके लिए संगठन को मदद करना है। कार्यक्रम का संचालन महानगर उपाध्यक्ष परवेज अहमद और धन्यवाद ज्ञापन महानगर महासचिव मनीषा टोप्पो ने की । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा महानगर उपाध्यक्ष मुंगेश्वर चौधरी, महासचिव सीताराम यादव, अजय मेहता, बबलू सिंह, सोनू वर्मा, मो. मौजीब, अभय यादव,गणेश रजक, गोपाल कृष्ण मिश्रा सेवा दल के अध्यक्ष गुड्डु सिंह सहकारिता जिला अध्यक्ष कृष्णा किशोर प्रसाद महिला कांग्रेस अध्यक्ष बेबी देवी एसी सेल के अध्यक्ष मुकेश पासवान, लाल बिहारी सिंह, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, सलीम रजा, कमरूउद्दीन, मकसुद आलम, बसंत मेहता, इजहार हुसैन, सुनिल सिंह राठौर, मनोज मेहता, कृष्णा प्रसाद कुशवाहा, गालिब अहमद, नरसिंह प्रजा पति, अनिल कुमार भुईया, दिलीप कुमार रवि, सदरूल होदा, राम कुमार पटेल, विजय कुमार सिंह अजय गुप्ता के अतिरिक्त सभी वार्ड के अध्यक्ष भी शामिल रहे ।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2025 बिहार, भागलपुर

### झारखंड दो तीरंदाज दिव्यांशु सिंह तमन्ना वर्मा फाइनल में

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण हजारीबाग।**



बिहार, के भागलपुर जिला तीरंदाजी प्रतियोगिता चल रही है जिसमें आज झारखंड के कम्पाउंड आर्चर दिव्यांशु सिंह ने राजस्थान के देवान्स सिंह को हराकर । फाईनल प्रवेश किया वहीं रिकर्व की तमन्ना वर्मा ने सेमीफाइनल में महाराष्ट्र की विश्ननवी से हारकर ब्रांज मेडल के लिए हरियाणा के तमन्ना गुलिया के साथ 07 मई को खेलेगी। इन दोनों तीरंदाज एवं उनके प्रशिक्षक शिशिर महतो एवं मोहन कुमार को इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए झारखंड के खेल निदेशक श्री संदीप कुमार एवं खेलो इंडिया के नोडल पदाधिकारी तुषार राय ने बधाई एवम् शुभकामनाएँ दिए।

# शाहजहां शाद की अगुवाई में सीमांचल से वक़्फ कानून के खिलाफ हुंकार

**18 मई को फारबिसगंज में ऐतिहासिक जनसभा, मौलाना उमरैन महफूज रहमानी और शम्स तबरेज कासमी करेंगे सीधा संवाद**



**समाज जागरण फारबिसगंज**

वक़्फ संशोधन कानून के खिलाफ सीमांचल अब चुप नहीं बैठेगा—यह संदेश देने के लिए सीमांचल अधिकार मंच के अध्यक्ष जनाब शाहजहां शाद की अगुवाई में 18 मई को फारबिसगंज की सरजमीं पर एक ऐतिहासिक जनसभा का आयोजन किया जा रहा है। इस जनसभा के मुख्य वक्ता होंगे ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सचिव मौलाना उमरैन महफूज रहमानी और मिल्लत टाइम्स के चीफ एडिटर जनाब शम्स तबरेज कासमी। रामपुर दक्षिण स्थित न्यू कैरिडेबल पब्लिक स्कूल में हुई तैयारियों की अहम बैठक की अध्यक्षता मौलाना फारूक साहब ने की। बैठक में सीमांचल के दर्जनों बुद्धिजीवी, इमाम, मौलवी, और समाजसेवी शामिल हुए। बैठक में वक़्फ संशोधन कानून को लेकर तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आईं। वक्ताओं ने साफ कहा कि यह कानून मुस्लिम समाज की धार्मिक आजादी और वक़्फ संपत्तियों की स्वायत्तता पर खुला हमला है। जनाब शाहजहां शाद ने एलान किया, हम वक़्फ संपत्तियों को सरकार के हवाले नहीं होने देंगे। यह कानून संविधान विरोधी है और इसे सीमांचल कभी स्वीकार नहीं करेगा। जनसभा की रणनीति और कार्यरूप तय करने के लिए अगली बैठक 9 मई (गुरुवार) को कूढ़ेली स्थित मदरसा मजहरुल उलूम में दोपहर 3 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक में मौजूद प्रमुख नाम इकराम अंसारी (मंच के सचिव), मौलाना फिरोज नोमानी, मुफ्ती अब्दुल रशीद, मौलाना आस मोहम्मद, मौलाना दिलशाद वासिल, सरपंच प्रतिनिधि मुख्तार आलम, अदनान सामी, राशिद जुनैद, मुफ्ती याकूब, हाफिज जमशेद, मास्टर शादाब, मुफ़्ती जावेद, कारी हसीब, हाफिज वसीक, हाफिज इमरोज, हाफिज जाकिर, हाफिज अबू तल्हा, इजहार अलकमा, हाफिज अनवर, हाफिज मोहसिन, हाफिज चाँद, इफ्तिखार भाई, इंतिखाब उर्फ मंटो, अमान सिद्दीकी, भाई शाहनवाज सहित सैकड़ों लोग। सीमांचल अधिकार मंच ने साफ कहा है "अब चुप्पी नहीं, हुंकार जरूरी है। वक़्फ की हिफाजत और धार्मिक हक की लड़ाई को हर गांव, हर मोहल्ले तक पहुंचाया जाएगा।"

# सीमांचल में जन सुराज का बिगुल: प्रशांत किशोर का दो दिवसीय दौरा, चार जिलों में करेंगे जनसभाएं

**रूबी शोएब ने कहा अररिया की सभा ऐतिहासिक होगी, महिलाएं निभाएंगी अग्रणी भूमिका**

**समाज जागरण अररिया**

राजनीतिक रणनीतिकार से जननेता बने प्रशांत किशोर अब सीमांचल की धरती पर जन संवाद के लिए उतरने जा रहे हैं। जन सुराज आंदोलन के तहत वे 6 और 7 मई को सीमांचल के चार ज़िलों अररिया, किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार में चार बड़ी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इन सभाओं के माध्यम से वे सुशासन, स्वराज और भागीदारीपूर्ण लोकतंत्र का संदेश देंगे। जन सुराज की महिला जिला अध्यक्ष प्रकोष्ठ (अररिया) और चहटपुर पंचायत की मुखिया रूबी शोएब ने बताया कि प्रशांत किशोर के इस दौरे को लेकर जमीनी स्तर पर जबरदस्त उत्साह है। "अररिया की सभा ऐतिहासिक होगी। यहां की जनता बदलाव चाहती है और महिलाएं इस लड़ाई की अगुवाई करने को तैयार हैं," उन्होंने कहा।

प्रशांत किशोर का सीमांचल दौरा कार्यक्रम एक नजर में पहला दिन मंगलवार, 6 मई 2025 1:00 बजे दोपहर जनसभा, आदर्श हाई स्कूल मैदान, नरपतगंज नगर पंचायत (अररिया ज़िला) 3:00 बजे दोपहर जनसभा, हाई स्कूल मैदान, पौआखाली नगर पंचायत, ठाकुरगंज प्रखंड (किशनगंज ज़िला) दूसरा दिन बुधवार, 7 मई 2025 1:00 बजे दोपहर जनसभा, हाई स्कूल मैदान, अमौर नगर पंचायत (पूर्णिया ज़िला) 3:00 बजे दोपहर जनसभा, फुटबॉल मैदान, कदवा नगर पंचायत (कटिहार ज़िला) इस दौरे के माध्यम से प्रशांत किशोर सीमांचल की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक चुनौतियों से सीधे संवाद करेंगे। यह इलाका लंबे समय से उपेक्षा का शिकार रहा है और जन सुराज इसे हक और हिस्सेदारी की राजनीति से जोड़ने की कोशिश कर रहा है। रूबी शोएब ने सीमांचल के सभी ज़िलों की जनता से अपील की है कि वे भारी संख्या में शामिल होकर इस आंदोलन को जन आंदोलन में बदलें और राजनीति में नीयत और नीति की वापसी सुनिश्चित करें।

# झीमड़ी की घटना पर रक्षा राज्य मंत्री का डीसी को पत्र।

**ग्रामीणों को अनावश्यक प्रताड़ित और परेशान ना करे प्रशासन- संजय सेठ**



**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़: ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के झीमड़ी में एक बच्ची के साथ जबरन धर्मांतरण व इसके बाद बढ़े मामले को लेकर रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने सरायकेला का उपायुक्त को कड़ा पत्र लिखा है। इस पत्र में रक्षा राज्य मंत्री ने यह बताया है कि देश की परिस्थितियों के कारण वह क्षेत्र नहीं आ पा रहे हैं परंतु उसे परिवार और गांव की सुरक्षा आवश्यक है। इसके लिए रक्षा राज्य मंत्री ने डीसी को भी निर्देश दिए हैं।

सरायकेला खरसावां जिले के झीमड़ी में एक बेटी का ब्रेन वाश कर जबरन धर्मांतरण का मामला सामने आया था। इस मामले में ग्रामीणों में भी जबरदस्त आक्रोश रहा। पीड़िता का पूरा परिवार मानसिक रूप से परेशान रहा। उसके समाधान से जुड़े कई विषयों पर जिला प्रशासन को सकारात्मक कदम उठाना चाहिए।

वर्तमान में देश की ऐसी परिस्थितियों की वजह से मैं क्षेत्र में नहीं आ सका हूं परंतु वहां की स्थिति पर मेरी नजर है। पीड़ित परिवार की सुरक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की व्यवस्था सुनिश्चित करें। पीड़ित परिवार की शिक्षा, सुरक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य जैसे विषय चिंताजनक हैं। इस दिशा में जिला प्रशासन अपने स्तर पर पहल करते हुए ठोस कदम उठाए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पीड़ित बच्ची को उच्च शिक्षा के साथ सुरक्षित भविष्य के लिए रोजगार भी उपलब्ध हो, इस दिशा में प्राथमिकता के साथ जिला प्रशासन कार्य करे। इस दिशा में सकारात्मक कार्य हो। बच्ची के स्वास्थ्य संबंधी परेशानी को देखते हुए प्रशासनिक स्तर पर उच्च संस्थान में समुचित इलाज की व्यवस्था कराएं। आवश्यकता पड़ी तो मैं एम्स में भी बच्ची की ईलाज की व्यवस्था करूंगा। घटना में थानेदार की लापरवाही, उन्हें अविलंब हटाएं।

श्री सेठ ने थानेदार की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि इतने संवेदनशील घटनाक्रम में स्थानीय थाना प्रभारी का रवैया बहुत ही उदासीन रहा है। यह मामला थाना प्रभारी की निष्क्रियता के कारण भी बहुत बड़ा होता चला गया, जिसके फल स्वरुप कई घटनाएं हुई और सामाजिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हुई। ग्रामीण आज भी थाना प्रभारी की उस कार्रवाई से आक्रोशित हैं। इसलिए तत्काल थाना प्रभारी का तबादला किया जाए। श्री सेठ ने कहा कि यह सुनिश्चित हो कि इस मामले में किसी भी निर्दोष ग्रामीण महिला पुरुष को किसी प्रकार की प्रताड़ना नहीं हो पाए। उन्हें अनावश्यक परेशान नहीं किया जाए। भय का माहौल नहीं बने। यह ध्यान प्रशासन को रखना चाहिए और इसकी व्यवस्था भी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि पीड़िता की मां से मैंने फोन पर बात की है और लगातार उनके परिवार के संपर्क में हूं। उनके परिवार की जरूरत का भी ख्याल जिला प्रशासन रखे। इसके साथ ही पीड़ित परिवार के की सुरक्षा की गारंटी भी सुनिश्चित करें।

# रुआर कार्यक्रम को लेकर कुकड़ू में प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**



ईचागढ़ : सोमवार को कुकड़ू प्रखंड कार्यालय सभागार में स्कूल रुआर 2025 कार्यक्रम की सफलता को लेकर एकदिवसीय प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला का अध्यक्षता कुकड़ू प्रखंड की बीडीओ राजश्री ललिता बाखला ने की. कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ राजश्री ललिता बाखला, प्रखंड उप प्रमुख मोहम्मद एकराम, बीईईओ रविशंकर महतो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया. कार्यशाला में सभी विद्यालयों के शिक्षक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए. कार्यशाला के संबंध में कुकड़ू प्रखंड की बीडीओ राजश्री ललिता बाखला ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना एवं शत-प्रतिशत बच्चों को विद्यालय से जोड़ने के संकल्प को मजबूत बनाना था. उन्होंने कहा कि "स्कूल रुआर 2025" एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य 5 से 18 वर्ष की आयु के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा में लाना है. 5 वर्ष से ऊपर सभी बच्चों का आंगनबाड़ी से प्राथमिक विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करना एवं विद्यालय में नामांकित 5 से 18 वर्ष के बच्चों की नियमित उपस्थिति दर्ज करना है. साथ ही विद्यालय से बाहर रह गए बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन एवं उपस्थिति सुनिश्चित करना. अप्रवासी, अनामांकित एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का चिन्हांकन कर नामांकन एवं उपस्थिति सुनिश्चित करना. पिछले वर्षों में कक्षा 1 से 11 तक नामांकित बच्चों का अगले कक्षाओं में नामांकन सुनिश्चित करना उद्देश्य है. उन्होंने कहा कि सभी के भागीदारी से ही यह कार्यक्रम सफल होगा. मौके पर शिक्षा विभाग की बीपीएम सुचित्रा महतो, प्रखंड प्रभारी कल्याण पदाधिकारी धनराज महतो, सुपरवाइजर मीनाक्षी पांडेय, आकांक्षी प्रखंड के समन्वयक सागर कुमार, बीआरपी सुनील महतो, सीआरपी नरेश्वर प्रसाद महतो, सुधाकर महतो, राकेश कुमार, गुणाधर महतो आदि उपस्थित थे।

# ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय में दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन

**प्रधानाचार्य बोले: विद्यार्थियों ने महाविद्यालय का नाम किया रौशन, अब आपकी बारी है**




**समाज जागरण मधेपुरा**

ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा के स्नातकोत्तर दर्शनशास्त्र विभाग की ओर से चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए एक भावुक विदाई-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस गरिमामय अवसर पर न केवल शिक्षकों ने विद्यार्थियों को भविष्य के लिए प्रेरित किया, बल्कि महाविद्यालय की समृद्ध परंपरा और योगदान को भी रेखांकित किया। उद्घाटनकर्ता प्रधानाचार्य प्रो. कैलाश प्रसाद यादव ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा, यह महाविद्यालय सिर्फ शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि नेतृत्व निर्माण की एक प्रयोगशाला रहा है। यहां के शिक्षक और विद्यार्थी कई प्रतिष्ठित पदों पर कार्यरत रहे हैं। मुझे गर्व है कि मैं इसी संस्थान का पूर्व विद्यार्थी हूँ और आज प्रधानाचार्य के रूप में सेवा कर रहा हूँ। हम इसे आगे और ऊंचाई पर ले जाने का सतत प्रयास कर रहे हैं। मुख्य अतिथि एवं शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. रत्नदीप ने विभाग की गौरवशाली परंपरा की सराहना करते हुए कहा कि दर्शनशास्त्र विभाग ने कई विद्वानों को जन्म दिया है और छात्रों को इसे आगे बढ़ाना चाहिए। गणित विभाग के अध्यक्ष ले. गुड्डु कुमार ने कहा, विद्यार्थी अपने ज्ञान को व्यावहारिक जीवन में उतारें। लक्ष्य स्पष्ट रखें और अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने का संकल्प लें। दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने विद्यार्थियों से अनुरोध किया कि वे महाविद्यालय से जुड़े रहें और इसके विकास में सक्रिय भागीदारी निभाएं। डॉ. मनोज कुमार ठाकुर (असिस्टेंट प्रोफेसर) ने विभाग की शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि दर्शनशास्त्र विभाग महाविद्यालय की अकादमिक उन्नति में लगातार अहम भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई। अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृतिचिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। सभी छात्रों को भी स्मृतिचिह्न प्रदान किया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने भी अपने विचार साझा किए और अपने अनुभवों को भावुकता के साथ प्रस्तुत किया। मौके पर सौरभ कुमार चौहान, कुणाल कुमार, दीपक कुमार, दीपा कुमारी, खुशबू कुमारी, सुंदरी कुमारी, कोमल कुमारी, निभा कुमारी, नीतू कुमारी, सोनी कुमारी, गुंजन कुमारी, जय कृष्ण कुमार, अभिमन्यु कुमार, दोमी कुमार, चंचल प्रमाणित, अमित कुमार, कमलेश कुमार, प्रीतम कुमार, पिंटू कुमार, रूपा कुमारी, श्रवण कुमार सहित अन्य।

# शतरंज की बिसात पर समीरबर्धन का दबदबा, केशव ने भी लहराया परचम

**मधेपुरा जिला शतरंज चैंपियनशिप 2025 में चमके युवा खिलाड़ी, आदिबा और लावण्या ने भी किया कमाल**



**समाज जागरण मधेपुरा**

शतरंज के शौकीनों के लिए आज का दिन बेहद खास रहा, जब मधेपुरा जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में आयोजित मधेपुरा जिला शतरंज चैंपियनशिप 2025 में जिले के बेहतरीन खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। ओपन कैटेगरी में जब मुकाबले तेज हुए तो बाजी मारी समीरबर्धन ने, जिन्होंने जबरदस्त रणनीति के साथ पहला स्थान हासिल किया। जाह्नवी चौधरी ने भी दमदार खेल दिखाते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि राशिक शमीम ने बेहतरीन चालों के दम पर तीसरा स्थान हासिल किया।

अंडर-11 वर्ग में युवा प्रतिभाओं की भिड़ंत देखने लायक थी। केशव ने यहां बाजी मारी और चैंपियन बने, आतिफ शमीम ने दूसरा स्थान पाया, वहीं आयुष तीसरे स्थान पर रहे।

बेस्ट गर्ल्स प्लेयर का खिताब गया आदिबा शमीम के नाम, जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में धैर्य और एकाग्रता से सबको प्रभावित किया। यंगेस्ट प्लेयर का खिताब जीता नन्हीं प्रतिभा लावण्या ने, जो सबसे कम उम्र की खिलाड़ी थीं और उनका प्रदर्शन सराहनीय रहा। मुख्य निर्णायक के रूप में राष्ट्रीय स्तर के वरिष्ठ निर्णायक रितेश कुमार ने सटीक निर्णयों और उत्कृष्ट संचालन से टूर्नामेंट को सफल बनाया। पुरस्कार वितरण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ, जिसकी अध्यक्षता प्रो. डॉ. अशोक कुमार (अध्यक्ष, मधेपुरा जिला शतरंज संघ) ने की। मंच पर मौजूद प्रमुख अतिथियों में शामिल थे: प्रो. भगवान झा (उप प्राचार्य), अनुज कुमार यादव (सचिव, मधेपुरा जिला शतरंज संघ), विवेक कुमार (कोषाध्यक्ष), प्रो. अभय कुमार, रितेश कुमार (संयुक्त सचिव एवं मुख्य निर्णायक), मनोज चौधरी, मणिभूषण (एडवोकेट), अविनाश कुमार, शाहनवाज शमीम (शिक्षक), ज्योति कुमारी (शिक्षिका) और अन्य गणमान्य लोग। मधेपुरा जिला शतरंज संघ ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में ऐसे और आयोजन किए जाएंगे ताकि जिले की प्रतिभाएं राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन कर सकें।

# अररिया में दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष पहचान शिविर शुरू, 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों को मिलेगा प्रमाणपत्र और यूडीआईडी कार्ड

**जिलाधिकारी अनिल कुमार के निर्देश पर सभी प्रखंडों में शिविर, विशेषज्ञ चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति**



**समाज जागरण अररिया**

दिव्यांग बच्चों को सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ दिलाने के लिए अररिया जिले में प्रखंड स्तर पर विशेष दिव्यांगता पहचान शिविरों की शुरूआत हो चुकी है। 05 मई से 15 मई 2025 तक चलने वाले इन शिविरों में 0 से 18 वर्ष आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों की पहचान कर उन्हें दिव्यांगता प्रमाणपत्र एवं यूडीआईडी कार्ड जारी किया जाएगा। जिलाधिकारी अनिल कुमार के निर्देश पर यह शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जिले का कोई भी दिव्यांग बच्चा योजनाओं से वंचित न रह जाए। प्रखंडवार तिथि और स्थान (05 से 15 मई तक) 05 मई - बुनियाद केंद्र, अररिया प्रखंड 06 मई - बुनियाद केंद्र, फारबिसगंज 08 मई - प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जोकीहाट 09 मई - प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पलासी 10 मई - प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, रानीगंज 12 मई - प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, नरपतगंज 13 मई - प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, भरगामा 14 मई - प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कुसाकांटा 15 मई - प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सिकटी जिलाधिकारी अनिल कुमार ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए दिव्यांग बच्चों की सूची जिला शिक्षा कार्यालय तक पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सुरक्षा, बैठने की व्यवस्था, जांच सुविधा और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के भी निर्देश दिए गए हैं। सिविल सर्जन डॉ. के.के. कश्यप ने जानकारी दी कि शिविरों के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। सभी प्रखंडों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति की गई है जो बच्चों की समुचित जांच कर दिव्यांगता प्रतिशत तय करेंगे और उसी आधार पर प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा।

इस पहल से न सिर्फ बच्चों को सामाजिक और शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा, बल्कि उनके समावेशी विकास की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# विधायक सविता महतो के प्रयास से चांडिल के दो महत्वपूर्ण सड़को का निकला टेंडर

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**



ईचागढ़: ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के चांडिल प्रखंड अंतर्गत दो महत्वपूर्ण सड़को का टेंडर विधायक सविता महतो के प्रयास से निकाला। दोनों सड़क का निर्माण कार्य जल्द ही आरम्भ होगा और लोगों को यातायात में सोहलियत होगा। सड़क का निर्माण कांड्रा खुंटी ईचागढ़ मार्ग 8.9 किमी 6 करोड़ 88 लाख 34 हाजार 5 सौ 83 रुपये एवं कांड्रा चांडिल मार्ग 6 किमी 8 करोड़ 90 लाख 87 हाजार 2 सौ 95 रुपये कि लागत से निर्माण होगा। दोनों सड़क का निर्माण अति महत्वपूर्ण था जिसलिए विधायक सविता महतो का पहल पर दोनों सड़क का टेंडर निकला और जल्द निर्माण कार्य भी प्रारम्भ होगा। उक्त बात कि जानकारी विधायक के आप्त सचिव सह झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो नें दिया।

# परिजन तलाश रहे थे अपने बेटे को जगह जगह, लॉज में मृत पाया गया जेईई एडवांस्ड का छात्र

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**



सरायकेला खरसावां (झारखंड)05 अप्रैल 2025: जिले के आरआईटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आदित्यपुर रोड नंबर 11 निवासी 20 वर्षीय युवक विप्लव मजूमदार खड़कपुर टाउन थाना अंतर्गत सिद्धार्थ लॉज के कमरे में मृत पाया गया है। मृत युवक विप्लव मजूमदार आदित्यपुर दो स्थित रोड नंबर 11 का रहने वाला है। रविवार को सुबह 8:00 अपने घर से जमशेदपुर टिन प्लेट एलेन कोचिंग एग्जाम के लिए घर से निकला था, रविवार को दोपहर 1:30 बजे परिवार वालों के साथ आखिरी बातचीत हुई थी। सोमवार दोपहर 12:30 बजे के आसपास खड़गपुर टाउन थाना अंतर्गत सिद्धार्थ लॉज के कमरे में विप्लव मजूमदार मृत पाया गया है। बताया जा रहा है कि मृत युवक जेईई मेंस क्लियर कर चुका था तथा जेईई एडवांस्ड की तैयारी कर रहा था। सूचना मिलने के बाद घर में मातम का माहौल छा गया है, परिवार के लोग खड़गपुर के लिए रवाना हो चुके हैं।

# हुलसम में वज्रपात से एक भैंस की मौत, पीड़ित पशुपालक ने प्रशासन से मुआवजा की लगाई गुहार

**समाज जागरण दीपक सरकार**



पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हुलसम पंचायत में वज्रपात की घटना में एक पशुपालक गंगा सिंह की भैंस की मौत हो गई। सोमवार सुबह करीब 8 बजे जानकारी देते हुए पीड़ित पशुपालक ने बताया कि देर शाम रविवार को आंधी तूफान के साथ बारिश और वज्रपात की चपेट में आने से भैंस की मौत हो गई है। साथ ही पीड़ित पशुपालक ने बताया कि भैंस घर के बगल में इधर-उधर घूम रही थी, तभी एकाएक बिजली चमकने साथ बारिश होने लगी इसी दौरान भैंस के बगल में वज्रपात की घटना हुई और भैंस की मौत हो गई है। वही पीड़ित पशु पालक ने प्रशासन से मुआवजा गुहार लगाई है ताकि उनके नुकसान को भरपाई हो सके। दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद सोमवार सुबह करीब 8:00 बजे संजय सिंह, अवध सिंह, धर्मदेव सिंह और छतरपुर प्रमुख प्रतिनिधि राजन सिंह ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद दिलाने की बात कही है।

# हाजी डॉ. मोहम्मद शकील सैफी के जन्मदिवस पर बधाइयों का सैलाब

**"समाजसेवा, सांस्कृतिक एकता और शांति के प्रतीक हैं शकील सैफी"**
**एकता मिशन व विश्व भर से विशिष्टजनों ने दी शुभकामनाएं**

**समाज जागरण नई दिल्ली**

वर्ल्ड पीस हार्मनी, मुस्लिम आतंकवाद विरोधी संस्था और सैफी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हाजी डॉ. मोहम्मद शकील सैफी के जन्मदिवस पर दिल्ली में एक गरिमामय समारोह का आयोजन हुआ। इस विशेष अवसर पर उन्हें बधाई देने और सम्मानित करने के लिए समाज, राजनीति, संस्कृति और फिल्म जगत की कई जानी-मानी हस्तियां उपस्थित रहीं। समारोह में शामिल अतिथियों का स्वागत डॉ. शकील सैफी के परिजनों और वर्ल्ड पीस हार्मनी के सदस्यों ने पारंपरिक अंदाज में किया। केक काटकर जन्मदिन का जश्न मनाया गया, लेकिन यह महज औपचारिकता नहीं बल्कि एक मानवता



के सेवक को सामाजिक आभार अर्पित करने का क्षण था। शुभकामनाओं में शामिल रहे प्रमुख नाम रोहन जेटली - मुख्य संरक्षक गौतम गंभीर - मुख्य संरक्षक अनूप जलोटा - चेयरमैन डॉ. पवन माँगा - अध्यक्ष संजय मलिक - महामंत्री एकता मिशन परिवार एकता मिशन की ओर से हाजी शकील सैफी को विशेष रूप से जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं और उन्हें "समाज सेवा और सांस्कृतिक समरसता के जननायक" की संज्ञा दी गई। एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व हाजी डॉ. शकील सैफी की पहचान किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं झ वे समाजसेवी, फिल्म निमार्ता, सांस्कृतिक एकता के संवाहक और युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने वर्षों से समाज के वंचित वर्गों के उत्थान, सांप्रदायिक सौहार्द और शांति के लिए काम किया है। उनकी कार्यशैली में विनम्रता के साथ दूरदृष्टि, और संकल्प के साथ समर्पण झलकता है। यही कारण है कि आज वे न केवल भारत में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी विश्व शांति और सद्भावना के प्रतिनिधि स्वर बन चुके हैं। "आपका जीवन दीघार्यु, सफल और प्रेरणादायी बना रहे - यही कामना है हम सबकी।"- एकता मिशन परिवार की ओर से

# डाक वाहन गाड़ी से रोजाना जाएगी डाक, विभाग ने तिरूलडीह को उपलब्ध कराया वाहन

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़ : ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कुकड़ू प्रखंड के तिरुलडीह सब पोस्ट ऑफिस की डाक सेवाओं में बड़ा बदलाव आया है। भारतीय डाक विभाग ने तिरुलडीह के लिए एक वाहन उपलब्ध कराया है, जिससे अब रोजाना पत्र, पार्सल आदि सीधे जमशेदपुर पहुंचाए जाएंगे। इससे डाक सेवाएं तेज और सुविधाजनक होंगी। पहले डाक कर्मियों को परिवहन की कमी और लंबी दूरी के कारण कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था। चांडिल



अनुमंडल के सब डाक निरीक्षक (एसडीआई) दिवाकर कुमार दीपक के प्रयासों से यह वाहन उपलब्ध हुआ। तिरुलडीह के पोस्टमास्टर सुकुमार भगत ने बताया कि यह कदम ग्रामीण डाक सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। वाहन से डाक वितरण अब अधिक व्यवस्थित, तेज और विश्वसनीय होगा। इस सुविधा से स्थानीय लोगों को समय पर डाक सेवाएं मिलेंगी और डाक कर्मियों का कार्यभार भी कम होगा। मौके पर डाक कर्मी निजाम अंसारी, मंगल आड्डी आदि उपस्थित थे।

# डीलरों के पास जमा स्टॉक कम करने के लिए उत्पादन घटा रही Maruti Suzuki, त्योहारी सीजन पर है कंपनी की नजर




चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में मारुति सुजूकी का उत्पादन पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 7.4 फीसदी बढ़कर 4,96,000 कारों की रही।

वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में भारतीय बाजार में कारों की मांग उम्मीद से कम रही और मारुति सुजूकी इंडिया अपने डीलरों के पास जमा स्टॉक को कम करने के लिए अब उत्पादन घटा रही है। मारुति सुजूकी की बहुलांश हिस्सेदार सुजूकी मोटर कॉर्पोरेशन ने यह जानकारी दी।

सुजूकी मोटर कॉर्पोरेशन ने विश्लेषकों के साथ बातचीत में कहा, ह्यहम बाजार में स्टॉक घटाने के लिए उत्पादन कम कर रहे हैं और मांग के रुझान पर नजर रख रहे हैं। भारत में त्योहारी सीजन शुरू होने वाला है इसलिए हम मांग पर करीब से नजर रख रहे हैं।

कारों की मांग कम होने से पूरे उद्योग में डीलरों के पास कारों का स्टॉक काफी ज्यादा बढ़ गया है। स्थिति गंभीर होने पर डीलरों के संगठन फाडा ने वाहन विनिमार्ताओं के संगठन सायम को बीते कुछ महीनों में दो बार पत्र लिखकर इस समस्या का समाधान करने का आग्रह किया है।

फाडा के अनुसर उसके सदस्यों के पास करीब 7,30,000 अनबिकी कारों का स्टॉक है जो दो महीने तक कारों की मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। दूसरी ओर सायम का कहना है कि डीलरों के पास करीब 4 लाख अनबिकी कारों का स्टॉक है।

सुजूकी मोटर कॉर्पोरेशन ने विश्लेषकों से कहा, ह्यपहली तिमाही में भारतीय बाजार में कारों की मांग बाकी साल की तुलना में थोड़ी कम रही है मगर इस साल बिक्री की रफ्तार उम्मीद से भी कम है। चुनावों और प्रतिकूल मौसम से भी बिक्री प्रभावित हुई है। अनबिकी कारों का स्टॉक बढ़ गया है इसलिए हम उत्पादन उस हिसाब से घटा रहे हैं। इस साल त्योहारों का मौसम अगस्त अंत से शुरू हो रहा है और इस दौरान कारों की मांग बढ़ने की उम्मीद है।

चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में मारुति सुजूकी का उत्पादन पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 7.4 फीसदी बढ़कर 4,96,000 कारों की रही। इस दौरान कंपनी की बिक्री महज 1.2 फीसदी बढ़कर 4,27,000 कारों की रही। देश के कार बाजार में मारुति की हिस्सेदारी सबसे ज्यादा 40 फीसदी है।

सुजूकी मोटर ने कहा, सायम ने इस साल कारों की बिक्री 2 से 3 फीसदी बढ़ने का अनुमान लगाया है। वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में हम बिक्री बढ़ाने का प्रयास करेंगे। जुलाई में खुदरा बिक्री अप्रैल-जून की तुलना में थोड़ी बढ़ी है और पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 3 फीसदी बढ़ी है मगर अनबिकी कारों को खपाना भी जरूरी है। त्योहारों के दौरान मांग बढ़ने से अनबिका स्टॉक का स्तर कम हो सकता है।

इस बारे में पूछे जाने पर मारुति सुजूकी के वरिष्ठ कार्याधिकारी (मार्केटिंग एवं सेल्स) पार्थ बनर्जी ने कहा, ह्यवर्तमान में कंपनी के पास अनबिकी कारों का स्टॉक करीब 38 दिन की बिक्री की जरूरत के बराबर है। हम इसे और कम करने पर विचार नहीं कर रहे हैं क्योंकि त्योहारों का मौसम आ रहा है।

# इलेक्ट्रिक वाहन योजना ने पकड़ी रफ्तार, 60% लक्ष्य पूरा, EV की बिक्री में जबरदस्त बढ़ोतरी



सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के वाहन आंकड़ों के मुताबिक जुलाई महीने में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री इसके पहले महीने की तुलना में करीब 28 फीसदी बढ़ी।

सरकार की इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्रमोशन स्कीम (ईएमपीएस) ने रफ्तार पकड़ ली है। योजना के संशोधित लक्ष्य का 60 इ्फीसदी 15 अगस्त तक पूरा हो चुका है। इस योजना के तहत 5,60,000 वाहनों को सहयोग देने का लक्ष्य दिया गया था, जिसमें से 3,34,260 को सहयोग दिया जा चुका है। सुस्त शुरूआत के बाद यह उल्लेखनीय प्रगति है। यह परियोजना 1 अप्रैल को शुरू हुई थी और 15 जुलाई तक 10 फीसदी से कम लक्ष्य हासिल हुआ था। सरकारी सूत्रों ने इसका श्रेय नए कारोबारियों और मौजूदा कंपनियों द्वारा नए मॉडल पेश करने को दिया, जिसकी वजह से वितरण बढ़ा है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा, आज योजना के तहत 31 ओईएम पंजीकृत हैं, जो 168 मॉडलों की पेशकश कर रही हैं। चल रही प्रक्रिया शुरूआत में सुस्त, लेकिन मजबूत थी, क्योंकि हमने कड़े पात्रता मानक लागू किए हैं। लेकिन अब हम अपना संशोधित लक्ष्य पार करने की दिशा में सही राह पर हैं। पिछले महीने हुआ बदलाव उल्लेखनीय रहा क्योंकि संशोधित लक्ष्य का 60 फीसदी हासिल हो चुका है। भारी उद्योग मंत्रालय ने ईएमपीएस की अवधि 2 महीने बढ़ाकर सितंबर के आखिर तक कर दी है, जो शुरूआत में 31 जुलाई को खत्म होने वाली थी।

इस योजना के तहत लक्ष्य बढ़ाकर 3,72,215 यूनिट से 5,60,000 यूनिट कर दिया गया था, जिसके लिए कुल वित्तीय आवंटन संशोधित कर 500 करोड़ रुपये से 778 करोड़ रुपये किया गया है। एक अन्य अधिकारी ने नाम न सार्वजनिक करने की शर्त पर कहा, ह्यअगर हम शुरूआती लक्ष्य से तुलना करें तो हमने करीब 90 फीसदी वाहनों को सहयोग का लक्ष्य हासिल कर लिया है। आवंटित राशि 778 करोड़ रुपये में से दावे की 27 फीसदी राशि (214 करोड़ रुपये) दे दी गई है। अगर पहले के आवंटन से तुलना करें तो राशि का उपयोग 42 फीसदी से ऊपर है।

कई प्रमुख मूल उपकरण विनिमार्ता (ओईएम) इस योजना में हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें एथर एनर्जी, ओला इलेक्ट्रिक, टीवीएस, हीरो मोटोकॉर्प, काइनेटिक, रिवोल्ट, महिंद्रा, पियाजियो व अन्य शामिल हैं। ईएमपीएस के तहत 13 इलेक्ट्रिक दोपहिया (ई2डब्ल्यू) और 10 इलेक्ट्रिक तिपहिया (ई3डब्ल्यू)कंपनियां अप्रैल में शामिल थीं। मई में सिर्फ एक ई2डब्ल्यू और 4 ई3डब्ल्यू कंपनियां शामिल हुईं। जून में 5 ई2डब्ल्यू कंपनियां शामिल हुईं और जुलाई में एक ई3डब्ल्यू कंपनी शामिल हुईं। 3 ओईएम-बजाज, काइनेटिक और गोदावरी ई2डब्ल्यू और ई3डब्ल्यू दोनों श्रेणियों में शामिल हैं।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के वाहन आंकड़ों के मुताबिक जुलाई महीने में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री इसके पहले महीने की तुलना में करीब 28 फीसदी बढ़ी और चालू वित्त वर्ष में एक माह की अधिकतम बिक्री हुई। अगर कैलेंडर वर्ष 2024 के आंकड़े देखें तो ईवी की बिक्री पहले 7 महीने में 10 लाख के आंकड़े को पार कर चुकी हैं।

उपरोक्त उल्लिखित एक अधिकारी ने कहा, ईवी की बिक्री में बढ़ोतरी की एक वजह सरकार द्वारा दावे के वितरण में सुधार भी है। योजना से इस सेक्टर को मदद मिली है और इस बिक्री नई ऊंचाई पर पहुंची है। इस सेक्टर के विशेषज्ञों का कहना है कि जुलाई में बिक्री भारी छूट और ग्राहकों द्वारा खरीद में जल्दबाजी करने की वजह से हुई है। इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्रमोशन स्कीम की 31 जुलाई की आखिरी तिथि का भी इसमें योगदान रहा।

## MDR के लिए अच्छा नियमन, बाजार आधारित तंत्र जरूरी: शरत बुलुसु

यूपीआई जैसे अधिकांश डिजिटल लेनदेन ग्राहकों के लिए निःशुल्क हैं लेकिन उनकी लागत फिनटेक फर्मों और बैंकों को उठानी पड़ती है।

पिछले महीने देश में किए गए सभी यूपीआई लेनदेन में से 37 प्रतिशत हिस्सेदारी गूगल पे की रही। हालांकि यूपीआई जैसे अधिकांश डिजिटल लेनदेन ग्राहकों के लिए निःशुल्क हैं लेकिन उनकी लागत फिनटेक फर्मों और बैंकों को उठानी पड़ती है। गूगल पे के निदेशक (उत्पाद प्रबंधन) शरत बुलुसु ने अजिंक्य कावले के साथ हुई वीडियो बातचीत में यूपीआई के लिए मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) की जरूरत, भारतीय भाषाओं पर कंपनी के ध्यान और क्रेडिट रणनीति के औचित्य पर चर्चा की। बजट विवरण के अनुसार मुफ्त यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) लेनदेन की सुविधा के लिए फिनटेक और बैंकों को प्रोत्साहित करने के लिए आवंटित धन पिछले बजट के मुकाबले 42 प्रतिशत कम है। क्या यह जल्द ही यूपीआई पर एमडीआर का संकेत है?

लंबी अवधि में भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र हमारे देश जितने बड़े स्तर पर व्यावहारिक होना चाहिए। मुझे लगता है कि वाणिज्यिक रूप से व्यावहारिक कारोबार बनाने के लिए अच्छी तरह से विनियमित बाजार पर आधारित तंत्र होना महत्वपूर्ण है। हम इस पर बहस कर सकते हैं और ऐसा करने के विभिन्न तरीके निकाल सकते हैं।

भुगतान की दुनिया में सबसे सामान्य मॉडल एमडीआर है और इसमें कई तंत्रों का संयोजन हो सकता है। टिकाऊ कारोबार तैयार करने में सक्षम होने के लिए रास्ते बनाना महत्वपूर्ण है। यह पारिस्थितिकी तंत्र में जोखिम कम करने का एक और तरीका भी है। सभी कंपनियां उपभोक्ताओं और व्यापारियों की तरफ से भारी मात्रा में धन स्थानांतरित कर रही हैं। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि वे नए उपयोग का समर्थन करने के लिए निवेश और नवाचार करना जारी रख सकें।

क्या आपको इस बात की उम्मीद है कि यूपीआई लेनदेन के लिए एमडीआर शुरू किया जा सकता है?

तंत्र में हर कोई को कुछ व्यवस्था की उम्मीद कर रहा है। एनपीसीआई इसे पहले ही लागू कर चुका है, जैसे यूपीआई से जुड़े क्रेडिट कार्डों के लिए। मैं इसके समय को लेकर अनुमान तो नहीं लगा सकता हूं, लेकिन ऐसा जरूर लगता है कि चीजें उस दिशा में बढ़ रही हैं, जो सही रास्ता है।

आखिरकार सरकार भी उस वृद्धि को सब्सिडी देना जारी नहीं रख सकती। वे इसे प्रोत्साहित कर सकते हैं और इसीलिए उन्हें प्रोत्साहन कहा जाता है। किसी ना किसी मोड़ पर तो आपको प्रोत्साहन बंद करने ही होंगे और सभी को बताना होगा कि इस व्यवस्था के ये नियम हैं, जिनका पालन करके कंपनियां यह तय कर सकती हैं कि उन्हें किस तरह का कारोबारी मॉडल अपनाना है।

यूपीआई में बाजार हिस्सेदारी की चिंताओं को दूर करने के लिए आप कौन से वैकल्पिक समाधान सुझाएंगे?

कुछ हद तक हम अब भी यूपीआई के शुरूआती दौर में हैं और अब भी काफी वृद्धि हो सकती है। नवाचार और वृद्धि के लिए जगह बनाना शायद समय की सबसे जरूरी जरूरत है और इसे वॉल्यूम सीमित करके हल नहीं किया जा सकता है। हमें नई फिनटेक कंपनियों के लिए जगह बनानी होगी। इसे किसी ऐसी समस्या के तौर पर देखने के बजाय, जहां कोई सीमा हो, हम इसे नवाचार को बढ़ावा देने और अधिक कंपनियों को आगे आने में सक्षम बनाने के रूप में देखते हैं।

गूगल पे का साउंडपॉड बाजार में किसी अन्य उत्पाद की तुलना में किस तरह अलग है? आप ऐसे कितने उपकरण दे चुके हैं? हमने ग्राहकों को दिए गए साउंडपॉड की संख्या सार्वजनिक रूप से साझा नहीं की है। लेकिन हमारा लक्ष्य अगले साल या उसके आसपास पूरे बाजार में साउंडपॉड की मौजूदगी को दोगुना से ज्यादा करना है।

आप भुगतान में वृद्धि के अगली दौर और 30 करोड़ उपयोगकताओं को कैसे जोड़ेंगे?

हम भारतीय भाषाओं में भारी निवेश कर रहे हैं। उन्हें पूरी तरह से पूर्ण-विशेषता वाले तरीके से समर्थन देना और ज्यादा ग्राहकों को जोड़ने का एक तरीका है। गूगल के अलग-अलग ऐसे भाग हैं, जो अलग-अलग भाषाओं में सामग्री तैयार करने के लिए आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) के इस्तेमाल में निवेश कर रहे हैं।

# PMO के हस्तक्षेप के बाद UPSC ने रद्द की लैटरल एंट्री से भर्ती प्रक्रिया, चेयरमैन को भेजे पत्र में सरकार ने बताया आगे का प्लान

**मंत्री ने कहा कि 2005 में एम वीरप्पा मोइली की अध्यक्षता में गठित दूसरे प्रशासनिक सुधार आयोग ने लैटरल एंट्री के सिद्धांत का समर्थन किया था।**



प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से निर्देश मिलने के बाद संघ लोक सेवा आयोग (वढरउ) ने लैटरल एंट्री के जरिये अफसरशाही में भर्ती का अपना विज्ञापन आज रद्द कर दिया। पीएमओ में राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने यूपीएससी की चेयरपर्सन प्रीति सूदन को भेजे गए पत्र में कहा था कि विशेषज्ञों की प्रस्तावित भर्ती पर ह्यपुनर्विचार और सुधारह्ण की आवश्यकता है क्योंकि इसमें आरक्षण नहीं मिलता और यह सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप नहीं है।

उन्होंने कहा, ह्यप्रधानमंत्री के लिए सार्वजनिक रोजगार में आरक्षण हमारे सामाजिक न्याय ढांचे की बुनियाद है, जिसका उद्देश्य अतीत में हुई असमानता को दूर करना और समावेश को बढ़ावा देना है।

सूत्रों ने कहा कि सरकार लैटरल एंट्री कार्यक्रम पर पुनर्विचार करेगी और पता लगाएगी कि विशेषज्ञों की नियुक्ति के लिए आरक्षण के प्रावधानों को इसमें किस तरह लागू किया जा सकता है। इस बारे में कोई भी निर्णय सभी पक्षों से परामर्श के बाद लिया जाएगा।

विपक्षी खेमे ह्यइंडियाह्णऔर सरकार में शामिल जनता दल यूनाइटेड तथा लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) जैसे सहयोगी दलों ने लैटरल एंट्री के जरिये भर्ती की आलोचना की थी। इसी के बाद पीएमओ ने मामले में हस्तक्षेप किया है। यूपीएससी ने शनिवार (17 अगस्त) को संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव पद पर लैटरल एंट्री के जरिये 45 भर्तियां करने की अधिसूचना जारी की थी। लैटरल एंट्री के जरिये सरकारी विभागों में विशेषज्ञों (निजी क्षेत्र से भी योग्य उम्मीदवारों को) को नियुक्त किया जाता है। आज शाम नोटिस जारी कर यूपीएससी ने कहा कि 17 अगस्त को विभिन्न विभागों में 45 पदों पर लैटरल एंट्री के जरिये भर्ती के संबंध में जारी विज्ञापन को अनुरोध करने वाले विभाग के कहने पर रद्द कर दिया गया है।

**इस बीच पटना में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने इस निर्णय का स्वागत किया और इसके लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया।**

कांग्रेस ने सरकार पर लैटरल एंट्री के माध्यम से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों का आरक्षण ह्यछीननेह्ण की कोशिश करने का आरोप लगाया था। उसने दावा किया कि कांग्रेस नेताओं मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी तथा इंडिया गठबंधन के अन्य दलों के नेताओं के मुखर विरोध के कारण केंद्र ने लैटरल एंट्री के जरिये भर्ती की योजना रद्द की है।

खरगे ने कहा, ह्यबजट में मध्यवर्ग के लिए दीर्घावधि पूंजी लाभ/इंडेक्शेसन का मामला हो या वक्फ विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) में भेजना या प्रसारण विधेयक को ठंडे बस्ते में डालना, यह सब जनता और विपक्ष की ताकत है, जो देश को मोदी सरकार से बचा रहा है।

यूपीएससी चेयरपर्सन को लिखे पत्र में सिंह ने कहा, ह्यइन पदों को विशिष्ट माना गया है और एकल-कैडर पद के रूप में निर्धारित किया गया है इसलिए इन नियुक्तियों में आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के लिहाज से इस पहलू की समीक्षा और सुधार की जरूरत है। सिंह ने कहा, ह्यइसलिए मैं यूपीएससी से लैटरल एंट्री के जरिये भर्ती के लिए 17 अगस्त को जारी विज्ञापन रद्द करने का आग्रह करता हूं।

मंत्री ने कहा कि 2005 में एम वीरप्पा मोइली की अध्यक्षता में गठित दूसरे प्रशासनिक सुधार आयोग ने लैटरल एंट्री के सिद्धांत का समर्थन किया था। उन्होंने कहा कि 2013 में छठे वेतन आयोग की सिफारिश भी उसी दिशा में थी। सिंह ने कहा, ह्यमगर इससे पहले और बाद में भी लैटरल एंट्री के कई बड़े मामले सामने आए हैं।

कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार के कार्यकाल का हवाला देते हुए सिंह ने कहा कि पिछली सरकारों ने मंत्रालयों में सचिव स्तर के पदों और भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के नेतृत्व जैसे महत्त्वपूर्ण पदों पर बिना किसी आरक्षण प्रक्रिया का पालन किए लैटरल एंट्री की अनुमति दी थी।

संप्रग सरकार के पहले कार्यकाल का एक अन्य हवाला देते हुए सिंह ने कहा, ह्ययह जगजाहिर है कि राष्ट्रीय सलाहकार परिषद के सदस्य एक सुपर-ब्यूरोक्रेसी चलाते थे जो पीएमओ को भी नियंत्रित करती थी।

सिंह ने अपने पत्र में सुझाव दिया कि राजग सरकार ने अपनी पूर्ववर्ती संपग्र सरकार के विपरीत लैटरल एंट्री की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने का प्रयास किया है। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री को पूरा विश्वास है कि लैटरल एंट्री की प्रक्रिया को हमारे संविधान में निहित समानता एवं सामाजिक न्याय के सिद्धांतों और विशेष रूप से आरक्षण के प्रावधानों के साथ जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय के प्रति संवैधानिक प्रावधानों को बरकरार रखना आवश्यक है ताकि हाशिये पर मौजूद समुदायों के योग्य उम्मीदवारों को सरकारी सेवाओं में उचित प्रतिनिधित्व मिल सके।

पटना में केंद्रीय मंत्री पासवान ने कहा कि केंद्र के इस फैसले से एससी, एसटी एवं ओबीसी के प्रति राजग सरकार का संकल्प जाहिर होता है। कांग्रेस महासचिव एवं संचार प्रभारी जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सिंह के पत्र को टैग किया और कहा कि संवैधानिक संस्था (यूपीएससी) को भेजा गया पीएमओ का पत्र बिना तारीख के है। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा रविवार एवं मंगलवार को एक्स पर जारी पोस्ट को टैग किया करते हुए कहा कि रील और रियल लाइफ के बीच यही अंतर है।

रविवार को जारी अपने पोस्ट में वैष्णव ने कहा था कि वरिष्ठ अफसरशाही में लैटरल एंट्री का कांग्रेस द्वारा की गई आलोचना उसके ह्यपाखंडह्ण को दशार्ती है क्योंकि मोइली के नेतृत्व में दूसरे एआरसी ने इसकी सिफारिश की थी। मगर लैटरल एंट्री को वापस लिए जाने के सरकार के फैसले के बाद वैष्णव ने मंगलवार को जारी पोस्ट में कहा, ह्यप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का हमेशा से सामाजिक न्याय में दृढ़ विश्वास रहा है। उनकी योजनाओं ने हमारे समाज के सबसे कमजोर वर्गों के कल्याण को बेहतर किया है।

# TCS ने स्टॉकहोम में शुरू किया नया पेस स्टूडियो, इनोवेशन को देगा बढ़ावा




टीसीएस पेस स्टूडियो किसी ऐसे इनक्यूबेटर के रूप में स्टार्टअप क्षेत्र का विकास करता है, जो समस्याओं का समाधान करता है और कारोबारी अवसर पैदा करता है।

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने आज स्टॉकहोम में पेस स्टूडियो शुरू करने का ऐलान किया, जो नॉर्डिक क्षेत्र के ग्राहकों को अपने नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र तक पहुंच प्रदान करेगा। यह इस आईटी सेवा क्षेत्र की कंपनी का चौथा अंतरराष्ट्रीय पेस स्टूडियो और नॉर्डिक क्षेत्र में पहलापेस स्टूडियो है।

टीसीएस पेस स्टूडियो किसी ऐसे इनक्यूबेटर के रूप में स्टार्टअप क्षेत्र का विकास करता है, जो समस्याओं का समाधान करता है और कारोबारी अवसर पैदा करता है। इस नेटवर्क में रियाद, सिडनी और लेटरकेनी (आयरलैंड) में तीन अन्य टीसीएस पेस स्टूडियो तथा टोक्यो, एम्सटर्डम, न्यूयॉर्क, पिट्सबर्ग, टोरंटो, लंदन और पेरिस में सात टीसीएस पेस पोर्ट शामिल हैं।

स्टॉकहोम का यह नया टीसीएस पेस स्टूडियो परामर्श, डिजाइन और कार्यान्वयन सहित नवाचार क्षमताएं प्रदान करेगा। यह कंपनी के क्षेत्रीय ग्राहकों को नई योजनाएं तलाशने, निर्मित करने, प्रदर्शित करने तथा अपने मॉडल और रणनीतियों को परिष्कृत करने में सक्षम करेगा। ट-ीसीएस का स्टॉकहोम का यह पेस स्टूडियो एपिसेंटर हाउस ऑफ इनोवेशन में स्थित है।

# सिर्फ इलेक्ट्रिक वाहनों से सामान भेजेगी आइकिया




कंपनी ने सबसे पहले 2019 में इलेक्ट्रिक वाहनों को डिलिवरी के काम में लगाया था। दुनिया भर में आइकिया का लक्ष्य जलवायु का ध्यान रखने वाली कंपनी बनना है।

घरेलू फर्नीचर क्षेत्र में स्वीडन की दिग्गज कंपनी आइकिया ने कहा है कि वह साल 2025 तक भारत में केवल इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) से डिलिवरी करने लगेगी। साल 2018 में भारतीय बाजार में प्रवेश करने वाली कंपनी फिलहाल हैदराबाद, बेंगलूरु और पुणे में ग्राहकों का सामान ईवी से पहुंचाती है। वहां इस्-ाकी पूरी डिलिवरी ईवी से ही होती है।

फिलहाल भारत में आइकिया की 88 प्रतिशत डिलिवरी इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल के जरिये की जाती हैं। कंपनी ने आज जारी एक बयान में बताया कि उसने हैदराबाद, बेंगलूरु, पुणे, मुंबई और गुजरात में लगभग 100 ईवी लगाए हैं।

आइकिया इंडिया की कंट्री कस्टमर फुलफिलमेंट मैनेजर साइबा सूरी ने बिजनेस स्टैंडर्ड को बताया ह्यइन इलेक्ट्रॉनिक वाहनों की मदद से ही हम जुलाई 2024 तक देश भर में ग्राहकों तक 90 फीसदी से ज्यादा सामान बिना उत्सर्जन के यानी बिना प्रदूषण फैलाए पहुंचा रहे हैं।

कंपनी ने सबसे पहले 2019 में इलेक्ट्रिक वाहनों को डिलिवरी के काम में लगाया था। दुनिया भर में आइकिया का लक्ष्य जलवायु का ध्यान रखने वाली कंपनी बनना है। वह 2030 तक पूरी मूल्य श्रृंखला में ग्रीनहाउस उत्सर्जन को आधा करने और साल 2050 तक उसे शुद्ध रूप से शून्य करने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

आइकिया अगले साल दिल्ली-एनसीआर में भी काम शुरू करने की योजना बना रही है, जहां शुरू से ही डिलिवरी ईवी पर ही की जाएंगी। आइकिया हैदराबाद में एक ही दिन में डिलिवरी की सुविधा शुरू कर रही है और आने वाले वर्ष में उसकी अपने सभी बाजारों में ऐसा करने की योजना है।

# वित्त आयोग के अध्यक्ष ने की सरकार के फैसले की आलोचना, कहा- सिस्टम को पहुंचेगा नुकसान

पानगड़िया ने कहा कि दोनों तरफ लोग हैं। पहले विशेषज्ञ, जो काम करने के लिए आवश्यक कौशल सीख सकते हैं और इसी तरह सरकार के भीतर सामान्य लोग जो विशेष कौशल सीख सकते हैं।

केंद्र सरकार के अनुरोध पर संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने लैटरल एंट्री के जरिये भर्ती के विज्ञापन रद्द करने के बाद 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पानगड़िया ने सरकार के इस कदम की आलोचना की है। पानगड़िया ने मंगलवार को कहा कि इससे प्रणाली को नुकसान पहुंचेगा और सिविल सेवा में सुधार के लिए वैकल्पिक रास्ता तलाशने की जरूरत है।

बिजनेस टुडे समिट में पानगड़िया ने कहा, ह्ययह अफसोसजनक है क्योंकि आपको अभी भी लोगों को सलाहकार के तौर पर लाने की जरूरत है, है न? प्रणाली को लैटरल एंट्री से भर्तियों के तौर पर सलाहकारों को लाना होगा, जहां वे सही मायने में निर्णय लेने की शक्ति के बिना विशेष सेवाओं की पूर्ति करेंगे।ह्ण

पानगड़िया की बातों पर 15वें वित्त आयोग के एनके सिंह ने भी सहमति जताई और कहा कि स्थायी सिविल सेवाओं की जरूरतों को तैयार करना चाहिए और यह भी सुनिश्चित होनी चाहिए कि स्थिरता खतरे में नहीं पड़े। सिंह ने कहा, ह्यहमें स्थायी सिविल सेवा क्यों चाहिए? यह अपने आप में अंत नहीं है। अंततः लोगों की जीवनशैली में सुधार होना चाहिए और भारत को विकास पथ अग्रसर होना चाहिए।ह्ण उन्होंने कहा कि स्थायी सिविल सेवाओं में बदलाव इसे शुरू करने से, नवोन्मेष से और प्रौद्योगिकी के अनुकूल तरीकों तथा प्रणालियों को अपनाकर लाया जाना चाहिए। पानगड़िया ने कहा कि दोनों तरफ लोग हैं। पहले विशेषज्ञ, जो काम करने के लिए आवश्यक कौशल सीख सकते हैं और इसी तरह सरकार के भीतर सामान्य लोग जो विशेष कौशल सीख सकते हैं।

शासन सुधारों की आवश्यकताओं पर जोर देते हुए पानगड़िया ने कहा कि सरकार लैटरल एंट्री के जरिये भर्तियों पर ज्यादा तेजी से काम नहीं कर रही है और हाल ही में जारी किए गए विज्ञापन में संयुक्त और उप सचिव के पदों पर गैर अफसरशाह को लाने का दूसरी बार प्रयास किया गया है।

पानगड़िया ने कहा, हमें कहीं न कहीं शासन सुधारों की जरूरत है। इसे शुरू करना होगा। लैटरल एंट्री के तौर पर सन- 1954 में वित्त मंत्रालय में आर्थिक सलाहकार बने आईजी पटेल का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा, ह्यऐसी (लैटरल एंट्री) भर्तियां काफी वर्षों तक कांग्रेस के कार्यकाल में हुईं। इसलिए आज की कांग्रेस पहले वाली कांग्रेस के मुकाबले काफी अलग है।

## महंगाई में एक बार गिरावट आने पर दर में कटौती संभव नहीं: RBकगवर्नर शक्तिकांत दास

रिजर्व बैंक की छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति ने फरवरी 2023 से नीतिगत रीपो दर को 6.5 फीसदी पर अपरिवर्तित रखा है।

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने जुलाई में हेडलाइन यानी समग्र मुद्रास्फीति के लक्ष्य से नीचे आने के कारण नीतिगत रीपो दर में कटौती की संभावना से इनकार किया है। उच्च बेस इफेक्ट के कारण समग्र मुद्रास्फीति में यह गिरावट दिखी है।



टेलीविजन चैनल एनडीटीवी प्रॉफिट से बातचीत में दास ने कहा कि एक बार की गिरावट पर प्रतिक्रिया देना गलती होगी। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक को एक टिकाऊ आधार पर मुद्रास्फीति के 4 फीसदी के लक्ष्य तक गिरने का इंतजार करना चाहिए। दास ने कहा, ह्यहम मुद्रास्फीति को टिकाऊ रूप से लक्ष्य के अनुरूप बनाए रखने की बात कर रहे हैं। इसका मतलब साफ है कि उसे 4 फीसदी के आसपास होना चाहिए। साथ ही ऐसा केवल एक बार ही नहीं दिखना चाहिए। जुलाई में मुद्रास्फीति 3.5 फीसदी थी। मगर इसका मतलब यह नहीं है कि समस्या खत्म हो गई है।

उन्होंने कहा, ह्यइसकी मुख्य वजह आधार प्रभाव थी। मगर हमारा मानना है कि इसे 4 फीसदी के आसपास होना चाहिए और हमें उसकी स्थिरता के बारे में आश्वस्त होना चाहिए। एक बार की घटना पर प्रतिक्रिया देना बड़ी नीतिगत गलती होगी। रिजर्व बैंक की छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति ने फरवरी 2023 से नीतिगत रीपो दर को 6.5 फीसदी पर अपरिवर्तित रखा है। केंद्रीय बैंक ने खाद्य मुद्रास्फीति में तेजी को देखते हुए अपने रुख को नरम करने से इनकार कर दिया है। दास ने कहा, ह्यहमें धैर्य रखना होगा। अभी कुछ दूरी तय करना बाकी है।

दास ने कहा, ह्यहमें मुद्रास्फीति को नीचे लाने की जरूरत है। अगर हम सब्जियों के दाम अथवा खाद्य वस्तुओं की कीमतों को हटाकर देखते हैं तो आम लोगों के लिए वह भरोसेमंद नहीं होगा। इसलिए समग्र मुद्रास्फीति का एक अहम हिस्सा खाद्य मुद्रास्फीति है।

दास ने कहा, ह्यफिलहाल हमें पूरा भरोसा है कि मुद्रास्फीति में गिरावट आ रही है और यह 4 फीसदी के लक्ष्य तक आ जाएगी। इसके बावजूद, हमारा अनुमान है कि अनिश्चितताओं के कारण चालू वित्त वर्ष में औसत मुद्रास्फीति 4.5 फीसदी रहेगी।

उन्होंने आरबीआई के एक वर्ष से अधिक समय से सख्त रुख के कारण वृद्धि की रफ्तार में किसी भी तरह की कमी की आशंका से इनकार किया।

## फ्लटर एंटरटेनमेंट का हैदराबाद में जीसीसी, 35 लाख करोड़ डॉलर का किया निवेश

हैदराबाद में 80,000 वर्ग फुट के इस जीसीसी में 700 से ज्यादा कर्मचारी होंगे और डेटा इंजीनियरिंग, गेम इंटीग्रिटी तथा अन्य प्रमुख कार्यों पर ध्यान केंद्रित करेगा।

वैश्विक ऑनलाइन स्पोर्ट्स बेटिंग और आईगेमिंग कंपनी फ्लटर एंटरटेनमेंट ने आज हैदराबाद में 35 लाख करोड़ डॉलर के निवेश के साथ एक नया वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) खोला। हैदराबाद में 80,000 वर्ग फुट के इस जीसीसी में 700 से ज्यादा कर्मचारी होंगे और डेटा इंजीनियरिंग, गेम इंटीग्रिटी तथा अन्य प्रमुख कार्यों पर ध्यान केंद्रित करेगा। कंपनी साल 2024



तक अपने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाकर 900 तक करने और साल 2026 तक 40 प्रतिशत महिला नेतृत्व स्तर हासिल करने की भी योजना बना रह है। फ्लटर एंटरटेनमेंट के मुख्य परिचालन अधिकारी फिल बिशप ने कहा ह्यभारत में हमारा विस्तार फ्लटर की वृद्धि में बहुत बड़ी उपलब्धि का संकेत है और यह वैश्विक स्तर पर कारोबार विकास को बढ़ावा देने के लिए शीर्ष प्रतिभाओं में निवेश करने की हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ता है। डेटा इंजीनियरिंग, गेम की एकीकृत सेवाओं, ग्राहक और मानव संसाधन परिचालन, खरीद और वित्त के लिए उत्कृष्टता केंद्रों और फ्लटर एज की शक्ति के जरिये हैदराबाद वाले इस जीसीसी को रचनात्मकता और विकास को बढ़ावा देने तथा भारतीय रोजगार और कौशल बाजार में अपनी मौजूदगी को मजबूत करने के लिए तैयार किया गया है।

कंपनी ने कहा कि हैदराबाद से बाहर स्थित टीमें पैडी पावर, सिसल, स्काई बेटिंग ऐंड गेमिंग, पोकरस्टार्स, स्पोर्ट्सबेट और बेटफेयर जैसे ब्रांडों में वैश्विक स्तर पर इसकी वृद्धि में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।